Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24

website- www.dvpnews.in

रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 254 ● वर्ष : 11 ● रायपुर, शुक्रवार 05 अप्रैल 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

सुविचार

प्रतिभा अपना कर्म स्वयं निर्धारित करती है।

Talant evaluate his path at his own.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

संक्षिप्त समाचार

सीएम भगवंत मान जेल में केजरीवाल से मिल सकेंगे, तिहाड़ जेल प्रशासन ने दी अनुमति

नई दिल्ली (आरएनएस)। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को तिहाड़ जेल प्रशासन ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मिलने की इजाजत दे दी है। तिहाड़ जेल के अधिकारियों ने कहा है कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान जेल में बंद दिल्ली के सीएम केजरीवाल से एक सामान्य व्यक्ति के तौर पर मुलाकात जंगला में ही मिल सकते हैं। भगवंत मान ने एक दिन पहले तिहाड़ जेल के अधिकारियों को पत्र लिखकर केजरीवाल से मिलने की अनुमति मांगी थी। 'मुलाकात जंगला' लोहे की एक जाली होती है जो जेल के अंदर एक कमरे में कैदी को मुलाकातियों से अलग करती है।

नौसेना ने नौ समुद्री लुटेरों को मुंबई पुलिस के हवाले किया

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय नौसेना ने सोमालिया के पूर्व में समुद्र में एक अभियान के दौरान पकड़े गये नौ समुद्री लुटेरों को गुरुवार को मुंबई पुलिस के हवाले कर दिया। इन समुद्री लुटेरों ने 23 पाकिस्तानी चालक दल वाली एक मछली पकड़ने वाली नौका का अपहरण कर लिया था जिसके बाद नौसेना ने नौका को बचाने के लिए एक अभियान चलाया था। समुद्री डकैती में शामिल सभी नौ समुद्री लुटेरे भारत में आगे पारगमन के लिए पकड़े गए थे।

राजनांदगांव लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय ने दाखिल किया नामांकन

मोदी पर लाठी, छत्तीसगढ़ की जनता पर लाठी चलाने जैसा : विष्णुदेव साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा सहित नामांकन में शामिल हुए कई नेता

रायपुर/राजनांदगांव (विश्व परिवार)। राजनांदगाँव लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मौजूदगी में विधिवत रूप से नामांकन पर्चा दाखिल किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री समेत प्रदेश सरकार के दोनों उप मुख्यमंत्री अरूण साव और विजय शर्मा के अलावा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरणदेव भी उपस्थित रहे। पर्चा जमा करने के दौरान पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश एच. लाल और कवर्धा के पूर्व विधायक अशोक साहू भी मौजूद थे।

कलेक्टोरेट परिसर में मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रत्याशी संतोष पांडे के स्पष्ट जीत को लेकर उत्साह के साथ जवाब दिया। उन्होंने कहा कि नामांकन दाखिल की प्रक्रिया पूरी हो गई। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव लोकसभा से भाजपा की प्रचंड जीत सुनिश्चित है। इससे पहले भाजपा के कई दिग्गज नेता कलेक्टोरेट परिसर में पहुंचे।

आज एक बार फिर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजनांदगांव में कांग्रेस को अपने सर पर लाठी मारने की चुनौती दी और कहा कि चरणदास महंत और कांग्रेस का मोदी जी के सर पर लाठी मारने की बात कहना वास्तव में छत्तीसगढ़ की जनता के सर पर लाठी मरने जैसा है।

मुख्यमंत्री साय ने गरजते हुए कहा कि कांग्रेस मे हिम्मत है तो वो उनके सर पर पहली लाठी मारे। मुख्यमंत्री ने जनता से ही सवाल करते हुए पूछा कि देश के प्रधानमंत्री जो 140 करोड़ भारत वासियों के लिए चौबीस घंटे काम कर रहे हैं उनके लिए कांग्रेस का ऐसा बोलना क्या शोभा देता है? मुख्यमंत्री ने कहा कि आज ये कांग्रेसी हमारे मोदी जी को फिर गाली दे रहे हैं। कभी इन्होने उन्हें चौकीदार चोर है कहा तो कभी मौत का सौदागर कहा। अब चरणदास महंत कह रहे हैं कि भूपेश बघेल और देवेन्द्र यादव मोदी जी को लाठी से मार सकते हैं।

मुख्यमंत्री साय ने कहा की कांग्रेस के राज में कोयले में 25 रूपए टन भूपेश टैक्स लगता था। शराब के दो काउंटर थे एक सरकार के पास और दूसरा सोनिया-राहुल के पास था। पूरी कांग्रेस शराब के पैसे से चलती थी। भूपेश बघेल ने तो देवों के देव महादेव को भी नहीं छोड़ा और महादेव एप के नाम से सट्टा कारोबार को संरक्षण दे कर प्रदेश के युवाओं और माता-बहनों को सट्टे की लत लगवाने का नैतिक अपराध किया। आज गूगल में भी 508 का मतलब महादेव सट्टा एप में भूपेश के कारनामे बताता है। मुख्यमंत्री ने कहा की डीएमएफ से लेकर नरवा, घुरवा, बाड़ी तक भ्रष्टाचार किया गया। भूपेश सरकार गोबर तक खा गई। यही कारण है की आज बघेल सरकार के नेता और अधिकारी जेल की हवा खा रहे हैं।

विष्णुदेव साय ने कहा कि आज 3 महीने 20 दिन उनकी सरकार को हुए हैं। उनकी सरकार ने मोदी की गारंटी के बड़े बड़े वादे पूरे किये हैं। शपथ लेने के दूसरे ही दिन 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति उन्होंने दी। 12 लाख किसानों का 2 साल का बकाया बोनस दिया। पीएससी घोटाले की जांच सीबीआई को सौंपा और 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीद कर 3100 रूपए क्विंटल धान की कीमत दी। श्री साय ने कहा की न केवल समर्थन मूल्य के अंतर की राशि एकमुश्त उनकी सरकार ने किसानों के खाते में ट्रान्सफर किये वरन महिना शक्ति के लिए लागू उनकी योजना महतारी वंदन के दुसरे महीने की राशि भी उनके खातों में ट्रान्सफर कर दी है। श्री साय ने श्री रामलला दर्शन योजना की याद दिलाते हुए जनता से कहा की उनकी सरकार राम भक्तों को भांचा राम से मिलाने का काम कर रही है। सब काम सांय सांय हो रहा है, यही कारण है की जनता कांग्रेस को बाय बाय कह रही है।

आज का भारत दुश्मनों को घर में घुसकर मारता है : नरेन्द्र मोदी

प्रधानमंत्री ने जमुई के खैरा से बिहार में चुनावी प्रचार का किया आगाज

जमुई (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को जमुई के खैरा से बिहार में चुनावी प्रचार का आगाज किया। इस दौरान उन्होंने जहां विपक्ष पर जमकर निशाना साधा, वहीं विश्व में भारत की बढ़ती साख पर कहा कि आज का भारत बदल गया है, वह दुश्मनों को घर में घुस कर मारता है।

उन्होंने विकास को लेकर किए गए कार्यों को लेकर कहा कि मोदी की सोच अलग है। उन्होंने कहा कि 10 साल में किया गया काम तो ट्रेलर है, अभी तो बहुत कुछ करना है। जमुई लोकसभा के खैरा में बल्लोपुर मैदान में आयोजित एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज देश बदल रहा है और बिहार इसका साक्षी है। जमुई की पहचान नक्सलवाद के लिए होती थी।

उन्होंने कहा कि आपका सपना ही मेरा संकल्प है। बिहार को आगे ले जाना ही मोदी की गारंटी है। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि घमण्डिया गठबन्धन बिहार का भला नहीं कर सकता। प्रधानमंत्री ने बिना किसी का नाम लिए लालू प्रसाद को लैंड फ़ॉर जॉब के मामले में घेरते हुए कहा कि जो लोग रेलवे में भर्ती के नाम पर गरीब युवाओं से जमीन लिखवा लें, वह बिहार का भला नहीं कर सकते। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तारीफ करते हुए कहा कि नीतीश कुमार भी रेल मंत्री थे लेकिन आज तक कोई शिकायत नहीं आई। पहले खस्ताहाल ट्रेनें चलती थी, लेकिन आज वंदे भारत चल रही है। आज भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। चंद्रमा के जिस कोने पर कोई नहीं पहुंचा था, वहां हमारा चंद्रयान और तिरंगा पहुंच गया। भारत जब जी20 की बैठक करता है तो उसकी चर्चा पूरे विश्व में होती है। यह मोदी ने नहीं, ये आपने किया है। आपके एक वोट से यह सब हो पाया है। यही आपके वोट की ताकत है, इसलिए इस सफलता की हकदार जनता है।

पीएम मोदी ने जोर देकर कहा कि 10 साल पहले दुनिया में भारत को लेकर क्या राय होती थी, आप सब जानते हैं। कांग्रेस राज में भारत को गरीब और कमजोर देश माना जाता था। उन्होंने पाकिस्तान की ओर इशारा करते हुए कहा कि आज जो देश आटे के लिए तरस रहा है उसके आतंकी हमारे यहां हमले करते थे। कांग्रेस सरकार दूसरे देशों के पास इसकी शिकायत लेकर जाती थी। लेकिन, मोदी ने कहा कि ऐसे नहीं चलेगा। पीएम मोदी ने कहा कि भारत महान पाटलिपुत्र और मगध वाला देश है। यह चंद्रगुप्त मौर्य वाला भारत है। आज का भारत घर में घुसकर मारता है। इस जनसभा में प्रधानमंत्री ने स्वर्गीय रामविलास पासवान को भी याद किया।

प्रधानमंत्री आज पहुंचेंगे जबलपुर, प्रचार अभियान का करेंगे आगाज

जबलपुर (आरएनएस)। लोकसभा चुनाव को लेकर मध्य प्रदेश में तैयारियां तेज हो गई है। यहां पहले चरण में 6 लोकसभा सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होना है। वहीं बीजेपी ने भी कमर कसते हुए चुनाव प्रचार अभियान तेज कर दिया है। इस बीच पहले चरण में अब पीएम नरेंद्र मोदी भी एमपी प्रचार की कमान संभालेंगे। प्रधानमंत्री मोदी 7 अप्रैल को जबलपुर से चुनाव प्रचार अभियान का आगाज करेंगे। बता दें कि 7 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जबलपुर आगमन होने जा रहा है, पीएम के दौरे को लेकर तैयारियां युद्ध स्तर पर चालू कर दी गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 7 अप्रैल को शाम 5:50 पर ढूंढना एयरपोर्ट पर उतरेंगे, उसके बाद सीधे वहां से उनका काफिला बड़ा फुवारा पहुंचेगा और वहां से प्रधानमंत्री का रोड शो शुरू होकर मिलौनीगंज पर खत्म होगा। प्रधानमंत्री अपना करीब ढाई किलामीटर का रोड शो खत्म करने के बाद झूमना एयरपोर्ट पहुंचेंगे वहां से सीधे दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे। प्रधानमंत्री के इस दौरे के पहले आज बीजेपी के संभागीय कार्यालय में एक बड़ी बैठक आयोजित की गई।

मथुरा से भाजपा उम्मीदवार हेमा मालिनी ने भरा पर्चा

मथुरा (एजेंसी)। लोकसभा इलेक्शन की पहले चरण की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही हैं, चुनावी सरगर्मियों में तेजी देखी जा रही है. तमाम सियासी पार्टियां अपनी-अपनी तैयारियों में जुट गई हैं. ड्रीम गर्ल के नाम से मशहूर दो बार से भाजपा की सांसद हेमा मालिनी ने गुरुवार को मथुरा लोक सभा सीट से अपना नामांकन किया। उनके साथ यूपी सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह मौजूद रहे।

भाजपा ने तीसरी बार हेमा मालिनी पर दांव लगाया है। जिलाधिकारी ने उनका नामांकन करवाया है। यहां 26 अप्रैल को मतदान होना है और नामांकन भरने की अंतिम तिथि आज यानि गुरुवार है। यहां सीएम योगी आदित्यनाथ भी आने वाले हैं। वो मथुरा पहुंच एक जनसभा को संबोधित करेंगे। वह दूसरी बार भाजपा प्रत्याशी हेमा मालिनी के समर्थन में चुनावी जनसभा करने आ रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी ने 27 मार्च को श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर दर्शन कर अपने चुनावी प्रचार अभियान की शुरुआत की थी। वहीं, कांग्रेस ने मथुरा लोकसभा सीट पर मुकेश धनगर को उम्मीदवार घोषित किया है।

इस बार चुनाव में सपा का सूपड़ा करना है साफ : शाह

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा- यूपी से 2017 के बाद गुंडे कर रहे है पलायन

मुजफ्फरनगर (आरएनएस)। रैली के मंच से बोलेते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि इस बार चुनाव में सपा का सूपड़ा साफ करना है। इसी भूमि से चौधरी चरण सिंह ने किसानों की आवाज उठाने का काम किया। भाजपा सरकार ने गरीब कल्याण के कार्य किए। गन्ने के दाम बढ़ाए। गृह मंत्री अमित शाह ने भाजपा से प्रत्याशी संजीव बालियान केा भारी मतों से जिताकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों केा मजबूत करने की अपील की।

शाहपुर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने सभा स्थल के मंच पर पहुंचकर जनता का अभिवादन किया। अमित शाह ने कहा कि यह चुनाव मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। उन्होंने चौधरी चरण सिंह को याद करते हुए कहा कि उन्होंने इसी जमीन से किसानों की आवाज उठाने का काम किया। मोदी सरकार किसानों के लिए काम कर रही है। गन्ने का भाव 340 रुपये करने के साथ भुगतान की व्यवस्था सरकार ने की है। दो लाख करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया गया। गृह मंत्री अमित शाह ने भाजपा सरकार से पहले के कार्यकाल का जिक्र करते हुए कहा, मैं 2014 में बीजेपी का प्रभारी था तब कैराना और मुजफ्फरनगर से पलायन चालू हो गया था लेकिन इसके बाद आपने केंद्र और फिर राज्य में बीजेपी की सरकार बनाई और योगी सरकार ने गुंडों का आतंक खत्म कर पलायन रोक दिया। योगी सरकार की तारीफ करते हुए अमित शाह ने कहा, अब यूपी से निर्दोष नागरिकों की जगह गुंडे पलायन करने लगे हैं। योगी आदित्यनाथ की सरकार ने यह काम किया है। मोदी सरकार की तारीफ करते हुए गृहमंत्री शाह ने कहा, गरीबों और किसानों के उत्थानों के लिए लगातार कार्य किये गये गुड़ और गन्ने के लिए राष्ट्रीय नीति बनाकर बदलाव किये गये। विपक्ष पर निशाना साधते हुए अमित शाह ने कहा, बसपा के राज में यूपी में 19 चीनी मिलें बंद हुईं. वहीं, अखिलेश के राज में 10 मिलें बंद हुईं. लेकिन बीजेपी के राज में 20 से ज्यादा चीनी मिलें चालू कराई गईं। इतना ही नहीं 5 नई मिलें चालू भी शुरू की गईं. पहले एथेनॉल को पेट्रोल में नहीं मिलाया जाता था लेकिन अब बीजेपी सरकार आने के बाद ऐसा होने लगा है। इससे किसानों की आय बढ़ गई है। अमित शाह ने लोगों से पूछा, यह कश्मीर हमारा है या नहीं है? धारा 370 हटनी चाहिए थी या नहीं हटनी चाहिए थी? उन्होंने आगे कहा, ये कांग्रेस वाले 50 साल से धारा 370 को संभालकर बैठे थे.

जग्गी हत्याकांड के 28 अरोपियों की उम्रकैद की सजा बरकरार

रायपुर (आरएनएस)। प्रदेश की राजनीति की दशा और दिशा बदलने वाले एनसीपी नेता रामावतार जग्गी हत्याकांड में हाईकोर्ट का फैसला आ गया। हाईकोर्ट ने जग्गी हत्याकांड के आरोपियों की अपील खारिज करते हुए 28 आरोपियों की उम्र कैद की सजा बरकरार रखा है।

हाईकोर्ट चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस अरविंद वर्मा डिवीजन बेंच ने आजीवन कारावास की सजा को बरकरार रखा है। आजीवन कारावास की सजा पाने वालों में दो तत्कालीन सीएसपी और एक तत्कालीन थाना प्रभारी के अलावा अमन गोयल और शूटर चिमन सिंह समेत 28 आरोपियों की उम्र कैद की सजा बरकरार रखा हैं।

बता दें कि 4 जून 2003 को एनसीपी नेता की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में 31 अभियुक्त बनाए गए थे, जिनमें से दो बल्टू पाठक और सुरेंद्र सिंह सरकारी गवाह बन गए थे और एक अमित जोगी को छोड़कर बाकी 28 लोगों को सजा दी गई थी, जिसके बाद आरोपियों ने हाईकोर्ट में अपील दायर कर निचली अदालत के फैसले को चुनौती दी थी। हाईकोर्ट के दोषियों की अपील को खारिज किए जाने के बाद रामवतार जग्गी के बेटे सतीश जग्गी ने कहा कि मुझे न्यायपालिका पर भरोसा था। सभी अभियुक्तों को सजा सुनाई गई। हमारा परिवार शुरू से कहता रहा कि यह राजनतिक षड़यंत्र था।

गौरतलब हैं कि रामावतार जग्गी एनसीपी के नेता थे। वह पूर्व दिवंगत केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल के बेहद करीबी नेता थे। उनकी हत्या मौदहापारा थाने के पास की गई थी। इस हत्याकांड में पूर्व दिवंगत सीएम अजीत जोगी के बेटे अमित जोगी को भी आरोपी बनाया गया था लेकिन उन्हें बाद में रिहा कर दिया गया था।

ममता बनर्जी ने कहा- एक राष्ट्र, एक राजनीतिक दल बीजेपी का एजेंडा है

कोलकाता (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि बीजेपी एक देश एक चुनाव के नाम पर एक देश और एक राजनीतिक दल की अपनी अवधारणा को मूर्त रूप देने का प्रयास कर रही है। दरअसल, उन्होंने यह बात कूचबिहार जिले में पीएम मोदी की रैली से पहले एक जनसभा में कही। उन्होंने कहा, बीजेपी एक देश और एक राजनीतिक दल की अपनी अवधारणा को मूर्त रूप देने का प्रयास कर रही है। यह बीजेपी का एकमात्र मकसद और नीति है। सीएम बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम लिए बगैर कहा कि आज आप देखेंगे कि कोई अपने आंसू बहाएगा। आप उनसे जरा 11 लाख लाभार्थियों के भाग्य के बारे में पूछें, जिनकी सूची यहां से केंद्र सरकार के पास भेजी गई।

केरल भाजपा प्रमुख के. सुरेंद्रन ने वायनाड लोकसभा सीट से दाखिल किया नामांकन, वायनाड में स्मृति ईरानी के साथ किया रोड शो

वायनाड (एएनआई)। केरल भाजपा प्रमुख के सुरेंद्रन ने गुरुवार को वायनाड लोकसभा सीट से आगामी आम चुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल किया, जिसके लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) की उम्मीदवार एनी राजा ने भी अपना नामांकन दाखिल कर दिया है. लोकसभा सीट के लिए आज अपना नामांकन दाखिल करने जाते समय, भाजपा के राज्य प्रमुख ने वायनाड में एक मेगा रोड शो किया जिसमें केंद्रीय मंत्री और पार्टी नेता स्मृति ईरानी ने भाग लिया।

स्मृति ईरानी ने 2019 के विधानसभा चुनाव में राहुल गांधी को उस अमेठी से हराया था, जिसे कभी कांग्रेस का गढ़ माना जाता था। हालाँकि, राहुल गांधी अपनी दूसरी सीट वायनाड से जीतकर अपनी लोकसभा सदस्यता बरकरार रखने में कामयाब रहे। इससे पहले, केरल भाजपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि एक सांसद के रूप में राहुल गांधी बड़ी विफलता हैं और उन्होंने वायनाड के लोगों के लिए काम नहीं किया है।

एक सांसद के रूप में, राहुल एक बड़ी विफलता हैं। उन्होंने वायनाड के लोगों के लिए काम नहीं किया है। वायनाड के लोग उनसे व्यक्तिगत रूप से मिल भी नहीं पाए। लोग इतने समझदार हैं कि उन्हें इसका एहसास है। इस तरह का सीएए विरोधी प्रदर्शन विरोध अब नहीं देखा जा रहा है। ऐसा इसलिए है क्योंकि मुस्लिम समुदाय ने तथ्यों को समझना शुरू कर दिया है। केरल के सीएम को समझना चाहिए कि धार्मिक अल्पसंख्यक सिर्फ वोट बैंक नहीं हैं, सुरेंद्रन ने कहा। भाजपा ने वायनाड में गांधी परिवार के उत्तराधिकारी को कड़ी टक्कर देने के प्रयास में सुरेंद्रन को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतारा है। केरल, उन कुछ राज्यों में से एक है जहां कांग्रेस की अभी भी मजबूत उपस्थिति है, लोकसभा में 20 सांसद भेजता है। 2019 के लोकसभा चुनावों में, राहुल गांधी ने एलडीएफ उम्मीदवार पीपी सुनीर को हराकर वायनाड से 4.31 लाख से अधिक वोटों के भारी अंतर से जीत हासिल की। एनडीए ने बीडीजे (एस) नेता तुषार वेल्लापल्ली को मैदान में उतारा था, जिन्होंने लगभग 78,000 वोट हासिल किए। पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) ने केरल की 20 में से 19 सीटें जीती थीं।

कांग्रेस संसदीय दल की चेयरपर्सन सोनिया गांधी बनीं राज्यसभा सांसद

सोनिया के अलावा केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव व 14 अन्य व्यक्तियों ने राज्यसभा सांसद की शपथ ली

नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस संसदीय दल की चेयरपर्सन सोनिया गांधी ने गुरुवार को बतौर राज्यसभा सांसद शपथ ली। सोनिया गांधी राजस्थान से राज्यसभा के लिए चुनी गई हैं। गौरतलब है कि सोनिया गांधी लगातार लोकसभा चुनाव लड़कर संसद पहुंचती रही हैं। लेकिन, यह पहला अवसर है, जब वह राज्यसभा सांसद के तौर पर संसद में नजर आएंगी।

गुरुवार को सोनिया गांधी के अलावा केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव व 14 अन्य व्यक्तियों ने राज्यसभा सांसद की शपथ ली। अश्विनी वैष्णव ने ओडिशा से राज्यसभा सांसद के तौर पर शपथ ली, कर्नाटक से कांग्रेस के अजय माकन, उत्तर प्रदेश से भाजपा के आरपीएन सिंह व पश्चिम बंगाल से समिक भट्टाचार्य शपथ लेने वाले सांसदों में शामिल रहे।

गुरुवार को हुए राज्यसभा सांसदों के शपथ ग्रहण समारोह में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सभी नेताओं को शपथ दिलाई।

सोनिया गांधी राज्यसभा के लिए राजस्थान से निर्विरोध चुनी गई हैं। वह 1999 से लगातार लोकसभा चुनाव जीतती आ रही थीं। सोनिया गांधी 1999 में उत्तर प्रदेश के अमेठी संसदीय क्षेत्र से जीतकर लोकसभा पहुंचीं थीं। इसके बाद सोनिया ने अपनी सास और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के चुनावी क्षेत्र रह चुके रायबरेली सीट को अपने संसदीय क्षेत्र के रूप में चुना। वह यहां से 2004, 2009, 2014 और 2019 में चुनाव लड़कर लोकसभा पहुंची थी।

अब लगभग 57 साल बाद यह पहला अवसर है, जब नेहरू-गांधी परिवार का कोई सदस्य राज्यसभा जा रहा है। सोनिया गांधी से पहले पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी व उमा नेहरू राज्यसभा पहुंची थीं।

एक ओर जहां सोनिया गांधी की राज्यसभा में एंट्री हो रही है, वहीं दूसरी और कांग्रेस नेता व पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह 3 अप्रैल को राज्यसभा से रिटायर हो गए। दो बार देश के प्रधानमंत्री रहे 91 वर्षीय मनमोहन सिंह के लिए बतौर सांसद यह आखिरी पारी थी।

मनमोहन सिंह लगभग 33 वर्ष तक राज्यसभा के सांसद रहे। उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था में नई वित्तीय व प्रशासनिक सुधारों की शुरुआत की। वर्ष 1991 में वह पहली बार राज्यसभा के सदस्य बने थे। उसी साल वह 1991 से 1996 तक तत्कालीन नरसिम्हा राव सरकार में वित्त मंत्री और 2004 से 2014 तक भारत के प्रधानमंत्री रहे।

दैनिक
विश्व परिवार
रायपुर/दुर्ग-भिलाई/बलौदाबाजार
रायपुर, शुक्रवार 05 अप्रैल 2024
www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com

संक्षिप्त समाचार

अब तक 3 सौ शिक्षकों ने 48 हजार से अधिक कापियों का किया मूल्यांकन

बलौदाबाजार (विश्व परिवार)। कलेक्टर के एल चौहान ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर अंतर्गत हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन कार्य की समीक्षा की है। बैठक में श्री चौहान ने 10 अप्रैल तक का समय निर्धारित करते हुए मूल्यांकन कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में चुनाव की गतिविधियां और अधिक बढ़ जाएगी। अत: हमें दिए गए समय सीमा के पूर्व ही कार्य को पूर्ण कर लेना चाहिए। इसके साथ ही उन्होने गुणवत्ता युक्त मूल्यांकन सुनिश्चित करने के निर्देश संबधित अधिकारियों को दिए है। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती ने बताया कि शिक्षको का चुनाव संबधित ट्रेनिग की वजह से मूल्यांकन कार्य थोड़ी धीमी हुई है फिर भी समय सीमा के भीतर कार्य को पूर्ण कर लिया जाएगा। आज दिनांक तक हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के मूल्यांकन कार्य में लगभग 3 सौ शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। जिसके द्वारा 48 हजार 280 कापियों का मूल्यांकन कार्य पूर्ण किया जा चुका है। उक्त बैठक में मूल्यांकन अधिकारी, केंद्र प्रभारी सहित शिक्षा विभाग के आला अधिकारी गण उपस्थित रहे।

विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान निर्वाचन कार्य हेतु अधिग्रहित वाहनों की राशि प्राप्त करने आवेदन आमंत्रित

बलौदाबाजार (विश्व परिवार)। कलेक्टर के एल चौहान निर्देश पर विधान सभा निर्वाचन 2023 के दौरान निर्वाचन कार्य हेतु अधिग्रहित वाहनों के ऐसे मालिक जिन्होनें अपना वाहन किराया प्राप्त नहीं किये है। वे एक सप्ताह के भीतर कार्यालयीन समय में वाहन से संबंधित आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर वाहन किराया की राशि जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त कर सकते है तथा उक्त अवधि के उपरांत प्राप्त दावों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा एवं अवितरित राशि शासन को समर्पित कर दिया जायेगा। तत्पश्चात संबंधित वाहन मालिक को वाहन किराया राशि का भुगतान नहीं होने की स्थिति में इस कार्यालय की कोई जवाबदारी नहीं होगी।

बुलेट में मोडिफाईड साइलेंसर लगाकर फटाका फोड़ना पड़ा भारी, कटा 3500 रुपए का चालान

दुर्ग (आरएनएस)। अपनी बुलेट बाईक का साइलेंसर मोडिफाई करवाकर ध्वनि प्रदुषण करने वाले एक युवक पर यातायात पुलिस ने काग्रवाही करते हुए 3500 रूपये का चालान काटा है साथ ही बाईक का साईलेंसर भी जब्त किया है। बता दें कि पुलिस अधीक्षक दुर्ग जितेन्द्र शुक्ला के निर्देश पर एवं उप पुलिस अधीक्षक, यातायात सतीष ठाकुर एवं सदानंद विन्धराज के नेतृत्व में यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा आम नागरिको के लिए यातायात से संबंधित शिकायत एवं सुझाव संबंधित हेल्पलाईन नंबर जारी किया गया है।

तृतीय लिंग के मतदाताओं ने सेल्फी लेकर शत-प्रतिशत मतदान के लिए आम लोगों को किया जागरूक, फर्स्ट टाइम वोटर हुए सम्मानित

लोकसभा निर्वाचन 2024 : शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने लगातार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हो रहा है आयोजन

बलौदाबाजार (विश्व परिवार)। जिले में मतदान जागरूकता के लिए शहर से लेकर गांव तक सघन अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें नागरिकों की जनसहभागिता व्यापक तौर पर रही है। लोकतंत्र के इस उत्सव में शामिल होने एवं मतदान करने का संदेश दिया गया। इसके तहत आज भाटापारा नगर में तृतीय लिंग मतदाताओं ने सेल्फी लेकर शत प्रतिशत मतदान के लिए आम लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही रंगोली, भाषण, नुक्कड़, नाटक के माध्यम से जिले में शत् प्रतिशत मतदान हेतु आमजनों को संदेश दिए। इस अवसर पर तृतीय लिंग के मतदाता एवं फर्स्ट टाइम युवा वोटरों का सम्मान भी किया गया। तृतीय लिंग एवं बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए कलेक्टर के.एल.चौहान कार्यक्रम शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान करना न केवल हमारा अधिकार है बल्कि हमारा कर्तव्य भी है। आप सभी अपने घरो प्रत्येक सदस्यों को मतदान करने के लिए अवश्य बोले भारत एक लोकतांत्रिक देश है जिसमें जनता के द्वारा ही जनप्रतिनिधियों का चुनाव होता है। जिससे हमारी देश की दशा और दिशा दोनों तय होती है। अत: इस लोकतंत्र के महापर्व में हमें अपने मताधिकार का प्रयोग अनिवार्य रूप से करना चाहिए। इस दौरान कलेक्टर ने सभी को शत् प्रतिशत मतदान के लिए शपथ भी दिलाई। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले को स्मृति चिन्ह प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। इसके साथ ही नोडल अधिकारी स्वीप एवं जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल के मार्गदर्शन में स्वीप अंतर्गत जिले में शहरों से लेकर गांवों तक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत पोस्ट कार्ड, रंगोली, मेहंदी, पेंटिंग एवं अन्य कार्यक्रम का आयोजन कर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। साथ ही मतदान करने के लिए शपथ भी दिलाई जा रही है। जिले में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदान तिथी 7 मई 2024 को शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए लगातार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी, ग्रामीण, विद्यार्थी, श्रमिक एवं आम नागरिक शामिल हो रहे हैं। आज हुए रंगोली प्रतियोगिता रंगोली में सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, मतदान ही नागरिक की पहचान, चलो मतदान करें, वोट देना हमारा अधिकार, आओ मतदान करें, मेरा वोट मेरा भविष्य, छोड़ो अपने सारे काम पहले चलो करें मतदान, चलो दीदी-भाई करे मतदान, लोकतंत्र की विनती है हर एक वोट कीमती है का संदेश दिया गया। इस मौके पर स्वीप नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल, भाटापारा एसडीएम नितिन तिवारी, उप संचालक समाज कल्याण अरविंद गेडाम, जनपद पंचायत सीईओ, स्थानीय मीडिया कर्मी सहित बड़ी संख्या में पंचायत विभाग के अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

मोबाइल एप्स के जरिए मतदाताओं तक पहुंच रही है निर्वाचन संबंधी हर जानकारी

नई तकनीकों ने बढ़ाईं निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाताओं की सहभागिता

बलौदाबाजार (विश्व परिवार)। निर्वाचन में सूचना प्रौद्योगिकी और नई तकनीकें अहम भूमिका निभा रही हैं। निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाताओं की भागीदारी एवं सहभागिता बढ़ाने में सूचना प्रौद्योगिकी तकनीकों का महत्वपूर्ण योगदान है। भारत निर्वाचन आयोग नई तकनीकों और सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग निर्वाचन को और ज्यादा सुगम, निष्पक्ष तथा समावेशी बनाने में कर रहा है।

लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक नागरिक का जागरूक और सजग रहना जरूरी है। निर्वाचन आयोग द्वारा प्रौद्योगिकी आधारित मोबाइल एप्स विकसित कर उन्हें निर्वाचन प्रक्रिया का हिस्सा बनाया गया है। आयोग द्वारा विकसित विभिन्न मोबाइल एप्स के उपयोग से मतदाताओं की निर्वाचन प्रक्रियाओं में सहभागिता और सुविधा दोनो बढ़ी है।

वोटर हेल्पलाइन एप-वोटर हेल्पलाइन एप से मतदाता अपना मतदाता परिचय पत्र (एपिक) नम्बर डाल कर बहुत ही आसानी से अपने विधानसभा, पोलिंग बूथ एवं मतदाता सूची में सरल क्रमांक पता कर सकते हैं। यदि एपिक नंबर नहीं मालूम है तो मतदाता अपना विवरण जैसे कि नाम, रिश्तेदार का नाम, उम्र, लिंग एवं निर्वाचन क्षेत्र की जानकारी भरकर अपना नाम मतदाता सूची में खोज सकते हैं। यदि मतदाता का मोबाइल नंबर मतदाता सूची में पंजीकृत है तो मतदाता अपना ईदृएपिक भी डाउनलोड कर सकता है। मोबाइल नम्बर रजिस्टर्ड न होने की स्थिति में आवश्यक सुधार के लिए आवेदन कर ई-एपिक भी डाउनलोड कर सकता है। इस एप के जरिए मतदाता अपना नाम जोड़ने, विलोपन, स्थानांतरण या संशोधन के लिए आवेदन भी कर सकते हैं।

वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से मतदाता अपने निर्वाचन क्षेत्र सहित किसी भी अन्य क्षेत्र के प्रत्याशियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

लोकसभा निर्वाचन 2024 : 86 साल के इतवारी ने मूंछों पर ताव देकर कहा- करेंगे अवश्य मतदान, बढ़ायेंगे लोकतंत्र की शान

रायपुर (विश्व परिवार)। ज़िला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देशन तथा सहायक एआरओ श्री पुष्पेन्द्र शर्मा एवं तहसीलदार श्रीमती सीता शुक्ला के संयुक्त मार्गदर्शन में आज मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में कम मतदान प्रतिशत वाले दूरस्थ अंचल के मतदान केंद्रों को चिन्हित करते हुए स्वीप टीम के द्वारा लांजा एवं खोरसी में सघन जागरूकता अभियान चलाया गया। वहां स्वीप टीम पहुंचकर मतदाता जागरूकता गीतों के साथ-साथ नुक्कड़ नाटक के माध्यम से शत् प्रतिशत मतदान का संदेश देते हुए प्रलोभन फ्री मतदान की शपथ करवाई।वहीं ग्राम लांजा निवासी 86 वर्षीय इतवारी कोसले ने अपनी लंबी मूंछों पर ताव देते हुए कहा कि करेंगे अवश्य मतदान, बढ़ायेंगे लोकतंत्र की शान। वीप टीम ग्राम खोरसी एवं लांजा के सरपंच ,ग्राम सचिव एवं बीएलओ, पटवारी तथा ग्रामीणों से विधानसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत कम होने कारणों पर विस्तार से चर्चा करते हुए मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के दिशा पर पहल किया। मतदाता जागरूकता अभियान में बड़ी संख्या में ग्रामीणों,स्व-सहायता महिला समूह की महिलाओं,युवाओं तथा वरिष्ठ नागरिकों की सहभागिता रही।

अदाणी फाउंडेशन के नवोदय कोचिंग से सात बच्चे जवाहर नवोदय विद्यालय, रायपुर में चयनित

रायपुर (विश्व परिवार)। जिले के तिल्दा ब्लॉक में अदाणी फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे नवोदय कोचिंग से इस वर्ष सात बच्चों का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय, रायपुर के लिए हुआ है। जवाहर नवोदय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए 20 जनवरी 2024 में आयोजित प्रवेश परीक्षा के परिणाम रविवार, 31 मार्च 2024 को घोषित किये गए। जिनमें अदाणी फाउंडेशन के नवोदय कोचिंग से छात्र वीर कुमार सेन पिता हेमंत सेन और प्रतीक हरवंश, पिता उत्तम हरवंश ग्राम तराशिव, एंजेल वर्मा पिता धरम वर्मा ग्राम सोनतरा, समर पाल पिता मुकेश पाल ग्राम तुलसी, घनश्याम साहू पिता पोषण साहू ग्राम छतौद, चयन कुमार पिता यशवंत कुमार ग्राम कुंदरू और शैली पाल पिता जितेंद्र पाल ग्राम खपरी का चयन हुआ है। इन सभी बच्चों की सफलता से जहाँ बच्चों के माता-पिता हर्षित हैं तो वहीं ग्राम के सरपंच, जनप्रतिनिधि एवं सभी ग्रामवासी भी गौरवान्वित महसूस कर रहे है।

अदाणी फाउंडेशन द्वारा संचालित जवाहर नवोदय कोचिंग सेंटर, रायखेड़ा, गैतरा, खपरी, चिचोली, तराशिव, गौरखेड़ा, कॉनरी, छतौद, खम्हरिया, भाटापारा, तुलसी, और मुरा ग्राम सहित कुल 12 गांवों में संचालित है। अदाणी पावर लिमिटेड रायपुर द्वारा परियोजना के समीपस्थ ग्रामों के 100 से अधिक बच्चों को नवोदय प्रवेश परीक्षा की तैयारी कराई जाती है। इसके अलावा जिन बच्चो का चयन नवोदय विद्यालय में नहीं भी होता है तो उनके शिक्षा के स्तर में सुधार व वृद्धि निश्चित हो जाती है। जिससे वे आगे चलकर अन्य परीक्षाओ में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते है।

ग्राम छतौद के चयनित छात्र घनश्याम साहू के नवोदय विद्यालय में चयनित होने से उसके माता पिता भी अत्यंत खुश हैं। इस मौके पर उसके पिता पोषण साहू ने बताया कि मेरा सपना था, कि मैं अपने बेटे घनश्याम को नवोदय विद्यालय जैसे उच्च स्तरीय स्कूल में पढ़ा सकूँ, जो कि आज सच हो गया है। अदाणी फाउंडेशन द्वारा संचालित कोचिंग सेंटर के माध्यम से ही यह संभव हो सका है, मैं कंपनी और अदाणी फाउंडेशन का बहुत आभारी हूँ।

अदाणी फाउंडेशन की इस सफलता और प्रयास का सभी गांवों के सरपंचों ने भी बधाई और धन्यवाद दिया है। ग्राम रायखेड़ा के सरपंच प्रतिनिधि श्री संतोष कुर्रे ने अदाणी फाउण्डेशन के शिक्षा कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि अब तक हमारे ग्राम से 14 बच्चे नवोदय विद्यालय में पढ़ रहे हैं और उन बच्चों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा तो मिल ही रही है साथ ही साथ उनके माता पिता को भी आर्थिक व्यय नहीं करना पड़ रहा है इसका श्रेय अदाणी फाउंडेशन को जाता है। शिक्षा के माध्यम से ही विकास संभव है। और इस क्षेत्र में अदाणी फाउण्डेशन अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभा रहा है। जो की प्रशंसनिय हैं। ग्राम पंचायत तराशिव के सरपंच श्री मनीष वर्मा ने कहा।

इस अवसर पर अदाणी फाउंडेशन के सीएसआर हेड श्री दीपक कुमार सिंह ने सभी चयनित बच्चों और नवोदय कोचिंग टीम की सराहना करते हुए बधाई व शुभकामनायें दी। साथ ही फाउंडेशन की शिक्षा परियोजना अधिकारी श्रीमती प्रीती प्रजापती ने भी इस सफलता हेतु सभी ग्राम ससरपंचों, बच्चों के माता पिता, नवोदय टीम एवं विकासखंड शिक्षाधिकारी, तिल्दा श्री जाहिरे जी व उनके विभाग के अधिकारी, स्कूल शिक्षकों के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया।

अदाणी पावर लिमिटेड के सामाजिक सरोकारों के तहत अदाणी फाउंडेशन आसपास के 14 ग्रामों में विभिन्न गतिविधियों के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका संवर्धन और अधोसंरचना विकास के विभिन्न कार्यक्रमों का संचालन करता है। वहीं कॉलेज जाने वाली बालिकाओं के उच्च शिक्षा हेतु इन सभी ग्रामों से महाविद्यालय तक आवागमन के लिए मुफ्त स्कूल बस सेवा भी प्रदान कर रहा है। जिसमें लगभग 100 छात्राओं को इसका लाभ मिल रहा है।

लोकसभा निर्वाचन 2024 : जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने बाल गोपाल अस्पताल के कर्मचारियों को दिलाई मतदाता शपथ

छत्तीसगढ़ी गीत के माध्यम से की गई मतदान की अपील

मतदान करने वाले बाल गोपाल हॉस्पिटल के कर्मचारियों को उनका प्रबंधन करेगा सम्मानित

रायपुर (विश्व परिवार)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता तहत वहां के कर्मचारियों को अपने मताधिकार का उपयोग करने की सामूहिक शपथ दिलवाई। कलेक्टर ने कहा कि पांच साल में एक दिन ऐसा आता है जो सिर्फ आपका अर्थात् मतदाता का होता है। इस दिन हम अपने जनप्रतिनिधि का मतदान कर चयन करते हैं। इसके माध्यम से अपनी समस्याओं का समाधान करते हैं और इनके माध्यम से जनहित के मुददों को भी सामने लाते हैं। उन्होंने कहा कि हम इस दिन को किसी हाल में ना भूलें और मतदान करने से ना चूकें। रायपुर लोकसभा में 07 मई को मतदान होगा। सभी मतधिकार का उपयोग करें और दूसरों को भी प्रेरित करें।

कलेक्टर ने अस्पताल के सभी कर्मचारियों को शपथ दिलाई कि हम, भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते है कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी गीत ''लोकतंत्र के ताकत बर अपन वोट ला पहचान, साथ मिलकर जम्मों झन करबो मतदान'' के माध्यम से मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान सभी अधिकारी-कर्मचारी गीत की बोल दोहराते हुए मतदान करने की अपील की।

इस कार्यक्रम में बाल गोपाल चिल्ड्रन हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ अशोक भट्टर ने आज अपने कर्मचारियों के लिए यह घोषणा की कि 7 मई को मतदान कर के ड्यूटी आने वाले कर्मचारी अपनी उंगली पर स्याही का निशान दिखाएगा उसे उचित उपहार देकर सम्मानित किया जाएगा।

इस अवसर में ज़िला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विश्वदीप, अतिरिक कलेक्टर श्री देवेन्द्र पटेल, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री नंदकुमार चौबे, बाल गोपाल चिल्ड्रन हॉस्पिटल के एमडी श्री आनंद भट्टर ज़िला प्रशासन के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-2, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.)

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि निम्नलिखित हितग्राहियों को आवासीय भवन/भू-खण्ड/फ्लैट/दुकान 30 वर्ष के लीज में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित है, उक्त भवन/भू-खण्ड/फ्लैट/दुकान को फ्री-होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिनका **फ्री-होल्ड संपरिवर्तन** किया जाना है।

अत: इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

क्र.	आबंटी का नाम	भवन/भू-खण्ड/ फ्लैट/दुकान	क्र.	आबंटी का नाम	भवन/भू-खण्ड/ फ्लैट/दुकान
सामान्य आवास योजना शंकर नगर, रायपुर			दीनदयाल आवास योजना परसुलीडीह रायपुर		
1	श्रीमती स्नेहलता पाटील पति स्व. श्री नन्दकिशोर पाटील	भवन क्र. एम.आई.जी. मेसोनेट-20	7	श्रीमती ताडिमेती मणिक्यांबा पति श्री ताडिमेती सेशागिरी राव	एल.आई.जी. भवन क्रमांक-38
2	श्री विजय कुमार रामानी पिता स्व. मोतीराम रामानी	भवन क्र. एम.आई.जी. -51, सेक्टर-02	8	श्रीमती वंदना पाण्डेय पति श्री रविशंकर पाण्डेय	एल.आई.जी. भवन क्रमांक-82
3	श्री केवल कुमार जादवानी पिता श्री हरीराम जादवानी	भवन क्र. एच.आई.जी. -08, सेक्टर-01			
सामान्य आवास योजना दोंदेखुर्द, रायपुर					
4	श्री राजकुमार प्रजापति पिता श्री राम अवध प्रजापति	सीनि. एल.आई.जी. भवन क्र.-582	9	श्रीमती उर्मिला शिरके पति स्व. श्री सौगन्ध राव शिरके	सीनि. एल.आई.जी. भवन क्र.-241
5	श्री अमित एलेक्स तिर्की पिता स्व. श्री इसाक तिर्की	सीनि. एल.आई.जी. भवन क्र.-425	10	श्रीमती उर्मिला शिरके पति स्व. श्री सौगन्ध राव शिरके	सीनि. एल.आई.जी. भवन क्र.-242
6	श्री टी.वी.एस.एस. राव पिता श्री टी.एल. राव	सीनि. एल.आई.जी. भवन क्र.-329			

संपदा अधिकारी

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, मौलश्री विहार, रायपुर (छ.ग.) फोन नं.-0771-2991574
Email Id: eocghbzone03@gmail.com

आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा सामान्य आवास योजनांतर्गत **बोरियाकला** रायपुर में निर्मित **भवन क्रमांक पीपल-1/96, श्रीमती मौली दम्मानी पति श्री राजकुमार दम्मानी,** द्वारा नियुक्त आम मुख्त्यार **श्री राजकुमार दम्मानी पिता स्व. श्री मोहनलाल दम्मानी,** निवासी-जिला सहकारी बैंक के उपर, मेन रोड, रामसागरपारा, रायपुर (छ.ग.) के नाम पर आवासीय भू-खण्ड/भवन 30 वर्ष के लीज में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित है, उक्त भू-खण्ड/भवन को **फ्री-होल्ड** के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिनका **फ्री-होल्ड** संपरिवर्तन किया जाना है।

अत: किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था, को भू-खण्ड/भवन का **फ्री-होल्ड** किये जाने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के **15 दिवस** के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-03, मौल श्री विहार, रायपुर छ.ग.

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.), फोन नं.- 0771-4903223
Email Id: eocghbzone02@gmail.com

आम-सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा **अवंति तेलीबांधा,** रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजनांतर्गत **एल.आई.जी. फ्लैट क्रमांक-110, ब्लॉक-07, तृतीय तल, श्रीमती सुतपा भट्टाचार्य पति स्व. श्री तपन कुमार भट्टाचार्य** के नाम पर इस कार्यालय के **पत्र क्रमांक-142** दिनांक 13.08.2012 को नामांतरित है। वर्तमान में नामांतरी **श्रीमती सुतपा भट्टाचार्य पति स्व. श्री तपन कुमार भट्टाचार्य,** निवासी-ब्लॉक नं.-07, हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, जगन्नाथ मंदिर, अवंति विहार, तेलीबांधा रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त फ्लैट को **क्रेता श्री मोहम्मद अब्दुल शाहिद कुरैशी पिता श्री अब्दुल एफ. फैज,** निवासी- आशियाना मस्जिद रोड, पटेल किराना शिवाजी चौक के पास, संतोषी नगर रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: उक्त फ्लैट के **विक्रय** के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./8426/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 04-04-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 8426
वार्ड का नाम- 45 - स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 45 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR757B00304** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **GOPAL LAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MANIK LAL RATHI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. श्रीमती मीना जैन 2. श्रीमती श्वेता जैन** पिता/पति, श्री/श्रीमती **1. पति गौतम चंद जैन 2. पति अभिषेक जैन** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री राकेश शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (4)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर-3
तहसील- रायपुर, जिला- रायपुर

- : आम सूचना :-

------ 0000 ------

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **ग्राम कोरा प0ह0न0 51 रा0नि0म0 रायपुर-3** तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि के संबंध में आवेदक **वेदप्रकाश शर्मा पिता स्व. श्री राम अवतार शर्मा** निवासी **गुढ़ियारी** रायपुर के द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की **भूमि खसरा नम्बर 161/17 रकबा 0.0400 है./4310 वर्गफुट** का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरान्त न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक **15/03/2024** के परिपालन में दिनांक **10/04/2024** को 02:00 बजे पूर्वाहन/ पश्चात किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बंटाकनधारी भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर पटवारी कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त खसरा नम्बर के संबंध में जो भी उजर, दावा, अथवा आपत्ति हो तो समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगा।

सो सूचना जाने...

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-3, कोटा
तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राज. परि., नवा रायपुर प्रथम एवं पंचम तल व्यवसायिक परिसर (दक्षिण पूर्व कार्नर) सेक्टर-27 नवा रायपुर, अटल नगर फोन नं.-0771-4016094
E-mail id:- em_zone2@yahoo.com

// आम-सूचना //

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा अटल आवास योजना **बेलभाठा, अभनपुर,** रायपुर में निर्मित **स्वतंत्र ई.डब्ल्यू.एस. भवन क्रमांक-253, श्रीमति मुस्कान नचरानी पति श्री संजय कुमार नचरानी,** के नाम पर इस कार्यालय के आबंटन आदेश क्रमांक 4157 दिनांक 19.06.2009 के माध्यम से आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का पूर्ण मूल्य जमा कर अपने पक्ष में दिनांक 16.04.2010 को लीज-डीड पंजीकृत उपरांत दिनांक 18.10.2017 को हस्तांतरण विलेख (फ्री-होल्ड) निष्पादित करा लिया गया है। हस्तांतरण-विलेख निष्पादन उपरांत उक्त भवन को **श्रीमति चम्पेश्वरी साहू पति श्री गेमा राम साहू,** निवासी- चटौद पो. काडापा, थाना व तहसील कुरूद जिला- धमतरी (छ.ग.) के पक्ष में दिनांक 05.02.2018 को विक्रय-विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया गया है। **क्रेता श्रीमति चम्पेश्वरी साहू पति श्री गेमा राम साहू,** द्वारा उक्त भवन को फ्री-होल्ड पश्चात अपने नाम पर मण्डल के अभिलेखों में दर्ज किये जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: उक्त भवन का **फ्री-होल्ड** उपरांत मण्डल के अभिलेखों में नाम दर्ज करने के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के **15 दिवस** के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना
नवा रायपुर, अटल नगर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार

बिलासपुर संभाग

रायपुर शुक्रवार 05 अप्रैल 2024

केन्द्र सरकार ने लोगों की रोजी-रोजगार छीनने का काम किया : ज्योत्सना महंत

कांग्रेस ही दे सकती है भरोसे की सरकार

कोरबा(विश्व परिवार)। कोरबा सांसद व कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना चरणदास महंत ने आज कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बुंदेली, जवाली, रंजना, बरतराई व बिछियापारा का सघन जनसंपर्क किया। उन्होंने इस दौरान ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पर आम जनता आज भी भरोसा करती है और यह भरोसे की सरकार देती आई है। जनता को लोक-लुभावने वादों और घोषणाओं में उलझा कर उनके विकास की बजाय चन्द लोगों का विकास करने की सोच रखने वाली भाजपा ने उद्योगपतियों के विकास को नया आयाम दिया है। केन्द्र में 10 वर्षों से भाजपा की सरकार है और छत्तीसगढ़ में 15 साल से भाजपा की सरकार रही लेकिन कितना और किसका विकास हुआ यह जनता जानती है। सांसद ने कहा कि केन्द्र सरकार ने लोगों के रोजी, रोजगार के अवसर छीनने का काम किया है। आज किसानों को सिंचाई के लिये पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता और पीने के पानी की समस्या इस गर्मी में सामने आती है। बेरोजगार युवाओं के पास रोजगार के साधन नहीं हैं जिससे भावी पीढ़ी के समक्ष उत्पन्न होने वाली दिक्कतें अभी से नजर आने लगी हैं। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के सपनों के ग्राम रंजना पहुंचीं सांसद ने कहा कि इस गांव को आदर्श के रूप में विकसित किया जाना है किन्तु इसकी अनदेखी होती रही। कांग्रेस की सरकार ने यहां विकास के कार्य कराए हैं। सांसद ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से गांव-गरीब और किसानों, युवाओं, महिलाओं के लिये चिन्ता करती आई है। हमने तय किया है कि केन्द्र में सरकार बनते ही गरीब परिवार की महिलाओं के खाते में प्रतिमाह 8333 रुपए भेजने पर काम होगा।

जमानत पर छूटा हत्या का आरोपी पिस्टल के साथ गिरफ्तार

कोरबा(विश्व परिवार)। रामपुर देशी शराब दुकान के पास दो लोगों के पास पिस्टल कारतूस की सूचना पर पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर दो आरोपियों को जिंदा कारतूस और पिस्टल के साथ पकड़ा है। इनमें से एक रामपुर का निगरानी बदमाश और हत्या के मामले में जमानत पर छूटा हुआ मनोज यादव शामिल है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मुखबीर की सूचना पर जब देशी शराब दुकान के पास घेराबंदी की गई तो यहां से आरोपी मनोज यादव उर्फ भतखऊआ पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से पिस्टल एवं 02 नग कारतूस बरामद किया गया। वहीं दूसरे आरोपी दिनेश सोनी से 02 नग कारतूस एवं 01 नग ब्लेड जप्त किया गया। आरोपियों के खिलाफ पूर्व में गंभीर अपराधों का केस दर्ज है। आरोपी मनोज यादव उर्फ भतखऊआ चौकी मानिकपुर के हत्या के मामले मे आजीवन कारावास का सजायाफ्ता है जो कि बिलासपुर सेंट्रल जेल से जमानत पर है। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

संक्षिप्त समाचार

हसदेव नदी में मिला 30 वर्षीय युवक का शव

कोरबा(विश्व परिवार)। चिरमिरी मार्ग पर हसदेव नदी में एक 30 वर्षीय युवक का शव मिला है। उसकी पहचान बबलू गोंड़ के रूप में कर ली गई है। माना जा रहा है कि डूबने के कारण उसकी मौत हुई। पुलिस ने मर्ग कायम करने के साथ शव बरामद किया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अगली कार्रवाई करने की बात पुलिस कर रही है। पसान थाना की कोरबी चैकी के अंतर्गत यह घटना हुई। कोरबी क्षेत्र में हसदेव नदी पुल के पास बबलू का शव आज सबेरे मिला। जानकारी होने पर आसपास के लोग वहां पहुंचे। इस दौरान मृतक की पहचान कर ली गई जो स्थानीय निवासी बताया गया। चैकी प्रभारी ने बताया कि नदी के पास ही झोपड़ी बनाकर बबलू 7 वर्ष से रह रहा था। वह मूलतरू बैकुण्ठपुर का निवासी बताया गया जो सात वर्ष पहले यहां पहुंचा था। उसके साथ रहने वाली महिला से मिली जानकारी के अनुसार रात्रि को बबलू दिशा मैदान के लिए गया था और उसके बाद नहीं लौटा। खोजबीन करने पर वह नदी में मृत पाया गया। स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना दी गई। इसके बाद लोगों के सहयोग से मृतक का शव निकाला गया। पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टि में मामला नदी में डुबने से मौत होने का प्रतीत होता है। 174 सीआरपीसी के अंतर्गत कायम कर जांच में रखा गया है।

पुलिस, वकील बनकर लोगों को ठगने का नया पैंतरा

कोरबा(विश्व परिवार)। सिद्धार्थ तिवारी पुलिस अधीक्षक कोरबा के द्वारा सजग कोरबा अभियान के माध्यम से ठगी के नए तरीकों के बारे में जिलेवासियों को जागरूक किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ एवं अन्य राज्य के पुलिस पोर्टल को खोलकर वहॉ के दर्ज हुए प्रकरण में दिये गये प्रार्थीयों के मोबाईल नम्बर को ऑनलाइन के माध्यम से देखा जा सकता है। जिसका फायदा ठगी करने वाले गिरोह उठते हैं और उन नंबरों पर फोन कर अपने आप को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के पुलिस अधिकारी बनकर, वकील बनकर, न्यायालय के बाबू या अधिकारी बनकर उनके प्रकरण में कार्यवाही के नाम पर पैसों की मांग करते हैं उनसे ठगी करने का प्रयास करते हैं ऐसा किसी भी प्रकार का फोन कॉल आता है तो उसे नजर अंदाज करें या नजदीकी थाना में इसकी जानकारी देवें।

शराब के लिए रुपए नहीं मिलने पर दे दी जान

कोरबा(विश्व परिवार)। बच्चों के पालन करने के बजाय अपनी कमाई शराब में उड़ाने वाले पति ने इसलिए खुदकुशी कर ली कि उसकी पत्नी ने उसे शराब पीने के लिए पैसे नहीं दिए। कोरबा कोतवाली के समीप बसे मोती सागर पारा नामक बस्ती में अशोक यादव निवास करता था. कल उसने अपनी पत्नी से शराब पीने के लिए पैसे मांगे। पैसे नहीं मिलने पर अशोक ने खुदकुशी कर ली। बताया जाता है कि अशोक यादव की 15 वर्षीय पुत्री ने भी पिछले वर्ष इसी माह में आत्महत्या कर लिया था। बहरहाल जालिम शराब ने एक बार फिर हंसते खेलते एक परिवार को कष्टमय जीवन व्यतीत करने के लिए विवश कर दिया है।

भाजपा नेता राजेन्द्र अग्रवाल बने अग्रवाल सभा के अध्यक्ष

कोरबा(विश्व परिवार)। प्रदेश में भाजपा सरकार बनते ही हर क्षेत्र में भाजपा का दबदबा दिख रहा है। आज अग्रवाल सभा कोरबा के महत्वपूर्ण चुनाव में भाजपा का सुशासन दिखा और भाजपा ने यहां भी सेंध लगाने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं व्यवसायी राजेन्द्र अग्रवाल (शरद सौरभ)को अग्रवाल सभा के चुनाव में महत्वपूर्ण सफलता हासिल हुई और जीत हासिल की। हालांकि यह चुनाव तिकोणीय समझा जा रहा था, लेकिन द्विकोणीय साबित हुआ। यहां अध्यक्ष पद के लिए तीन दावेदार थे, जिसमें भाजपा नेता राजेन्द्र अग्रवाल, अधिवक्ता एसके अग्रवाल एवं शिव अग्रवाल (हनुमान मोटर्स) रण में थे। राजेन्द्र अग्रवाल सर्वाधिक 362 मत हासिल कर जीत अर्जित की और अध्यक्ष पद पर कब्जा कर लिया। एसके अग्रवाल को पहले जितने वाले उम्मीदवार समझा जा रहा था, लेकिन उन्हें 358 वोट हासिल हुआ, लेकिन 04 मतों वे पीछे रह गए। शिव अग्रवाल को मात्र 56 मत ही मिल पाए। कुल मत 783 डाले गए, जिसमें 07 मत रिजेक्ट कर दिए गए। निर्वाचन अधिकारी छेदीलाल अग्रवाल ने इस गहमा-गहमी भरे चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया। अध्यक्ष का परिणाम सामने आने के बाद उपाध्यक्ष पद के लिए मतगणना हुई, जिसमें शिव अग्रवाल (माडर्न एग्रो)को 510 मतों के साथ उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। नरेन्द्र अग्रवाल (राजश्री इंटरप्राइजेस) को 269 मत मिले। कोषाध्यक्ष पद पर रमन अग्रवाल (श्रीराम वस्त्रालय) को विजयश्री मिली। रमन अग्रवाल को 403 एवं राकेश नागरमल अग्रवाल को 374 मतों के साथ संतोष करना पड़ा।

मतदान दल के प्रशिक्षण में पहुंचे कलेक्टर

मतदान दलों को अच्छे से प्रशिक्षण लेने एवं शंका होने पर उसे तुरंत क्लियर करने के दिए निर्देश

रायगढ़(विश्व परिवार)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 7 मई को होने वाले लोकसभा निर्वाचन की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। जिले में मतदान दलों का प्रथम प्रशिक्षण प्रारंभ हो चुका है। जिसके तहत आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल ने रायगढ़ के पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय में चल रहे मतदान दलों के प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से प्रशिक्षण से संबंधित प्रश्नोत्तर भी किए। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया एक महत्वपूर्ण कार्य है। मतदान कार्य में निष्पक्ष एवं पारदर्शिता हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके लिए मतदान कक्ष में मोबाइल एवं किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रानिक डिवाइस का प्रयोग प्रतिबंधित करें। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री गोयल ने मतदान केन्द्र में होने वाले मॉकपोल में बरती जाने वाली सावधानियां, मॉकपोल के पश्चात सीआरसी कितना महत्वपूर्ण है उसकी भी जानकारी दी। उन्होंने विधानसभा एवं लोकसभा के मतदान में अंतर संबंधित प्रश्न भी किए, जिसका जवाब उन्होंने सबसे पहले समय का परिवर्तन, मतदान के दिन भरे जाने वाले लिफाफे के कलर का ध्यान रखने जैसे विभिन्न प्रकार की जानकारी दी। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि मतदान के दिन मॉकपोल के दौरान या मतदान के दौरान मशीनों में खराबी आने पर तत्काल सेक्टर ऑफिसर के साथ एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार को सूचना देने की बात कही। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं के बीच सामंजस्य बनाए रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने सभी मतदान दलों को अच्छे से प्रशिक्षण लेने और इस प्रशिक्षण के आधार पर ही मतदान दिवस के दिन बेहतर कार्य करने की बात कही। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय ने प्रशिक्षण के दौरान किसी भी तरह के डाउट होने पर मास्टर ट्रेनर से तत्काल क्लियर करने और प्रशिक्षण से संबंधित किसी भी प्रकार के शंका होने पर बेहिचक पूछने की बात कही। निरीक्षण के दौरान एसडीम रायगढ़ श्री प्रवीण तिवारी, तहसीलदार रायगढ़ श्री लोमस मिरी सहित मास्टर ट्रेनर्स एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि सीयू, बीयू और वीवीपैट मशीनों में सबसे संवेदनशील मशीन वीवीपैट है। आगामी मतदान की प्रक्रिया ग्रीष्मकाल में होगी, लिहाजा मतदान दिवस के दिन वीवीपैट को सूर्य की तेज रोशनी एवं लाईट की गर्मी से बचाकर रखना होगा। इसी प्रकार सामग्री वितरण एवं परिवहन के दौरान वीवीपैट मशीनों को सीधे सूर्य की रोशनी से बचाने हेतु हर संभव प्रयास करने के निर्देश दिए।

बहुचर्चित सेक्स रैकेट और हनी ट्रैप मामले में तीन मुख्य आरोपी गिरफ्तार

बलौदा बाजार(विश्व परिवार)। जिले के बहुचर्चित सेक्स रैकेट और हनी ट्रैप मामले में कोतवाली पुलिस को आज गिरोह के 3 प्रमुख आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। पुलिस ने मुख्य आरोपी दुर्गा टंडन और प्रत्युष उर्फ मोंटी मरैया को बनारस से गिरफ्तार किया वहीं, आरोपी रवीना टंडन को बिलासपुर से गिरफ्तार किया है। बता दें कि यह गिरोह बीते एक साल से बलौदा बाजार शहर के रहीस और बड़े व्यापारी को अपने जाल में कालगर्ल को उनके पास भेजकर उनकी फोटों और वीडियो बना लेते थे, जिसके एवज में ब्लैकमेलिंग कर मोटी रकम वसूल कर लेते थे। आरोपियों के लगातार ब्लैक मेलिंग से परेशान करीब 4 लोगों ने पुलिस में जाकर शिकायत की तब जाकर इस पूरे मामले का खुलासा हुआ। 2 दिन पहले इस मामले में बलौदा बाजार के वकील महान मिश्रा की गिरफ्तारी की जा चुकी है। इस तरह इस पूरे मामले में गिरोह के 4 लोगो की गिरफ्तारी की गई है। मामले का खुलासा करते हुए एडिशनल एसपी ने बताया कि अब तक 4 पीड़ितों से गिरोह ने ब्लैकमेलिंग कर करीब 41लाख रुपए वसूले हैं। वही, इस गिरोह में मास्टर माइंड शिरीष पांडे, पुष्पा फेकर और फर्जी पत्रकार आशीष शुक्ला अब तक फरार है जिसकी तलाश लगातार पुलिस कर रही है।

टीपी नगर रेलवे क्रासिंग से जुड़ी समस्या का समाधान नहीं, उद्योग प्रबंधन के आगे निगम असहाय

कोरबा(विश्व परिवार)। कोरबा शहर में ट्रांसपोर्ट नगर चैराहे के पास की रेलवे क्रासिंग पर बने हुए गड्ढे यहां से आवाजाही में न केवल समस्या पैदा कर रहे बल्कि लोगों की जेब हल्की करने में भी असर डाल रहे हैं। पूरे मामले में उद्योग प्रबंधन के आगे नगर निगम प्रशासन असहाय बना हुआ है। उदासीनता के चलते जनप्रतिनिधियों की स्थिति जनता के सामने लाचार व्यक्ति जैसी बनती जा रही है। लंबे अरसे बाद भी ट्रांसपोर्ट नगर रेलवे क्रासिंग से जुड़ी हुई समस्या हल नहीं हो सकी है। सडक क्रास करने के साथ यहां रेलवे क्रासिंग बनाई गई है जिस पर से होकर भारत एल्यूमिनियम कंपनी और सीएसईबी की कोयला और एल्यूमिना लोड मालगाडियां दिन में कई बार दौड़ती हैं। इनके दबाव के कारण हालात बिगड़ रहे हैं। क्रासिंग की सडक पर पहले छोटे गड्ढे थे जो समय बढने के साथ लंबे-चैड़े हो गए हैं। रेल पटरियों के आसपास इस तरह की स्थिति बनने से दो दिशा से आना-जाना करने वाले वाहन अक्सर यहां फंस रहे हैं। ऐसे में वाहन चालकों को आफत झेलनी पड़ रही है। अनेक अवसर पर वे दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। जबकि वाहनों को भी काफी नुकसान हो रहा है। मूल रूप से क्रासिंग का संचालन और संधारण करने की जिम्मेदारी सीएसईबी और बालको ने ले रखी है। ऐसे में यहां का सुधार कराना भी उसी के मत्थे है। नागरिक सुविधाओं की बेहतरी के मामले नगर निगम से जुड़े हुए हैं। निगम के पास कई प्रकार की शक्तियां भी है। इतना सबकुछ होने के बावजूद उद्योगों पर नगर निगम दबाव नहीं बना पा रहा है कि वह तत्काल रेलवे क्रासिंग की सडक को ठीक कराए।

छत्तीसगढ़ समन्वय समिति ने मनाया रंग पंचमी के पावन पर्व पर होली मिलन समारोह

दल्लीराजहरा(विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ समन्वय सीमिति के द्वारा रंग पंचमी के पावन अवसर पर होली मिलन समारोह मनाया गया। इस अवसर पर दल्लीराजहरा के 22 छत्तीसगढ़िया समाज के अध्यक्ष, पदाधिकारी गण और सदस्य गण उपस्थित थे। सर्व प्रथम छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना की गई। उपस्थित लोगों के द्वारा पूरे जोश के साथ तिलक होली रंग गुलाल संग झाज मंजीरा नगाड़ा के संग बहुत ही मस्ती के साथ रंग बरसे की गीत के साथ सारे के सारे झूम उठे। कार्यक्रम में कई छत्तीसगढ़ी के पुराने होली गीत, फिल्मी गीत भी गाये गए द्य मुख मुरली बजाए छोटे से श्याम कन्हैया जैसे गीत भी महिलाओं पुरुषों के द्वारा डांस कर गाया गया द्य श्रीवास की उमंग भरी मस्ती के गीत एवं ईश्वर पटेल के गीत वाद्य यंत्र के साथ पूरे मंच को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रामदास मानिकपुरी ने सभी समाज प्रमुखों एवं अतिथियों का गुलाल से स्वागत किया द्य तत्पश्चात समारोह में सह संस्थापक संरक्षक श्याम लाल साहू, महेंद्र भट्ट, कुमार मंडावी तथा आर.एस पैकारा का शाल, श्रीफल, मेमोंटो से सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष शिबू नायर ने कहा कि यह पर्व भारत की प्राचीन परंपरा संस्कृति और सभ्यता का त्योहार है। होली पर्व का मतलब है कि हम आपसी गिले शिकवे खत्म करे और अपनी संस्कृति से बच्चों को अवगत कराये द्य इस दौरान राधा कृष्ण का स्मरण कर मनमोहक फाग गीत भजन गीत महिलाओं के द्वारा गाया गया द्य सभी महिला पुरुष गले मिलकर खुशी जाहिर किए। संरक्षक श्याम लाल साहू ने कहा कि हमे पूरे समाज को लेकर चलना चाहिए एवं छत्तीसगढ़ की संस्कृति के पर्व को हमेशा मनाते रहना चाहिए द्य प्रत्येक छत्तीसगढ़ समाज में छत्तीसगढ़ महतारी की फोटो की पूजा अर्चना के साथ बैठक एवं समाज का कार्य चालू करना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष काशी निषाद, सहित सभी समाज प्रमुखों उपस्थित थे।

लोकसभा निर्वाचन 2024 : कलेक्टर अजीत वसंत ने ली नोडल अधिकारियों की बैठक

निर्वाचन गतिविधियों की समीक्षा की

कोरबा(विश्व परिवार)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत ने कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों में संलग्न नोडल अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर निर्देशित किया कि सभी नोडल अधिकारी दी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत समय सीमा के भीतर सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने निर्देशित किया कि मतदान केंद्रों में मतदाताओं को सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराई जाए। इसके साथ ही मतदान दलों को समय पर सामग्री वितरण और मतदान पश्चात् सामग्री वापसी निर्धारित काउंटरों पर करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी ने निर्वाचन कार्यों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए बाहर से आने वाली सुरक्षा बलों के ठहरने तथा चिन्हांकित स्थानों में पेयजल, शौचालय आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। समीक्षा बैठक में निर्वाचन कार्यों से जुड़े मानव संसाधन, प्रबंधन, प्रशिक्षण प्रबंधन, सामग्री प्रबंधन, कम्प्युटराइजेशन, साइबर सिक्योरिटी और आईटी, स्वीप नोडल अधिकारी, कानून व्यवस्था, ईव्हीएम मैनेजमेंट, एमसीसी नोडल अधिकारी, व्यय निगरानी, बैलेट पोस्टर-पेपर, एमसीएमसी, कम्युनिकेशन प्लान, मतदाता, शिकायत और मतदाता हेल्पलाइन आदि के नोडल अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत ने मतदान दलों के प्रशिक्षण के दौरान उन्हें सभी आवश्यक प्रपत्रों को पूर्ण रूप से भरने के विषय में प्रशिक्षित करने के निर्देश दिए।

सरोज पाण्डेय कर रही हैं अपनो की बात अपनो के साथ

कोरबा(विश्व परिवार)। कोरबा में जश्न रिसोर्ट में दीदी सरोज पांडेय ने कोरबा विधानसभा की गृहणी बहनो के साथ अपनो की बात अपनो के साथ कर रही हैं तो वहीं इस कार्यक्रम में शामिल गृहणीयों ने भी सरोज दीदी को आश्वस्त करते कहा कि हम भी हैं आप के साथ. इस आयोजन में प्रत्येक समाज से 500 बहने शामिल हुई, जिनसे उन्होंने छेत्र की समस्या के बारे में जाना और अपने विकास मॉडल को सभी के साथ साझा किया. उन्होंने बताया कोरबा को स्मार्ट, धूलमुक्त, अच्छी शिक्षा स्वास्थ्य पर अपनी बात रखी. उन्होंने बताया कि 5 साल महंत के और मेरा 1 साल ही के कार्य में लोगो को फर्क दिखेगा. इस कार्यक्रम में हौजी, प्रश्न उत्तरी, इत्यादि मनोरंजक गेम्स (खेल)हुए. खेल में विजयी प्रतिभगियों को पुरस्कृत किया गया. कार्यक्रम को लेकर महिलाओ में काफी उत्साह रहा. बीजेपी प्रत्याशी सरोज पाण्डेय ने सभी उपस्थिजनों के साथ स्वल्पाहार किया जहां सभी ने एक स्वर में इस बार दीदी का साथ देने का प्रण लिया है. इस कार्यक्रम में वैशाली रत्नपारखी,आरती अग्रवाल, अर्चना सुधा झा इत्यादि शामिल हुए।

दैनिक
विश्व परिवार

विचार-पक्ष

रायपुर शुक्रवार 05 अप्रैल 2024

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

संपादकीय मोदी का परिवार-विपक्ष का विरोध हास्यास्पद

क्या बदल सकेगी किस्मत

अदानी ग्रुप को एशिया की सबसे बड़ी स्लम बस्ती मुंबई की धारावी के रि-डवलपमेंट की अनुमति मिलने के बाद स्लम बस्तियां फिर चर्चा में आ गई हैं। असल में स्लम बस्तियां भारत ही नहीं, बल्कि समूची दुनिया के लिए समस्या बनी हुई हैं। दुनिया की एक चौथाई शहरी आबादी स्लम बस्तियों में रहती है। आने वाले 10 वर्षों में भारत की 50 प्रतिशत आबादी नगरों में रहने लगेगी। देश की वर्तमान आबादी का 28 प्रतिशत हिस्सा शहरों में रहता है। शहरी आबादी में होने वाली बेतहाशा वृद्धि का सीधा प्रभाव आवासन पर पड़ेगा जिससे आने वाले वर्षों में मलिन बस्तियों में रहने वाली आबादी में तीव्र वृद्धि होगी। एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत के 2,613 शहरों में स्लम एरिया हैं, जहां बहुत बड़ी आबादी इन बस्तियों में रहती है। इनमें से 57 फीसद तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक और महाराष्ट्र से आती है। दिल्ली दुनिया का छठा सबसे बड़ा महानगर है। इसके बावजूद यहां एक तिहाई आवास स्लम क्षेत्र के हिस्से हैं। इस हिस्से में कोई बुनियादी संसाधन उपलब्ध नहीं हैं। हाल में जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक, देश में हर छठा शहरी नागरिक स्लम बस्तियों में रहने के लिए मजबूर है। आंकड़े बताते हैं कि जहां आंध्र प्रदेश में हर तीसरा शहरी परिवार मलिन बस्तियों में रहता है, वहीं ओडिशा में हर 10 घर में से नौ में जल निकासी की सुविधा नहीं है। शहरों की चकाचौंध दुनिया का हिस्सा होने के बावजूद इन बस्तियों में रहने वाले लोग आज भी अंधेरे में हैं। गंदी बस्तियों में रहने वाले विकसित समाज, राजनीतिक गलियारों और प्रशासन की बेरुखी के शिकार हैं। असल में स्लम क्षेत्र का आशय सार्वजनिक भूमि पर अवैध शहरी बस्तियों से है। आम तौर पर यह एक निश्चित अवधि के दौरान निरंतर एवं अनियमित तरीके से विकसित होता है। स्लम को शहरीकरण का अभिन्न अंग माना जाता है और शहरी क्षेत्र में समग्र सामाजिक-आर्थिक नीतियों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन के रूप में देखा जाता है। स्लम एरिया में साक्षरता दर कम है। हालांकि धारावी में साक्षरता दर 69 प्रतिशत है। आंध्र प्रदेश में शहरी आबादी का 36.1 प्रतिशत हिस्सा मलिन बस्तियों में रहता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, ओडिशा की मलिन बस्तियों में रहने वाले 64.1 प्रतिशत घरों में अब तक पीने का स्वच्छ पानी नहीं पहुंच पाया है। इन बस्तियों के 90 प्रतिशत घरों से जल निकासी का कोई प्रबंध नहीं है।

अवधेश कुमार

मैं हूं मोदी का परिवार टैगलाइन 2024 के चुनाव का एक प्रमुख नारा बन गया है। यह वैसे ही है जैसे 2019 लोक सभा चुनाव में 'मैं हूं चौकीदार' एक बड़ा नारा बना और सर्वे बताते हैं कि उसका असर चुनाव पर हुआ। आम धारणा यही है कि 'मैं हूं मोदी का परिवार' 2024 लोक सभा चुनाव में मतदाताओं के मतदान करने की प्रक्रिया निर्धारित करने का एक कारक बन सकता है। 3 मार्च को बिहार की राजधानी पटना में गठबंधन की रैली में लालू प्रसाद यादव जी ने कल्पना नहीं की होगी कि वह जो कुछ बोल रहे हैं उसकी ऐसी प्रतिक्रिया हो सकती है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा परिवारवाद पर हमला करने का अपने तरीके से जवाब ही दिया था। उसमें यह पूछने की क्या आवश्यकता थी कि मोदी बताएं कि उनका कोई परिवार क्यों नहीं है, संतान क्यों नहीं है? वह यहां तक चले गए कि कह दिया कि मोदी हिंदू भी नहीं हैं। माता-पिता की मृत्यु पर उनके बच्चे अपने बाल दाढ़ी सब साफ करवाते हैं, जबकि उन्होंने नहीं किया। ऐसे हमले पर प्रतिहमला स्वाभाविक था। प्रधानमंत्री मोदी ऐसे हमले का आक्रामक और लोगों के दिलों को स्पर्श करने वाली भाषा शैली में प्रत्युत्तर देने में प्रवीण है। इसलिए उन्होंने कहा कि आज इंडिया गठबंधन के लोग, जो परिवारवाद, भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं, वह मुझसे मेरे परिवार के बारे में पूछते हैं, 140 करोड़ भारतीय ही मेरा परिवार है। 2019 आम चुनाव के पहले से राहुल गांधी राफेल विमान को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इसी तरह निशाने पर ले रहे थे। उन्होंने 'चौकीदार चोर है' का नारा लगाया था। 'चौकीदार चोर है' के समानांतर प्रधानमंत्री ने 'मैं भी चौकीदार' का नारा दिया और देखते-देखते भाजपा नेताओं कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने सोशल मीडिया पर मैं भी चौकीदार में अपना परिचय लिख दिया। राहुल गांधी और पूरे विपक्ष के लिए यह उल्टा पड़ गया। प्रश्न है कि क्या 'मैं हूं मोदी का परिवार' नारा

भी विपक्ष के लिए फिर उल्टा पड़ जाएगा? यह ऐसा भावनात्मक विषय है जो लोगों के दिलों पर सीधा असर डालता है। हमारे देश में अविवाहित रहकर यानी परिवार न बसा कर या परिवार का त्याग कर देश, समाज, धर्म की सेवा या आत्म साधना में जीवन लगाने वालों की बड़ी संख्या है। राजनीति में सभी विचारधाराओं में ऐसे लोग रहे हैं जिनका सम्मान समाज में हमेशा रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ परिवार इस मामले में इसलिए शीर्ष पर हैं क्योंकि वहां जीवनदानी प्रचारकों की सबसे ज्यादा संख्या है। समाजवादियों में भी ऐसे लोग रहे हैं। समाजवादी नेताओं ने भी अपने जीवन काल में वंशवाद और परिवारवाद को बड़ा मुद्दा बनाया, पर प्रत्युत्तर में इस तरह उनके परिवार न होने पर किसी ने प्रश्न नहीं उठाया। उठाया भी नहीं जाना चाहिए। मोदी आज प्रधानमंत्री हैं तो लगता है कि उनके पास सारे सुख साधन हैं और इसलिए हमला करने पर लोग प्रभावित हो जाएंगे। उन्होंने जब परिवार से अलग होकर संघ का प्रचारक बनकर अपनी विचारधारा के अनुरूप राष्ट्र सेवा का व्रत लिया होगा तो इसकी कल्पना नहीं रही होगी कि राजनीति में किसी समय में शीर्ष पर जा सकते हैं। उस समय जनसंघ या बाद में भाजपा की हैसियत इतनी बड़ी नहीं थी और जितनी थी उनमें बड़े कद के नेताओं की भी इतनी लंबी कतार थी कि देश एवं अनेक राज्यों की सत्ता में आने पर शीर्ष नेता होने का सपना संजोए जाए। सैंकड़ों की संख्या में ऐसे जीवन दानी संघ परिवार के साथ-साथ अनेक गैर राजनीतिक राजनीतिक संगठनों में लोग पहले भी थे और आज भी हैं। या देश का दुर्भाग्य है कि हम राजनीतिक तू तू मैं मैं इस विषय को घसीटते हैं। वास्तव में आज पार्टियों में एक ही परिवार से निकले हुए लोगों के हाथों नेतृत्व और निर्णय की मुख्य कमान रहने राजनीति का सबसे बड़ा रोग बना हुआ है। इसके कारण योग्य, ईमानदार, सक्षम और समर्पित लोगों का उनकी क्षमता के अनुसार राजनीति में अवसर मिलना बाधित है। व्यवस्था में ऐसे लोग भी परिवारवादी नेतृत्व के समक्ष नतमस्तक होकर हां-में-हां मिलाने और अपने को उनके साथ एडजस्ट करने को विवश हैं। ज्यादातर परिवारवादी नेतृत्व ने सत्ता का हर स्तर पर दुरु पयोग किया है। देख लीजिए इनमें ज्यादातर के परिवार या वे स्वयं भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे हैं। लालू प्रसाद यादव को तो चारा घोटाले के तीन मामलों में सजा भी मिल चुकी है। किसी राजनीतिक परिवार से अगली पीढ़ी का राजनीति में सक्रिय होना और परिवार के हाथों ही नेतृत्व सिमटे रहने में मूलभूत अंतर है। परिवारवादी नेतृत्व वालों पर हमला होगा या उनकी आलोचना होगी तो निश्चित रूप से वे तिलमिलाएंगे। इसका उत्तर यह नहीं हो सकता जो लालू प्रसाद यादव जी ने दिया है। यह राजनीतिक विरोधियों की आलोचना के संदर्भ में स्थापित मर्यादाओं का दुर्भाग्यपूर्ण अतिक्रमण है। हालांकि लालू यादव के वक्तव्य का सही अर्थ समझना भी कठिन है। वे कहते हैं कि जिनके ज्यादा बच्चे हैं उन पर वह प्रश्न उठते हैं और कहते हैं कि परिवारवाद को बढ़ावा दे रहा है तो वह बताएं कि उनके परिवार क्यों नहीं है? प्रधानमंत्री मोदी ने अपने तरीके से बता दिया कि उनका परिवार क्यों नहीं है। उनके पार्टी और समर्थकों ने बता दिया कि उनका एक बड़ा परिवार है। इसका लालू प्रसाद यादव और उनके समर्थकों के पास क्या उत्तर हो सकता है? जो उत्तर वह देंगे या दे रहे हैं क्या वह लोगों के अंतर्मन को वाकई छू पाएगा? कतई नहीं। सच यही है कि परिवारवादी नेतृत्व या परिवार के कारण योग्य अक्षम लोगों का राजनीति में प्रभावी होने जैसी दुष्प्रवृत्ति का कोई सकारात्मक उत्तर दिया ही नहीं जा सकता है। प्रश्न है कि क्या 'मैं हूं मोदी का परिवार' नारा भी विपक्ष के लिए फिर उल्टा पड़ जाएगा? यह ऐसा भावनात्मक विषय है जो लोगों के दिलों पर सीधा असर डालता है। हमारे देश में अविवाहित रहकर यानी परिवार न बसा कर या परिवार का त्याग कर देश, समाज, धर्म की सेवा या आत्म साधना में जीवन लगाने वालों की बड़ी संख्या है। राजनीति में सभी विचारधाराओं में ऐसे लोग रहे हैं जिनका सम्मान समाज में हमेशा रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ परिवार इस मामले में इसलिए शीर्ष पर हैं क्योंकि वहां जीवनदानी प्रचारकों की सबसे ज्यादा संख्या है। समाजवादियों में भी ऐसे लोग रहे हैं। जिस मंच पर लालू जी ने प्रधानमंत्री पर हमला किया उसी से उन्होंने अपनी बेटी रोहिणी आचार्य को राजनीति में लॉन्च भी किया। लालू जी का मोदी पर हमला दुर्भाग्यपूर्ण व दुखद है। भाजपा समर्थक इस तरह के हमले को आसानी से सहन नहीं कर सकते।

विचार

विपक्षी इंडिया गठबंधन की राम लीला मैदान में रैली की सफलता

नेताओं के जुटान के नजरिए से देखा जाए तो विपक्षी इंडिया गठबंधन की दिल्ली के रामलीला मैदान में रैली एक सफल रैली थी। इसने अपने अंतर्विरोधों के साथ और उसके बावजूद भी एकजुटता जाहिर की है, जिससे यह संदेश गया है कि इंडिया में एनडीए को चुनौती देने का दम-खम है। भ्रष्टाचार के कथित मामले में जांच एजेंसियों की 'एकपक्षीय' सक्रियता से भी उनके नेताओं के चुनावी जोश में कोई फर्क नहीं पड़ा है। इंडिया के 27-28 दलों की मंच पर कतारबद्ध मौजूदगी इसे प्रामाणिक बनाती है। तभी तो रैली में रखे कांग्रेस के पांच न्यायों में से एक 'चुनाव के दौरान विपक्षी राजनीतिक दलों का आर्थिक रूप से गला घोंटने की जबरन कार्रवाई को तुरंत बंद करने की आयोग से मांग' पर कदम उठाया गया है।आयकर विभाग ने जुलाई तक उसके खाते पर किसी कार्रवाई से इनकार कर दिया है। यह त्वरित सफलता है। इसके अलावा, चुनाव आयोग से आम चुनावों में समान अवसर मुहैया कराने, चुनाव में हेराफेरी करने के उद्देश्य से विपक्षी दलों के खिलाफ जांच एजेंसियों की कार्रवाइयों पर रोक लगवाने, चुनावी चंदे का उपयोग कर भाजपा द्वारा बदले की भावना, जबरन वसूली और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में एसआईटी का गठन करने तथा सरकार से हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल की तुरंत रिहाई की मांग उन पांच न्यायों में शामिल है। ये बिंदु विपक्ष के चुनाव प्रचार एवं मुद्दे की एक व्यापक आम समझ जाहिर करते हैं। इन्हीं मुद्दों पर विपक्ष चुनाव में सरकार को घेरेगा। इनके बावजूद, दलगत सिद्धांतों एवं इसी आधार पर सीट शेयरिंग के साथ चुनिंदा नेताओं के व्यक्तित्व को लेकर एक समझ में आ सकने वाली दुविधा से यह रैली अछूती नहीं थी। इसकी आयोजक-संयोजक कही जाने वाली आप इसको अपने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर फोकस करना चाहती थी, जो कांग्रेस के कड़े विरोध के चलते संभव नहीं हुआ। पर आप को इससे कोई फायदा नहीं हुआ, ऐसा भी नहीं है। इस रैली से सुनीता केजरीवाल की सियासत में एक ग्रैंड इंट्री हुई है, जिन्होंने गारंटी के छह मुद्दे रखने के साथ अपने पति को इस्तीफा नहीं दिलाने पर जनस्वीकृति भी ली है। अगर 'संवैधानिक व्यवस्था ध्वस्त होने' या नैतिकता पालन के नाम पर अरविंद केजरीवाल हटे या हटाए गए तो उनकी पत्नी उनकी जगह ले लेंगी। हालांकि इंडिया की इस रैली की उसकी एकजुटता से शासन के वैकल्पिक एजेंडे की उम्मीद थी, जो पूरी नहीं हुई।

रिजर्व बैंक के लिए आगे की राह

सोमवार को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 90वें वर्ष में प्रवेश करने के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उचित ही कहा कि बैंक ने देश को विकास के मार्ग पर आगे ले जाने में अहम भूमिका निभाई है। दीर्घावधि की आर्थिक वृद्धि और विकास के लिए वित्तीय स्थिरता एक अनिवार्य शर्त है। इस समय रिजर्व बैंक इस महत्त्वपूर्ण पड़ाव का जश्न मना रहा है और यह उचित अवसर है कि संस्थान न केवल अपनी अतीत की उपलब्धियों को सामने रखे बल्कि भविष्य के लिए अपनी योजनाएं भी प्रस्तुत करे। यह इसलिए महत्त्वपूर्ण है कि वृहद आर्थिक स्थिति और नियामकीय चुनौतियों में निरंतर बदलाव आ रहा है। साफ कहें तो केंद्रीय बैंक बीते दशकों में अपने दायित्वों और कार्यों के साथ निरंतर विकसित हुआ है। समय-समय पर मतभेद के बावजूद सरकार ने इस सफर में रिजर्व बैंक को विधिक और सांस्थानिक सहायता मुहैया कराई है। इन बातों का यह आशय कतई नहीं है कि भारत की व्यवस्थाएं पूरी तरह खामी रहित हैं लेकिन बीते वर्षों में जो विकास हुआ है वह भी सकारात्मक दिशा में है। हाल के वर्षों के सबसे अहम घटनाक्रम में एक रहा है आरबीआई अधिनियम में संशोधन करना ताकि उसे मुद्रास्फीति को लक्षित करने वाले केंद्रीय बैंक में बदला जा सके। विभिन्न धड़ों के विरोध के बावजूद सरकार मौद्रिक नीति ढांचे को मजबूत बनाने के विचार पर सहमत है। इस बात ने मौद्रिक नीति के संचालन को अधिक पारदर्शी बनाया है और निवेशकों के आत्मविश्वास को बढ़ाने में मदद की है। हाल के समय में कुछ भ्रम की स्थिति बनने पर रिजर्व बैंक ने यह दोहरा कर सही किया कि वह मुद्रास्फीति को लक्षित करने के विधिक अधिदेश का पालन करेगा। इसके अलावा वृहद आर्थिक स्थिरता में सुधार की एक वजह रिजर्व बैंक द्वारा बाह्य क्षेत्र का कुशल प्रबंधन भी है। उसने अवसरों का लाभ लेकर बड़ा विदेशी मुद्रा भंडार खड़ा किया जिसने मौद्रिक अस्थिरता को समाप्त किया।

विकास और प्रतिष्ठा के आधार पर मतदान की संभावना

डा. रवीन्द्र अरजरिया

चुनावी काल की राजनैतिक सरगर्मियों के मध्य विदेशी ताकतों के व्दारा देश की आन्तरिक व्यवस्था पर टिप्पणियों का दौर प्रारम्भ हो गया है। दुनिया की व्यवस्था की स्वयंभू ठेकेदारी सम्हालने वाले भारत के स्वरूप को अपने ढंग से नियंत्रित करने का प्रयास करने लगे हैं। स्वाधीनता के बाद की इण्डिया का भारत के रूप में कायाकल्प होते ही अहंकार में डूबे हथियारों के विक्रेताओं के माथे पर बल पडने लगा है। कभी हमारी न्याय व्यवस्था को रेखांकित करने की कोशिशें होतीं हैं तो कभी आरोपियों की वकालत की जाने लगती है। जग जाहिर है कि दुनिया भर के जालसाज-भगोडों का कवच बनने वाले राष्ट्र हमेशा से ही अन्य देशों पर शिकंजा कसने के लिए दबाव बनाकर लाभ का अवसर तलाशते रहते हैं। आतंकवाद को पर्दे के पीछे से सहयोग करके संसार में अस्थिरता पैदा करने वाले हथियारों के निर्यातक देश दूसरों के कन्धों पर बंदूक रखकर गोली चलने में माहिर है। ऐसे षडयंत्रकारी भूभाग वर्तमान में भारत की नीतियों, व्यवस्था और विकास के कारण आन्तरिक रूप से व्यथित हैं। स्वाभिमान के शिखर की ओर अग्रसर होने वाले भारत में आत्मविश्वास का सूर्य चमकने लगा है। देश के साथ वैमनुष्यता रखने वालों के हाथों में कटोरे आते जा रहे हैं। वहां की अभाव भरी जिन्दगियों ने आन्तरिक विद्रोह की राह पकड ली है। चीन की चालों में फंसे कई देशों की कराह निकलने लगी है। वे दिवालिया होने होने की कगार पर पहुंच गये हैं। ऐसे में विश्वगुरु के सिंहासन की ओर बढते भारत के कदमों पर सकारात्मक राष्ट्रों व्दारा पंखुडियां बिछाने, प्रोटोकाल तोडकर वहां के राष्ट्राध्यक्षों व्दारा अगवानी करने तथा सर्वोच्च सम्मान देने से आतंक को संरक्षकों के सीने पर सांप लोटने लगे हैं। मुस्लिम राष्ट्रों में भी साम्प्रदायिक सौहार्द स्थापित करने की दिशा में भारत के साथ कदमताल करने के संकेत दे दिये हैं। वसुधैव कुटुम्ब कम की अवधारणा तले विश्व विरादरी जमा होने लगी है। सर्वे भवन्तु सुखिनः के अनुष्ठानिक संकल्प दोहराये जाने लगे हैं। वर्तमान भारतवर्ष का ऊर्जा चक्र विश्व संघर्षों पर पूर्णविराम लगाने लगा है। वर्तमान के लोकसभा के चुनावी काल में ही रूस और यूक्रेन जैसे राष्ट्रों ने एक साथ भारत को आमंत्रित किया है। दौनों पक्षों के विश्वास है कि भारत की पहल पर ही विश्व शान्ति सम्भव है। दूसरों के मामलों में चौधरी बनने के मंसूबे पालने वालों को मुंहतोड जवाब मिलते ही उनके सिपाहसालार मासूसी के दलदल में डूबने लगे हैं। आर्थिक अपराध, सामाजिक अपराध, संवैधानिक अपराध, मानवीय अपराध के पुराधाओं को सलाखों की सौगात मिलते ही उनके संरक्षक बौखला उठे। देश की स्वतंत्र संस्थाओं की कार्य प्रणाली पर प्रश्नचिन्ह अंकित करके वे अपने कलेजे को ठंडा करने की कोशिश में हैं। संयुक्त राष्ट्र की पत्रकार वार्ता में भारत के आन्तरिक मुद्दों पर बंगलादेशी पत्रकार से प्रश्न उठवाने वाले एक तीर में दो निशाने करना चाहते थे। अमेरिका, जर्मनी के व्दारा भारत के आन्तरिक मुद्दों पर ज्ञान देने की श्रंखला को संयुक्त राष्ट्र संघ तक पहुंचने की कोशिश के साथ-साथ भारत-बंगलादेश की दोस्ती को संदेह के दायरे में लाने का लक्ष्य भी शामिल था। आश्चर्य होता है कि बंगलादेशी पत्रकार व्दारा किन्हीं खास कारणों से पूछे गये प्रश्न को हमारे देश के अनेक मीडिया हाउस स्वयं की सुर्खियां बनाने में जुट गये। दूसरों की सोच को समर्थन देने के पीछे की मंशा को देश हित की पहल नहीं कहा जा सकता। संस्थान विशेष का पत्रकार अपने नियुक्तकर्ता के सिध्दान्तों का अनुशरण करता है, उनकी नीतियों के अनुरूप प्रश्न करता है और वहीं प्रकाशित-प्रसारित भी करता है। यदि कोई अन्य संस्थान उसी प्रश्न को उठाता है तो निश्चय ही उसकी सोच भी प्रश्नकर्ता की सोच से सहमत होगी। ऐसे में राष्ट्रहित, राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीयता पर ही प्रश्न चिन्ह लग जाते हैं। इन दिनों हाथों में हरा झंडा थामकर लाल सलाम करने वालों के षडयंत्र उजागर होने लगे हैं जिन्हें दबाने हेतु काले लबादा का सहारा लिया जाने लगा है। दबाव की राजनैतिक चालों से देश के वातावरण में अराजकता फैलाने के प्रयास एक बार फिर तेज कर दिये गये हैं। मीर जाफर को आदर्श मानने वाले स्वयं के हित के लिए देश की अस्मिता को सौदा करने लगे। कभी निर्वाचन आयोग पर सवालिया प्रहार होते हैं तो कभी न्यायपालिका के क्रियाकलापों को संदेह की नजरों से देखा जाता है। शिक्षा के मंदिरों में राजनैतिक अलाव जलाया जाने लगा। शिक्षा माफियों की एक बडी जमात फर्जी अंकसूचियों के आधार पर असामाजिक तत्वों को देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश दिलाकर वहां के वातावरण को दूषित करने में लगी है। शिक्षा प्रदान करने वाले स्थानों में देश के टुकडे करने की कसमें दिलाई जाने लगीं हैं। राजनीति को पेशा बना चुके घरानों के स्वयंभू सुप्रीमो ऐसे लोगों के साथ कन्धे से कन्धा मिलाकर खडे हो जाते हैं। आज हालात यहां तक पहुंच गये हैं कि जातियों के वोटों का ठेका लेने वाले लोग राजनैतिक दलों से सौदेबाजी करने में जुटे हैं। समानता का राग अलापने वाले अब जातिगत विभेद पैदा करने हेतु षडयंत्र करने में जुट गये हैं। सम्प्रदायगत भय पैदा करने वाले कट्टरवादियों व्दारा देश के विभिन्न स्थानों पर अपने गुर्गों से आतंक फैलाने की कोशिशें कर रहे हैं। कहीं आईएसआईएस से धमकी दिलाई जा रही है तो कहीं आईएसआई के समर्थकों की चुनौतियां सामने आ रहीं हैं। रमजान के महीने में भी निरीहों के खून की होली खेलने वाले अब अल्लाह के पैगाम पर मुल्लाओं के तर्जुमा को यकीनी मानकर जन्नत की हूरों के सपने देखने लगे हैं। तर्जुमा करने वालों की संतानें खुशहाल देशों में अय्यासी भरी जिन्दगी जी रहीं हैं। सुरक्षा के सात तालों में बंद होकर रहने वाले खुराफाती लोग ही दूसरों की औलादों को खुदा के नाम पर खुदकशी करने के लिए उकसा रहे हैं। दीन की तालीम के नाम पर अनेक संस्थानों में जेहाद की पढाई चल रही है। लोकसभा चुनाव में झूठी अफवाहों, मनगढन्त घटनाओं और उत्तेजनात्मक सामग्री परोसी जा रही है। वाट्सएप जैसे अनगिनत प्लेटफार्म निरंकुश होकर देश की गंगा-जमुनी संस्कृति को रेगस्तान बनाने पर तुले हैं। निजी समूहों के नाम पर बनाये जाने वाले अनेक ग्रुप में उत्तेजनात्मक सामग्री उडेली जा रही है।

ईमानदारी पर सिर्फ हमारी ठेकेदारी....

विभांशु दिव्याल

राष्ट्रीय राजनीति में दे दनादन चौके-छक्के मारकर तुरत-फुरत बड़ा स्कोर जुटाती हुई, देश के अनेक राज्यों में अपने मजबूत पांव फैलाती हुई और चारों तरफ मोदी विरोध का डंका बजाती हुई, आम आदमी पार्टी के कट्टर ईमानदार और पार्टी के पितृपुरुष सर्वेसर्वा ईमानी नेता को लेकर भाजपा सरकार के परम पुनीत प्रवर्तन निदेशालय ने अंततः अपना मनचाहा संकल्प पूरा किया और भाई को सलाखों के पीछे पहुंचाकर ही दम लिया। एक तरफ कट्टर ईमानदार सरकारी प्रधान, दूसरी तरफ कट्टर ईमानदार आम पार्टी का ईमानी नेता। दो कट्टर ईमानदारों के बीच जानमारू प्रतिद्वंद्विता के उग्र स्वरूप को देखकर हमारे झल्लन का दिल भर आया और वह अपनी सहानुभूति का टोकरा लेकर फिल्मी तर्ज पर भूतिया वेश में ईमानी नेता को कैद में रखने वाली सलाखों के निकट चला आया। उसने अपनी आवाज में दर्द पिरोया, आंखों को आंसुओं से धोया, फिर बोला- हम अपनी पूरी हमदर्दी लेकर आये हैं और आपके लिए दो-चार ठो सवाल भी लाये हैं। तो भाईजान, आप पहले व्यक्ति हैं जो मुख्यमंत्री के पद को भी अपने साथ जेल में ले आये हैं, इसके लिए आपको बधाई कि आप एक नया विश्व कीर्तिमान बनाए हैं। अब आगे आपकी रणनीति क्या होगी, आप बाहर आएंगे या यहीं रहकर अपना चुनाव अभियान चलाएंगे? अब यहां आपको कैसी अनुभूति हो रही है, कहीं आपकी हिम्मत तो जवाब नहीं दे रही है?ईमानी नेता-तुमने पूछा हिम्मत के बारे में, तो हमारा सीना भले 56 इंच का न हो लेकिन फौलाद का सीना है जो कभी हिम्मत नहीं हारता है, और जो हमें डराने की कोशिश करता है उसे ही डरा डालता है। मौजूदा सत्ता हमसे डर गयी है, उसे लगता है कि हम आ जाएंगे तो उनकी सरकार और उनकी पार्टी को खा जाएंगे। सो उन्होंने षड़यंत्र का चक्रव्यूह रचवाया है, हमें जेल भिजवाया है।झल्लन-मतलब यह

कि जो शराब घोटाला सामने आया है, जिसने इतना उत्पात मचाया है वो आपके हिसाब से हुआ ही नहीं, सब दारू में डूब गये मगर किसी ने दारू को छुआ नहीं?ईमानी नेता-जाहिर है सब खेल हमें परेशान करने के लिए रचाया गया है, हमारे नेताओं पर झूठे आरोप लगाकर जेल में डलवाया गया है।झल्लन-अच्छा, जब आप आरोप लगाते थे, भ्रष्ट और चोर नेताओं की सूची बनाकर मंच से सुनाते थे, उन्हें बार-बार जेल का हकदार बताते थे, तो तब उन पर आप किस आधार पर आरोप लगाते थे, किस बिना पर उन्हें चोर-भ्रष्टाचारी बताते थे?ईमानी नेता-उनके कारनामे तो एजेंसियां उजागर करती थीं, हमें बताती थीं। झल्लन-यानी जब औरों पर एजेंसियां आरोप लगाएं तो वे सही होती हैं पर जब आपको आरोपित ठहराएं तो वे गलत और षड़यंत्रकारी होती हैं। खैर, अच्छी बात है कि आप अपने सही और न्यायनिष्ठ होने का फैसला स्वयं अपने हक में कर लेते हैं इसलिए किसी भी एजेंसी के सम्मन को दरकिनार कर देते हैं। लेकिन यह बताइए कि जिस कांग्रेस के भ्रष्ट नेताओं की आप सूची जारी किया करते थे और जिस कांग्रेस के नेता कुछ समय पहले तक आपको शराब घोटाले का सूत्रधार बताया करते थे, आपकी गिरफ्तारी की मांग किया करते थे, आप उसी कांग्रेस से हाथ मिला रहे हैं और अपनी जेल मुक्ति के लिए उसी से करुण गुहार लगा रहे हैं। क्या आपका जमीर आपको कोंचता नहीं है, आपसे कुछ पूछता नहीं है? ईमानी नेता-हम कट्टर देशभक्त हैं, देश बचाना चाहते हैं, देश का संविधान बचाना चाहते हैं, अपने देश के लिए हम जमीर की कुर्बानी दे सकते हैं और संविधान बचाने के लिए कांग्रेस तो क्या, भ्रष्ट से भ्रष्ट व्यक्ति का भी साथ ले सकते हैं। झल्लन-तो आप कह रहे हैं कि भ्रष्ट लोगों से हाथ मिलाए बिना आप संविधान नहीं बचा सकते, या कहना चाहते हैं कि बिना उनके आप सत्ताधारी पार्टी को नहीं हरा सकते? या बिना इस भ्रष्ट कुनबे के आगे दंडवत किये आप अपनी महत्वाकांक्षानुसार प्रधानमंत्री पद की दौड़ में आगे नहीं आ सकते? ईमानी नेता-ये सारे आरोप गलत हैं, हम संविधान बचाने आये थे, सो संविधान को हर हाल में बचाएंगे। संविधान बचाने में पूरी ईमानदारी दिखाएंगे और ईमानदारी पर अपनी ठेकेदारी किसी भी सूरत में नहीं हटाएंगे। झल्लन-यानी जब औरों पर एजेंसियां आरोप लगाएं तो वे सही होती हैं पर जब आपको आरोपित ठहराएं तो वे गलत और षड़यंत्रकारी होती हैं। खैर, अच्छी बात है कि आप अपने सही और न्यायनिष्ठ होने का फैसला स्वयं अपने हक में कर लेते हैं इसलिए किसी भी एजेंसी के सम्मन को दरकिनार कर देते हैं। लेकिन यह बताइए कि जिस कांग्रेस के भ्रष्ट नेताओं की आप सूची जारी किया करते थे और जिस कांग्रेस के नेता कुछ समय पहले तक आपको शराब घोटाले का सूत्रधार बताया करते थे, आपकी गिरफ्तारी की मांग किया करते थे, आप उसी कांग्रेस से हाथ मिला रहे हैं और अपनी जेल मुक्ति के लिए उसी से करुण गुहार लगा रहे हैं। क्या आपका जमीर आपको कोंचता नहीं है, आपसे कुछ पूछता नहीं है? ईमानी नेता-हम कट्टर देशभक्त हैं, देश बचाना चाहते हैं, देश का संविधान बचाना चाहते हैं, अपने देश के लिए हम जमीर की कुर्बानी दे सकते हैं और संविधान बचाने के लिए कांग्रेस तो क्या, भ्रष्ट से भ्रष्ट व्यक्ति का भी साथ ले सकते हैं। झल्लन-चलिए ठीक है, न खाता न बही जो आप कहें वही सही। पर ये तो बताइए, जब आप जेल आ रहे थे तो आपके मन में क्या खयाल आ रहे थे? आपने क्यों नहीं सोचा कि परंपरानुसार पद से इस्तीफा दे देते और नैतिकता के पालन का थोड़ा श्रेय ले लेते? ईमानी नेता-सुनो मियां झल्लन, जिस नैतिकता की तुम बात कर रहे हो वह प्रजाति अब विलुप्त है, राजनीति के कब्रगाह में सुप्त है। अब जो हम सोचें, जो हम कहें, जो हम करें वही नैतिक होता है इसके अलावा जो भी कुछ होता है वह अनैतिक होता है। कोई कुछ भी कहे हम किसी के झांसे में नहीं आएंगे, हम जेल में हैं तो जेल से ही प्रचार करेंगे और जेल से ही अपनी सरकार चलाएंगे, और अब अगली बातें अगले इंटरव्यू में बताएंगे।

दैनिक
विश्व परिवार
रायपुर/धर्म समाज/देश
रायपुर, शुक्रवार 05 अप्रैल 2024
www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com

संक्षिप्त समाचार

मुनि श्री संधानसागर जी महाराज ने कहा- पांवो से नहीं, इरादों से चलो

गाडरवाड़ा (विश्व परिवार)। इरादे यदि बुलंद हो तो मंजील दूर नहीं है। ध्यान रखना पांवो से नहीं चला जाता इरादों से चला जाता है। संत

शिरोमणी आचार्य श्री 108 विद्यासागर जीमहाराज के परम प्रभावक शिष्य मुदि श्री 108 संधान सागर जी महाराज ने उक्त बात गाडरवारा में उपस्थित श्रावको के सामने की। मुनि श्री जी ने कहा कोशिश उसे वालो की हार नहीं होती, पैदल ही निकल जाते है जिनके पास कार नहीं होती। प्रात:काल 18 किमी भी लम्बी यात्रा करके आने के बाद पूज्य श्री ने कहा कि थोडा भी यदि पूज्यश्री मन में खान उत्साह है तो मंजील की तरफ ही बढ़ेगा।

गाडर की तरह मजबूत बनों : मुनि श्री संधानसागरजी महाराज संत शिरोमणी आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी, महाराज के परम प्रभावक शिष्य-युवा तरुणाई के प्रखर वक्ता मुनि श्री 108 संधान सागर जी महाराज ने कहा कि गाडर की तरह मजबूत बनों। गाडर जैसे पूरा वजन अपने ऊपर ले लेती है उसी गाडर की तरह हम सहनशील बन जायेगे तो फिर अपने आपको ऊपर उठा पायेंगे। मुनि श्री जी गाडरवाड़ा के पार्श्वनाथ जिनालय श्रद्वालुओं को संबोधित करते हुये बोले कि गाडरवारा शब्द कह रहा है कि हमें उन गडरीया लहार आदि से सीख लेना चाहिए। जैसे वे मे लती होते सी मेहनत हम करेगे तो कभी भी अस्वस्थ नहीं होगे। वे रोज कमाना, रोज खाने वाले होते हैं इसीलिए स्वस्थ हैं। **-विद्यावाणी संकलन**

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत नाम निर्देशन प्रक्रिया के लिए सहायक निर्वाचन अधिकारी का प्रशिक्षण

रायपुर (विश्व परिवार)। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत कलेक्ट्रेट परिसर स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में रिटर्निंग अफसरों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह संबोधिक करते हुए कहा कि नाम निर्देशन पत्रों की प्राप्ति और वापसी, संवीक्षा, प्रतीक चिन्ह आबंटन का संपादन सहायक रिटर्निंग ऑफिसरों के माध्यम से की जानी है। ऐसे में नाम निर्देशन की प्रक्रिया को बारिकियों से समझा जाएं। नाम निर्देशन 12 अप्रैल से 19 अप्रैल 2024 के मध्य किया जाएगा। इस दौरान जिम्मेदारी से दायित्व का निर्वहन करें। मास्टर ट्रेनर श्री राकेश डेढ़गवें और श्री अजीत हुंडेट, के द्वारा रिटर्निंग ऑफिसरों को बताया गया कि नाम निर्देशन के दौरान नामांकन के लिए मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों, राष्ट्रीय व उस राज्य में मान्यत प्राप्त को निर्वाचन क्षेत्र में कम से कम एक निर्वाचक प्रस्ताव आवश्यक है। गैर मान्यता प्राप्त पंजीकृत राजनीतिक दलों के अभ्यर्थियों और निर्दलीय अभ्यर्थियों को निर्वाचन क्षेत्र के कम से कम 10 निर्वाचकों के प्रस्ताव की आवश्यकता होगी। साथ ही मास्टर ट्रेनर ने रिटर्निंग ऑफिसरों को नामांकन प्रस्तावक, नामांकन प्रस्तुतकर्ता, नामांकन अतिम समय, नामांकन सीमायें, नामांकन प्रवेश, आरम्भिक समीक्षा, चेकलिस्ट, नामांकन रसीद, अन्य सूचना, नामांकन शपथ व प्रतिज्ञान, समय-सीमा, बैंक खाता व पासबुक, नामांकन के बाद, निर्वाचन अभिकर्ता, प्रकीर्ण और संवीक्षा, निरस्त करने का आधार इत्यादि विषयों पर विस्तृत और महत्वपूर्ण जानकारियां दी। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप, अपर कलेक्टर श्रीमती निधि साहू, रोजगार अधिकारी श्री केदार पटेल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

संत समागम की यही सार्थकता है कि संसार का अंत दिखने लगता है, सामने वाला संत बने या न बने लेकिन संतोषी अवश्य बन जाता है : आचार्य श्री आर्जव सागर जी महाराज

विदिशा (विश्व परिवार)। संत समागम की यही तो सार्थकता है कि संसार का अंत दिखने लगता है सामने वाला संत बने या न बने लेकिन संतोषी अवश्य बन जाता है। आचार्य गुरुदेव श्री विद्यासागरजी महाराज ने संत समागम पर मूकमाटी महाकाव्य में बहूत अच्छी लाईन लिखी है। उपरोक्त उद्गार उन्ही के शिष्य आचार्य श्री आर्जव सागर जी महाराज ने श्री शांतिनाथ जिनालय माधवगंज विदिशा में व्यक्त किये उन्होने कहा कि इस अनगढ़ पत्थर को पूज्य गुरूदेव ने तराशा एवं पूज्य बना दिया। उन्होंने गुरु के प्रति उपकार बताते हुये कहा कि सन 1990 तक पूज्य गुरूदेव के सानिध्य में रहा तत्पश्चात मध्यप्रदेश, राजस्थान तथा कर्नाटक राज्य के प्रमुख नगरों में पद विहार करते हुये विभिन्न तीर्थों की बंदना कर इन्दौर आया एवं दिनांक 25 जनवरी 2015 को कर्नाटक के ही वुजुर्ग संत आचार्य श्री सीमंधर सागर जी जिनकी आयू 90 वर्ष थी उन्होंने 12 वर्ष क समाधि सल्लेखना चल रही थी अंत समय निकट था उन्होंने मुझे बुलाया और जल का त्याग करते हुये अपना आचार्य पद प्रदान किया और समाधिस्थ हुये। उन्होंने कहा कि निर्ग्रन्थ से ही निर्ग्रंथ की परंपरा चलती है। प्रवक्ता अविनाश जैन ने आचार्य श्री का परिचय देते हुये बताया पथरिया मध्यप्रदेश में श्रावक श्रेष्ठी पिता श्री शिखरचंद जैन एवं श्रीमति माया देवी की कुक्षी से 11 सितंबर1967 को जन्म लैने बाले बालक पारस कुमार की प्रारंभिक लौकिक शिक्षा दमोह के आर्ट कालेज से बी.ए प्रथम वर्ष से हुई 17 वर्ष की आयू थी आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज पनागर मध्यप्रदेश में थे उनसे प्रभावित होकर ब्रह्मचर्य ब्रत ले लिया एवं 8 नवम्वर 1985 में क्षुल्लक दीक्षा तथा 10 जुलाई87 थूवोन जी में ऐलक दीक्षा तथा 31 मार्च को महावीर जयंती के दिन सोनागिर जी में मुनि प्रमाण सागर जी महाराज के साथ मुनि दीक्षा संपन्न हुई थी तब से लेकर अब तक लगातार धर्म प्रभावना चल रही है। प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया आचार्य श्री ने कयी कृतियाँ एवं काव्यसंग्रह रचनाऐं एवं पद्धानुवाद किये है। एवं श्री शांतिनाथ जिनालय स्टेशन जैन मंदिर में संघस्थ चार मुनिराजों के साथ विराजमान है। **-अविनाश जैन**

कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में भाजपा प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया गया

रायपुर (आरएनएस)। भाजपा में लगातार विभिन्न संघों और पार्टियों से नेता-कार्यकर्ता शामिल हो रहे है। इसी कड़ी में आज भापजा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में गुरुवार को प्रवेश का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें 300 से ज्यादा लोग भाजपा में शामिल हुए।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के 90 दिन का कार्यकाल आपने काम देखा है। बीजेपी की नीति रणनीति देखकर बीजेपी में आने का फैसला लिया आपका स्वागत है। अभिनंदन करता हूं। विश्व के नंबर वन नेता है जिस पार्टी के हम कार्यकर्ता हैं. हम अब आत्मनिर्भर हो रहे हैं. हम विकासशील देश से विकसित देश की ओर बढ़ रहे हैं. आज 1000 से ज़्यादा अलग-अलग क्षेत्र के लोग पार्टी में शामिल हुए।

किरण देव ने आगे कहा कि लोकसभा का चुनाव में तीन फ़ेस का नामांकन हो गया है। बूथ स्तर पर काम जारी है। आप जहां से सब आप प्रभावी लोग हैं कल से आप पूरी क्षमता के साथ जुड़ जाएं। पूरा देश कह रहा तीसरी बार नरेंद्र मोदी सरकार। लेकिन अब हम सब 400 पार के लिए मिलकर काम करेंगे। आप सभी लंबे समय से राजनीति में हैं। अनुभवशील हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में इन लोगों का दम घुट रहा था। तानाशाह, अराजकता, अपराध सुनियोजित ढंग से चल रहा था। जिससे लोग परेशान थे। आज बीजेपी में प्रवेश कर राहत महसूस कर रहे हैं। वहीं नारायण चंदेल ने कहा कि किसी प्रत्याशी को जिताने के लिए चुनाव नहीं है। बल्कि केंद्र में एक फ़िर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री पद पर बैठाने के लिए है। जिसके लिए हम सब जुट जाएं।

सम्मेद शिखर जी में श्रद्धापूर्वक मनाया गया श्रमणाचार्य श्री विशुद्धसागर जी महाराज का 18वां आचार्य पदारोहण दिवस

आचार्य श्री पद्मनंदी जी महाराज का 44वां मुनि दीक्षा दिवस भी मनाया गया

सम्मेद शिखर जी में विराजमान अनेक संतों के सान्निध्य में हुआ आयोजन, सिद्धचक्र विधान हुआ सम्पन्न

सम्मेदशिखर जी (विश्व परिवार)। शाश्वत सिद्धभूमि श्री सम्मेद शिखर जी में परम पूज्य श्रमणाचार्य श्री विशुद्धसागर जी महाराज का 18वां आचार्य पदारोहण दिवस हर्ष उल्लास के साथ परम पूज्य मुनि श्री सुप्रभ सागर जी महाराज, मुनि श्री सुयश सागर जी महाराज ससंघ के निर्देशन में मनाया गया। श्री शाश्वत तीर्थ सम्मेद शिखर जी में विराजित समस्त आचार्य, उपाध्याय, साधु, आर्यिका एवं त्यागीवृंद के सान्निध्य में श्री पुष्पदंत जिनालय के परिसर में आयोजित विनयांजलि सभा मुनि श्री सुप्रभ सागर जी ससंघ एवं मुनि श्री सुयश सागर जी ससंघ निर्देशन मे सम्पन्न हुई।

इस मौके पर आचार्य श्री वैराग्यनंदी जी महाराज ससंघ, बालाचार्य श्री मोक्षसागर जी महाराज ससंघ आचार्य श्री यतींद्रसागर जी महारसज, उपाध्याय श्री विभंजन सागर जी, मुनि श्री हर्षेन्द्रसागर जी, गणिनी आर्यिका विभाश्री माता जी, आर्यिका पुनीत चैतन्यमति जी, आर्यिका विनतश्री जी, आर्यिका विनयश्री जी, आर्यिका श्री सुज्ञानमति जी आदि लगभग पचास पूज्य साधुगण विनयांजलि सभा मे उपस्थित रहे।

सभा में इस दौरान आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के परम शिष्य मुनि श्री सुप्रभसागर जी महाराज ने कहा कि गुरु दर्शन मेरे जीवन मे सम्यक्दर्शन का कारण बन गया। गुरु किसी को कुछ देते नही फिर भी झोली भर जाती है। गुरु कुछ लेते नही फिर भी भक्त के, शिष्य के दुख दूर हो जाते हैं, गुरु के साथ जो चल देता है उसका भव पार हो जाता है।

मुनि श्री सुयशसागर जी महाराज ने कहा की गुरु की वाणी उनके एक-एक शब्द मंत्र रूप निकलते हैं और यदि शिष्य उन्हे श्रध्दापूर्वक ग्रहण करता है तो उसका भी कल्याण निश्चित हो जाता है।

पपू श्रमणाचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज का 18 वा आचार्य पदारोहण दिवस और आचार्य श्री पद्मनंदी जी महाराज का 44वां मुनि दीक्षा दिवस मधुवन (शिखर जी) के इतिहास मे पहलीबार अत्यंत् भक्ति भाव से मनाया गया।

उ. प्र, म. प्र, विहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, राजस्थान, दिल्ली, पश्चिमबंगाल, ओडिशा आदि देश के अनेक प्रांतों से आये श्रावकों ने अपने गुरु के प्रति गुरु भक्ति प्रदर्शित करते हुए विनयांजलि प्रस्तुत की।

सभा का संचालन पूज्य मुनि श्री प्रणतसागर जी महाराज एवं शैलेश जैन मधुबन ने किया।

इस मौके पर श्री सम्मेद शिखर विधान का आयोजन आचार्य पदारोहण दिवस पर सम्पन्न किया।

विमल-वात्सल्य धारा का अनूठा दृश्य देखकर भाव-विभोर हो उठे श्रावक- साधुगण।

सिद्धचक्र विधान भी बड़े ही भक्ति भाव से मुनि श्री सुप्रभ सागर जी, मुनि श्री प्रणत सागर जी के सान्निध्य में सम्पन्न किया गया।

सिद्धचक्र महामंडल विधान का पुण्यार्जन श्री जवाहरलाल जैन पडेले परिवार सागर ने प्राप्त किया तथा गुरु पूजन का सौभाग्य प्राप्त किया।

- डॉ सुनील जैन संचय

भगवान श्री आदिनाथ का जन्म एवं तप कल्याणक रथ यात्रा के साथ सम्पन्न

पारसोला (विश्व परिवार)। हमें सन 1990 में आचार्य पद इसी पारसोला नगर में मिला है यहां की समाज में देव शास्त्र, गुरु, धर्म के प्रति बहुत भक्ति भाव श्रद्धा है। पारसोला समाज ने धर्म प्रभावना के अनेक बड़े-बड़े कार्यक्रम किए हैं। पारसोला समाज की भक्ति को देखते हुए विगत 35 वर्षों में पहली बार काफी समय पूर्व यह घोषणा कर रहे हैं कि वर्ष 2024 का वर्षायोग पारसोला नगर में करेंगे।वर्षायोग से धर्म प्रभावना होती है, वर्षायोग से आप सभी जीवन में परिवर्तन लाने का पुरुषार्थ कर मनुष्य जीवन को सार्थक करने का प्रयास करें। यह उद्बोधन पंचम पट्टाधीश वात्सल्य वारिधी आचार्य श्री वर्धमान सागर जी ने प्रथम तीर्थंकर युग प्रवर्तक श्री आदिनाथ भगवान के जन्म एवम तप कल्याणक के अवसर पर आयोजित धर्म सभा में प्रगट की। ब्रह्मचारी गज्जू भैया, राजेश पंचोलिया पारस पाटनी अनुसार आचार्य श्री ने प्रवचन में बताया कि बच्चे युवा नारे लगाते हैं कि हम सब की यह अभिलाषा पारसोला में हो चौमासा। 20 वर्षो के लंबे इंतजार के बाद पूर्ण होगी। आचार्य श्री शांति सागर जी का आचार्य पद शताब्दी महोत्सव कार्यक्रम वर्ष 2024 में संघ के सानिध्य में होना है। इसके पूर्व आचार्य शांति सागर जी ने सन 1920 में मुनि दीक्षा ली थी तब मुनि दीक्षा शताब्दी वर्ष महोत्सव भी दीक्षा भूमि यरनाल में संघ सानिध्य में मनाया गया था। प्रथमाचार्य श्री शांति सागर जी को वर्ष 1924 समडोली में आचार्य पद मिला था उसे 100 वर्ष सन 2024 में पूर्ण हो रहे हैं इस कारण उनके उपकारों का अंश चुकाने के लिए पूरे देश में अक्टूबर 2024 से आचार्य शताब्दी महोत्सव मनाया जाएगा।

आचार्य श्री वर्धमान सागर जी का वर्ष 2024 का चातुर्मास पारसोला में होगा

आचार्य श्री ने बताया कि श्री ऋषभदेव जी का जन्म नाभि राय श्रीमती मरु देवी की कुक्षी से अयोध्या नगरी में चैत्र कृष्णा नवमी के दिन हुआ। भोग भूमि में जनता भूख प्यास से पीड़ित होने लगी, दुखी होने लगी तब राजा नाभिराय के दरबार में गए और अपने दुख निवारण की प्रार्थना की राजा ने उन्हें राजकुमार ऋषभदेव के पास भेजा।श्री ऋषभ देव ने जगत के कल्याण की भावना लेकर ही तीर्थंकर नाम कर्म प्रकृति का बंध किया था उन्होंने जनता के दुख पीड़ा को समझ कर असी, मसी, कृषि, वाणिज्य, शिल्प और कला का ज्ञान जनता, प्रजा को दिया असी अर्थात रक्षा करना मसी मतलब लेखन कार्य करना, कृषि खेती कार्य, वाणिज्य व्यापार कार्य, शिल्प अर्थात भवन निर्माण मूर्ति निर्माण का कार्य का ज्ञान, और कला से विद्या, ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम बताया।इसी प्रकार अपने दो पुत्री ब्राह्मी और सुंदरी को भी उन्होंने लिपि और अंक विद्या का ज्ञान दिया।

राजा ऋषभदेव की आयु 83 लाख वर्ष का समय व्यतीत होने पर सोधर्म इंद्र ने राज दरबार में नीलांजना के नृत्य का निमित्त बनाया नीलांजना की मृत्यु होने से राजा ऋषभदेव ने संसार को असार जानकर वैराग्य धारण किया संयोग ऐसा रहा कि चैत्र कृष्ण नवमी के दिन ही उन्होंने दीक्षा धारण की। 6 माह तक योग धारण किया आगामी 6 माह आहार के लिए नगर नगर गए किंतु किसी को भी मुनिराज को पड़गाहन और नवधा भक्ति का ज्ञान नही होने से बिना आहार के एक वर्ष से अधिक का समय हो गया। हस्तिनापुर के राजा श्रेयांस को दिगंबर मुनिराज को पिछले जन्म का जाति स्मरण होता कि आहार केसे दिया जाता है उन्होंने नवधा भक्ति पूर्वक पड़गाहन कर आहार दिया। आचार्य श्री ने बताया कि यद्यपि उन्हें आहार की जरूरत नही थी किंतु भविष्य में मुनिराज साधु किस प्रकार आहार लेंगे इस बात का ज्ञान देते हुए आहार लिया। वह शुभ दिन अक्षय तृतीया का दिन था। मुनिराज साधु वर्षा काल में सूक्ष्म जीवों की रक्षा और अहिंसा महाव्रत का पालन करने के लिए वर्षा योग करते है। जैन समाज के जयंती लाल कोठारी ने बताया कि इसके पूर्व मुनि श्री हितेंद्र सागर जी ने उपदेश में बताया कि जिन भव्य प्राणी का जन्म मरण दोबारा नही होता उनकी जन्म जयंती कल्याणक मनाया जाता है मुनि श्री ने श्रावको को देव दर्शन अभिषेक पूजन दान आदि धर्म कार्य करने की प्रेरणा दी। प्रवचन के पूर्व मंदिर में श्री जी का पंचामृत अभिषेक आचार्य श्री सानिध्य में हुआ उसके बाद श्री जी की रथ यात्रा का समापन नगर के प्रमुख मार्ग होकर सन्मति भवन में हुआ। **-राजेश पंचोलिया**

आबकारी घोटाले में आरोपी अरविंद सिंह और अनवर ढेबर को एसीबी ने किया गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। आबकारी घोटाले में जमानत पर चल रहे आरोपी अरविंद सिंह और अनवर ढेबर को एसीबी ने कुम्हारी टोल प्लॉजा के पास से गिरफ्तार किया। बताया जा रहा है कि हाई कोर्ट से जमानत मिलने के बाद बुधवार रात जेल से छूटा अरविंद सिंह अनवर ढेबर के साथ भागने की फ़िराक में था। जिसे एसीबी की टीम ने कुम्हारी टोल प्लॉजा के पास से गिरफ्तार कर लिया। अरविंद सिंह को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया गया तथा 7 दिन की रिमांड मांगी गई। कोर्ट ने अरविंद सिंह को 8 अप्रेल तक रिमांड पर सौंप दिया है। शराब घोटाले में अरविंद सिंह के साथ अनवर ढेबर का नाम आरोपी के तौर पर दर्ज है। ईडी ने अरविंद को 10 महीने पहले दुर्ग से गिरफ्तार किया था जिसे बुधवार रात ही जमानत मिली थी और गुरूवार सुबह उसे फिर एसीबी की टीम ने गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट से रिमांड पर लेने के बाद एसीबी/ईओडब्ल्यू पूछताछ करेगी।

जैन पत्रकार महासंघ की विचार गोष्ठी सम्पन्न

पत्रकार भगवान महावीर स्वामी के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाएं : सुधांशु कासलीवाल

जयपुर (विश्व परिवार)। जैन पत्रकार महासंघ (रजि.) के तत्वाधान में राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश जैन तिजारिया की अध्यक्षता एवं दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी के अध्यक्ष सुधांशु जैन कासलीवाल के मुख्य अतिथित्व में 4 अप्रैल 2024 प्रात: 11:00 बजे बडजात्या सभागार भट्टारक जी की नसिया जयपुर में भगवान महावीर 2550 में निर्वाण महोत्सव के संबंध में विचार गोष्ठी संपन्न हुई।

महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन ने अवगत कराया कि भगवान महावीर 2550 वें निर्वाण महोत्सव के अंतर्गत जैन पत्रकारों की एक गोष्ठी रखी गई, सर्वप्रथम महासंघ की ओर से मुख्य अतिथि सुधांशु कासलीवाल जी का स्वागत किया गया।

सुधांशु कासलीवाल जी ने अपने उद्बोधन में सर्वप्रथम श्री महावीर जी क्षेत्र द्वारा धार्मिक कार्यों के साथ-साथ जनहित के सामाजिक कार्यों जो किये जा रहे हैं और किए जाएंगे उन पर प्रकाश डाला, उन्होंने संस्कृत कॉलेज, अभ्रंश अकादमी, हेल्पलाइन, करोना काल में किए गए राहत कार्यों के बारे में बताया।

पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान महावीर के 2550 में निर्वाण महोत्सव पर उनके संदेशों को जन-जन तक पहुंचाएं और अपने-अपने क्षेत्र में महावीर सेतु, अहिंसा गेट, अहिंसा चौराहा, महावीर रोड, आदि के नाम से स्थानीय प्रशासन से कार्य करवाएं, उन्होंने भगवान महावीर के सिद्धांतों पर अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार कराने की भी घोषणा की, पत्रकारों को अनेकों सुविधा प्रदान करने की भी घोषणायें की और कहा कि जैन पत्रकार महासंघ का जो भी सदस्य क्षेत्र पर आएगा महावीर जी क्षेत्र पर आएगा उन्हें प्राथमिकता के आधार पर आवास आदि की निशुल्क सुविधा प्रदान की जाएगी, जैन पेपर जो प्रकाशित होते हैं उन्हें श्री महावीर जी क्षेत्र पर भेजने के लिए भी कहा। इस अवसर पर डॉ अनिल जैन राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महेंद्र बैराठी राष्ट्रीय प्रचार मंत्री, अकलेश जैन राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री, चक्रेश जैन जिला संयोजक जयपुर, राकेश गोदिका, शाबाश इंडिया, मनीष वैद अनोखी पत्रिका, दीपक गोधा, राजा बाबू गोथा राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी जैन महासभा, अमन जैन कोटखावदा पिंक सिटी बुलेटिन न्यूज़, अशोक पल्लीवाल, पीयूष लुहाडिया आदर्श चिराग, राजेंद्र वैद, महावीर सोनी मिताली सोनी, बीवी जैन, राजकुमार अजमेरा कोडरमा, रोहित जैन यूनिवर्सिटी, अभिषेक जैन कुन्थु विजया साहित्य ग्रंथ प्रकाशन समिति, कमलेश जैन जलते दीप आदि ने अपने-अपने विचार रखे।

राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश जैन तिजारिया ने कहा कि पत्रकार अपने-अपने क्षेत्र में, समाज में जैन संस्कृति के संरक्षण में कार्य करें, प्रचार प्रसार करें, भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव पर रचनात्मक कार्य करें, उन्होने अपने शब्दों में सभी उपस्थित पत्रकारों का स्वागत किया और बताया कि महासंघ की ओर से प्रतिवर्ष ज्येष्ठ व श्रेष्ठ 3-3 जैन पत्रकारों को पुरस्कृत किया जाता है। विचार गोष्ठी का संचालन राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन ने किया अंत में महासंघ की ओर से सभी का आभार व्यक्त किया।

-उदयभान जैन

जवाबदारी लेने से नेतृत्व कला का विकास होता है : सीए चेतन तारवानी

संस्था में सामान्य सदस्य शिकायत करने वालों में से हो सकते हैं लेकिन ऑफिसर शिकायत सुनने वालों में से होते है : विध्या गंगवानी

सुहिणी सोच के ऑफिसर ट्रेनिंग प्रोग्राम में अपने दायित्वों से परिचित हुए अधिकारी

रायपुर (विश्व परिवार)। सुहिणी सोच संस्था द्वारा समाज में मेलजोल और नेतृत्व कला का विकास करने के लिए ऑफिसर ट्रेनिंग का प्रोग्राम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गायत्री मंत्र से हुई ,कार्यकरम का संचालन संस्था की मेंबर श्रीमती रेणु कृष्णानी जी द्वारा किया गया।यह ट्रेनिंग प्रोग्राम वृंदावन हॉल में आयोजित किया गया ।।सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के प्रेसिडेंट श्री महेश दरयानी जी और स्टेट प्रेसिडेंट छत्तीसगढ़ युवा विंग से विकास रुपरेला जी उपस्थित हुए।

संस्था की संस्थापिका श्रीमती मनीषा तारवानी जी और अध्यक्ष दीक्षा बुधवानी व सचिव पूनम बजाज जी ने इस सेमिनार की जानकारी देते हुए बताया कि

संस्था की पूर्व अध्यक्ष एवं मुख्य प्रशिक्षक श्रीमती विद्या गंगवानी जी ने भी अपने कार्यकर्ताओं का उनके पद के अनुसार मार्गदर्शन देते हुए कहा कि %अगर हमें सफलता प्राप्त करनी है तो हम केवल कल्पना नहीं कर सकते अपितु,हमें अच्छे कर्म भी करने होंगे तथा बताया कि संस्था के सामान्य सदस्य एवं ऑफिसर में मुख्य अंतर ये होता है सामान्य सदस्य शिकायत करने वालो में से होते है और ऑफिसर शिकायत सुनने वालों में से होते है साथ ही सह प्रशिक्षक श्रीमती करिश्मा कमलानी जी ने बताया कि किस तरह पारिवारिक जिम्मेदारियां एवं संस्था की जिम्मेदारियो के बीच तालमेल बिठाया जाए। श्री महेश दरयानी जी एवंश्री विकास रुपरेला जी ने सभी पदाधिकारीयों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। भारतीय सिंधू सभा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सीए चेतन तारवानी जी ने भी अपने अनुभव साझा किये और बताया कि जवाबदारी लेने से नेतृत्व कला का विकास होता है।

उपरोक्त जानकारी मीडिया प्रभारी कविता नारा ने दी!

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार

बस्तर संभाग

रायपुर शुक्रवार 05 अप्रैल 2024

संक्षिप्त समाचार

तस्करों के कब्जे से मुक्त कराया मवेशियों को

कोरबा(विश्व परिवार)। वनांचल के करतला थाना क्षेत्र के बड़मार मार्ग होते हुए क्रूरतापूर्वक मवेशियों को ले जा रहे आधा दर्जन मवेशी तस्करों को करतला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। जिले के वनांचल ग्राम बड़मार मार्ग होते हुए मवेशियों को अंतर प्रांत झारखंड की ओर ले जा रहे मवेशी तस्करों की सूचना पर मुखबिर से बताए ठोस तथ्य मिलते ही कोरबा एसपी सिद्धार्थ तिवारी के मार्गदर्शन तथा एएसपी कोरबा यूबीएस चैहान, एसडीओपी बी.मिंज के पर्यवेक्षण में करतला टीआई आशीष सिंह एवं एएसआई मोतीदास डडसेना के हमराह स्टाफ द्वारा छापामार कार्रवाई करते हुए आधा दर्जन मवेशी तस्करों को धर दबोचा। जिनमें आरोपी क्रमशरू कैलाश यादव ग्राम सिसरिया रायगढ़, राजकुमार कुम्हार कुदरीपानी धरमजयगढ़, दरशराम यादव सरगबुंदिया थाना उरगा, नागसाय कादरो बागबहार जशपुर, भरोसराम अगरिया ग्राम सिसरेंगा रायगढ़ तथा रामप्रसाद नागवंशी को धर दबोचा। इन मवेशी तस्करों के पास से 48 नग मवेशी जिन्हें क्रूरतापूर्वक ले जाया जा रहा मुक्त कराया गया एवं न्यायालय भेजा जा रहा है।

गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

गरियाबंद(विश्व परिवार)। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र जिला गरियाबन्द क्षेत्रांन्तर्गत अवैध कारोबारियों (हीरा, गांजा, शराब, जुआ, सट्टा एवं वन्य प्राणी तस्करों पर) शिंकजा कसते हुये गांजा परिवहन करने वालों के ताक में पुलिस द्वारा निरंतर जागरूक होकर अवैध कार्यवाही रोकने हेतु पुलिस कप्तान अमित तुकाराम काम्बले के दिशा निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र चन्द्राकर व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मैनपुर बाजी लाल सिंह के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी निरीक्षक गौतमचंद गावड़े द्वारा टीम गठित कर एवं सायबर टीम के साथ मिलाकर कार्यवाही करते हुए दो गांजा तस्कर को पकड़ा है। आरोपी अपाचे मोटर साइकिल में सफेर रंग की बोरी में गांजा लेकर आ रहे थे। पकड़े गए आरोपियों में विक्रम मेहर पिता प्रमोद मेहेर 30 वर्ष एवं पीछे बैठा व्यक्ति अपना नाम राधामाधव मेहेर पिता कनिष्ठ मेहेर 29 वर्ष दोनों निवासी साकिन नकटीगुड़ा थाना जूनागढ़ ज़िला कालाहांडी (उड़िसा) का होना बताए। आरोपियों के कब्जे से 3 लाख 50 हजार रुपए मूल्य का गांजा जब्त करते हुए धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया है।

महिला मतदान अधिकारियों को मिला प्रशिक्षण

महासमुंद(विश्व परिवार)। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से मतदान कार्य संपन्न कराने के लिए 900 महिला अधिकारी-कर्मचारियों को पीठासीन एवं मतदान अधिकारी क्रमांक 1, 2 और 3 के रूप में दायित्व सौंपा गया है। इन महिला मतदान अधिकारियों को प्रथम चरण का विशेष प्रशिक्षण सभी विकासखण्ड मुख्यालयों में दिया गया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी एस. आलोक, उप जिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय साहू, जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत द्वारा निरीक्षण किया गया। उन्होंने प्रत्येक कक्ष में जाकर महिला मतदान अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किया तथा उन्हें बिना किसी भय के मतदान कार्य संपन्न कराने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी नंदकिशोर सिन्हा, जिला मास्टर ट्रेनर तोषण गिरि गोस्वामी, सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी गजेन्द्र ध्रुव, संजय मांझी उपस्थित थे।

खंड चिकित्सा अधिकारियों की हुई समीक्षा बैठक

रायगढ़(विश्व परिवार)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.वी.के.चंद्रवंशी की अध्यक्षता में आज स्वास्थ्य कार्यालय के आरोग्यम सभाकक्ष में जिला कार्यक्रम प्रबंधक समस्त खंड चिकित्सा अधिकारी राष्ट्रीय कार्यक्रम के समस्त नोडल अधिकारी के साथ समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रम की मासिक समीक्षा बैठक ली गई। जिसमें स्वास्थ्य विभाग में संचालित मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, राष्ट्रीय कैंसर, हृदय रोग, मधुमेह एवं स्ट्रोक नियंत्रण एवं रोकथाम कार्यक्रम, राष्ट्रीय तंबाकू निषेध कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। परिवार नियोजन, सिकलसेल कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, एकीकृत निगरानी कार्यक्रम बीमारी रोकथाम, राज्य नोडल एजेंसी तथा आयुष्मान भारत डिजीटल मिशन, एनएचएम अंतर्गत वित्तीय प्रगति, कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ ही समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों की लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

जिले में लोडशेडिंग और लो-वोल्टेज की समस्या को लेकर कलेक्टर ने विद्युत विभाग के अधिकारियों की ली बैठक

स्वीकृत सब-स्टेशनों और फीडरों को शीघ्रता से स्थापित करने के दिए निर्देश

कांकेर(विश्व परिवार)। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने आज विद्युत विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति के लिए आवश्यक उपाय करने के निर्देश दिए। बैठक में जिले में विद्युत कटौती और लो-वोल्टेज की समस्या के संबंध में से विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर ने कहा कि जिले के नागरिकों को अनियमित विद्युत कटौती होने से परेशानियों का सामना करना पड़ता है, इसलिए निर्धारित अवधि से अधिक समय तक विद्युत कटौती न करें और यदि यह जरूरी हुआ तो लोड शेडिंग का शेड्यूल अवश्य तैयार करें। उन्होंने जिले में सभी विद्युत सब-स्टेशनों और फीडरों को स्थापित करने की प्रक्रिया में तेजी लाने के आवश्यक निर्देश दिए।

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज शाम को आयोजित बैठक में कलेक्टर ने जिले में स्वीकृत एवं प्रक्रियाधीन सब-स्टेशनों की संभागवार समीक्षा की। उन्होंने सब-स्टेशन एवं फीडर निर्माण हेतु प्रस्तावित भूखण्डों का अधिग्रहण करने के लिए वन विभाग एवं राजस्व विभाग से पत्राचार करते हुए नियमानुसार दस्तावेजीकरण एवं कार्यवाही परस्पर समन्वय के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही लो-वोल्टेज की समस्या दूर करने घरेलू कनेक्शन और कृषि पम्प कनेक्शन के फीडरों का पृथक्कीकरण का कार्य शीघ्रता से पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान कार्यपालन अभियंता ने बताया कि बालोद जिले के गुरूर से बिजली आपूर्ति प्रारंभ होने से 02 अप्रैल से लोड शेडिंग बंद हो चुकी है।

आईपीएल व सट्टा मटका खिलाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

कोरबा(विश्व परिवार)। आईपीएल मैच और मटका के माध्यम से सट्टा खिलाने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मुखबीर की सूचना पर साइबर सेल कोरबा एवं सिविल लाइन रामपुर पुलिस की एक विशेष टीम बनाकर रामपुर भट्ठी एवं मानिकपुर बाईपास रोड के पास शराब दुकान में टीम के द्वारा घटना स्थल पहुंचकर घेराबंदी किया गया। यहां देशी शराब दुकान के पास रामपुर में आरोपी गौतम कुमार यादव पिता बंसीलाल यादव 39 वर्ष साकिन सर्वमंगला नगर बरमपुर चौकी सर्वमंगला कोरबा का होना बताया । जिसके कब्जे से रखें एक रेशमी नोट 9 का मोबाइल फोन को चेक करने पर ऑनलाइन सट्टा आईडी बनाकर रूपए पैसे का दांव लगाकर सट्टा खेलते हुए मिला इस संबंध में पूछताछ किया गया उसने सट्टा खेलना स्वीकार किया। वहीं दूसरे आरोपी विक्रमजीत पिता स्वर्गीय वेदराम टंडन उम्र 32 वर्ष निवासी चंदखुरी थाना सरगांव जिला मुंगेली को मटका सट्टा खिलाते हुए पकड़ा गया है। दोनों आरोपियों के कब्जे से 02 नग मोबाइल को जप्त किया जाकर कब्जा पुलिस लिया गया। दोनों आरोपियों के द्वारा कुल रकम 24246 रुपए का ऑनलाइन जुआ सट्टा में लगाया गया।

विभागीय नियम अनुसार आवेदन का निराकरण करें - कलेक्टर

सारंगढ़ बिलाईगढ़(विश्व परिवार),। कलेक्टर श्री धर्मेश कुमार साहू ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के कार्यों के प्रगति के संबंध में समय सीमा की बैठक ली। बैठक में श्री साहू ने सभी विभागों से प्राप्त आवेदनों, शिकायतों, मांग आदि के संबंध में एक-एक कर सभी का निराकरण के लिए अधिकारियों से किए गए कार्यवाही से आमने-सामने बातचीत किया। बैठक में जिले के हितग्राही पेंशन, सड़क निर्माण के दौरान वृक्ष कटाई का मुआवजा, राजस्व के नामांतरण, सीमांकन, व्यवस्थापन, किसानों का केवायसी, केसीसी, खनिज उत्खनन और शिकायत, स्वास्थ्य अंतर्गत सिकलसेल, न्यायालय प्रकरण आदि के संबंध मे विस्तार से चर्चा किया गया। कलेक्टर श्री साहू ने कहा कि किसी भी विभाग में मांग, शिकायत, आवेदन प्राप्त होता है तो उसे विभागीय नियम अनुसार उनका निराकरण करें। श्री साहू ने सड़क दुर्घटना के एक प्रकरण में तहसीलदार पूनम तिवारी को कहा कि प्रकरण की क्या स्थिति है। इसके साथ ही सरिया के एक सड़क दुर्घटना के मुआवजा के संबंध में कलेक्टर ने तहसीलदार शनि पैकरा से उस प्रकरण के स्थिति के संबंध में जानकारी लिया। इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि सड़क दुर्घटना के पीड़ित परिवार को राजस्व पुस्तक परिपत्र के अनुसार सहायता देना है ही। इसके साथ ही उनके परिजनों को वाहन दुर्घटना बीमा क्लेम की राशि के लिए कोर्ट में आवेदन करने के लिए समझाईश देने के निर्देश दिए। तहसीलदार श्री शनि पैकरा ने बीमा क्लेम के संबंध में कोर्ट में अर्जी के लिए पीड़ित परिवार को समझाइश दिए जाने की जानकारी कलेक्टर श्री साहू को दिए। कलेक्टर श्री साहू ने अपेक्स और कृषि विभाग के अधिकारियों से केसीसी, धान बीज, केवायसी, आधार सीडिंग आदि के संबंध में जानकारी लिया। बैठक में श्री साहू ने अपेक्स बैंक को किसानों को एटीएम कार्ड दिए जाने के संबंध में आवश्यक तैयारी के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने सीएमएचओ श्री अवधेश पाणिग्राही से सिकलसेल बीमारी के संबंध में व्यापक जनजागरूकता के लिए कहा, ताकि वे विवाह के पूर्व अपने जीवनसाथी के चयन के पूर्व सिकलसेल की जांच कराकर इस बीमारी के रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाएं।

मास्टर ट्रेनर का माइक्रो आब्जर्वर का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)। आगामी होने जा रहे लोकसभा मतदान के दिन मतदान प्रक्रिया को सम्पन्न कराए जाने हेतु माइक्रो ऑब्जर्वर को निर्वाचन संबंधित विशेष प्रशिक्षण प्रथम एवं द्वितीय पाली में जिला कलेक्ट्रेट के डंकिनी सभाकक्ष में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान मतदान केन्द्र में मतदान से पूर्व, मतदान के दिन तथा मतदान समाप्ति के बाद होने वाली सम्पूर्ण प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर ने अवगत कराया कि निर्वाचन में सकुशल मतदान संपन्न कराने में मतदान अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और माइक्रो आब्जर्वर को निर्वाचन से जुड़ी हर प्रक्रिया और प्रपत्र के बारे में निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश अनुरूप कार्य किया जाना है और सभी माइक्रो आब्जर्वर का दायित्व है कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा से करें, जिससे निष्पक्ष, पारदर्शी और सुव्यवस्थित निर्वाचन प्रक्रिया संपादित की जा सके। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान माइक्रो ऑब्जर्वर की भूमिका आंख, कान, नाक जैसी हैं, इसलिए सतर्कता के साथ निर्वाचन संबंधी प्रत्येक गतिविधियों पर पैनी नजर रखें। प्रशिक्षण के दौरान दिये गये। जानकारी का अच्छे से अध्ययन करें। इसी तरह प्रशिक्षण में मॉक पोल के पश्चात सीआरसी अर्थात क्लोज, रिजल्ट क्लियर की प्रक्रिया तथा मतदान प्रक्रिया सम्पादन और मतदान समाप्ति के बाद ईवीएम को क्लोज करना एवं सीलिंग प्रक्रिया के बारे में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गये।

आबकारी विभाग ने जब्त किया 92 बल्क लीटर देशी प्लेन शराब

महासमुंद(विश्व परिवार)। लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर कलेक्टर प्रभात मलिक के निर्देश पर आबकारी विभाग महासमुंद की सतत कार्रवाई जारी है। सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री उत्तम बुद्ध भारद्वाज के नेतृत्व में दिनांक मंगलवार को मुखबिर से सूचना व शिकायत पर बागबाहरा तेंदुकोना स्थित शेरे पंजाब ढाबा, थाना-तेंदुकोना में आरोपी के कब्जे से 390 नग पाव प्लेन शराब, कुल मात्रा 70.200 बल्क लीटर देशी प्लेन शराब बरामद किया गया तथा दूसरी कार्रवाई में तेंदुकोंना में ही नाला किनारे एक अन्य आरोपी के कब्जे से 125 नग पाव देशी प्लेन शराब कुल मात्रा 22.500 बल्क लीटर जुमला 92.700 बल्क लीटर, बाजार मूल्य 46350 रुपए जप्त किया गया। उक्त दोनों आरोपियों के विरुद्ध छ.ग. आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) (क)34(2), 59 क के तहत गैर जमानती प्रकरण कायम कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया है। उक्त कार्यवाही में आबकारी मुख्य आरक्षक कुंजराम ध्रुव, नगर सैनिक बाल कृष्ण प्रधान, प्रदीप प्रधान तथा वाहन चालक संतू का विशेष योगदान रहा।

केंद्र में सरकार बनी तो कांग्रेस देगी युवाओं, महिलाओं किसानों को 5-5 गारंटियां : विनोद चंद्राकर

कांग्रेस की गारंटी से महिलाएं होंगी समृद्ध, युवा, किसान बनेंगे आत्मनिर्भर

महासमुंद(विश्व परिवार)। पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनी तो युवाओं, महिलाओं व किसानों की समृद्धि के लिए पांच-पांच गारंटियां पूरी की जाएगी। महिलाओं के लिये महालक्ष्मी योजना लागू करेगी। महालक्ष्मी योजना में हर महिला को साल में एक लाख रुपए अर्थात महीने में 8333 रुपए मिलेंगे। केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनते ही किसानों की सुख समृद्धि के लिये एमएसपी को कानूनी दर्जा दिया जाएगा। राहुल गांधी ने 5 चरणों में युवा न्याय की घोषणा की है। कांग्रेस पार्टी केंद्र सरकार में 30 लाख नौकरी की गारंटी देगी। एक कैलेंडर जारी करेंगे और उसके अनुसार समयबद्ध तरीके से भर्ती की प्रक्रिया पूरी करेंगे। कांग्रेस पांच साल की अवधि के लिए देश में आवंटन की सुविधा के साथ 5000 करोड़ रुपए का एक कोष बनाएगी। 40 साल से कम उम्र के युवा किसी भी क्षेत्र में अपने बिजनेस के लिए स्टार्ट अप फंडिंग का लाभ उठा सकेंगे। चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है, पूरे देश सहित यहां के अन्नदाता किसानों को किसान न्याय की गारंटी मिलने से वे समृद्ध होंगे तथा उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगी। उन्होंने कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर एमएसपी को कानूनी दर्जा मिलेगा। किसान आर्थिक रूप से सक्षम होगा, खुशहाल होगा। बीते 10 वर्ष में मोदी सरकार ने किसानो की आमदनी दोगुनी करने उपज का डेढ़ गुना समर्थन मूल्य देने जैसे वादों को पूरा नहीं किया, बल्कि किसानों को कमजोर करने एवं पूंजीपतियों का गुलाम बनाने के लिए तीन काला कृषि कानून लाया जिसका कांग्रेस ने पुरजोर विरोध किया था। भाजपा की नीति में किसान की समृद्धि खुशहाली नहीं है। चंद्राकर ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस द्वारा जनता को जो 5 गारंटियां दी गई हैं, जो देश के लिए आशा की नई किरण बन कर आई है।

कलेक्टर ने बोर्ड परीक्षा के उत्तर पुस्तिका के मूल्यांकन कार्य का लिया जायजा

जगदलपुर(विश्व परिवार)। कलेक्टर विजय दयाराम के. ने शहर के जगतू माहरा शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में बोर्ड परीक्षा के उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन कार्य का जायजा लिया। उन्होंने उत्तर पुस्तिका का जांच कर रहे शिक्षकों से मूल्यांकन में कम और अधिक नंबर पाने वालों विद्यार्थियों की औसत संख्या का संज्ञान लिया। इस दौरान उन्होंने आवश्यकता अनुसार मूल्यांकन हेतु शिक्षकों की ड्यूटी लगाने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। केंद्र में बुधवार को भूगोल, इतिहास, विज्ञान, गणित, कॉमर्स, हिंदी और अंग्रेजी के पेपर की जांच की जा रही थी। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा बस्तर जिले को हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा वर्ष 2024 के लिए 66957 उत्तर पुस्तिका मिली है जिसमें 181 शिक्षकों द्वारा जाँच की जा रही है। इसी प्रकार हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा वर्ष 2024 के लिए 35110 उत्तर पुस्तिका मिली है जिसमें 125 शिक्षकों द्वारा जांच की जा रही है। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान तथा स्कूल प्रबंधन के अधिकारी उपस्थित थे।

स्वच्छता दीदियों द्वारा अपने ई-रिक्शा में स्टीकर लगाकर शत-प्रतिशत मतदान का दिया जा रहा संदेश

महासमुंद(विश्व परिवार)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रभात मलिक के निर्देशानुसार यात्री वाहनों में मतदाता जागरूकता संबंधी स्टीकर चिपकाया जा रहा है। इसके जरिए जिले में शत-प्रतिशत मतदान का संदेश दिया जा रहा है। इसी क्रम में मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत बुधवार को स्वच्छता दीदीयो ने स्वीप 2024 लोकसभा निर्वाचन महासमुंद के द्वारा तैयार मतदाता जागरूकता स्टिकर अपने ई रिक्शा सहित शहर के सवारी ऑटो में लगाए गए। मुख्य नगरपालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे ने बताया कि नगर में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत अनेक तरह के कार्यक्रम आयोजित कर मतदान में ज्यादा से ज्यादा मतदान हो इसको लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कार्यक्रम को लेकर नगर पालिका के समस्त वाहनों सहित सवारी वाहनों में मेरा भविष्य, सशक्त लोकतंत्र, प्रभावी प्रतिनिधित्व, समावेशी विकास, बेहतर भविष्य लिखा हुआ स्टीकर लगाकर मतदाताओं को लोकतंत्र का महापर्व 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा निर्वाचन में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

व्यापार समाचार

दस हजार मेगावाट से अधिक रिन्यूएबल एनर्जी का उत्पादन करने वाली भारत की पहली कंपनी बनी अदाणी ग्रीन एनर्जी

अहमदाबाद(एजेंसी)। अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) 10 हजार मेगावाट से अधिक रिन्यूएबल एनर्जी का उत्पादन करने वाली भारत की पहली कंपनी बन गई है। यह जानकारी बुधवार को कंपनी की ओर से दी गई। एजीईएल की ओर से उत्पादित 10,934 मेगावाट रिन्यूएबल एनर्जी से 5.8 मिलियन से अधिक घरों को बिजली मिलेगी। यह सालाना लगभग 21 मिलियन टन कार्बनडाईआक्साइड के उत्सर्जन को भी रोकेगा। अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी ने कहा, हमें रिन्यूएबल एनर्जी के क्षेत्र में भारत का पहला 'दस हजारी' होने पर गर्व है। अदाणी समूह के संस्थापक और चेयरमैन ने कहा, एक दशक से भी कम समय में अदाणी ग्रीन एनर्जी ने न केवल एक हरित भविष्य की कल्पना की है, बल्कि इसे साकार भी किया है। इस दिशा में आगे बढ़ते हुए 10 हजार मेगावाट स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन करने की क्षमता हासिल की है। इसमें 7,393 मेगावाट सौर ऊर्जा, 1,401 मेगावाट पवन ऊर्जा और 2,140 मेगावाट पवन-सौर हाइब्रिड ऊर्जा शामिल है। यह मील का पत्थर भारत की सबसे बड़ी और दुनिया की अग्रणी रिन्यूएबल एनर्जी कंपनियों में से एक एजीईएल और उसके साझेदारों की स्वच्छ ऊर्जा के प्रति प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है, जो 2030 तक 45 हजार गीगावॉट रिन्यूएबल एनर्जी के लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं। गौतम अदाणी ने कहा, यह उपलब्धि उस तेजी और पैमाने का प्रदर्शन है, जिस पर अदाणी समूह का लक्ष्य भारत को स्वच्छ, विश्वसनीय और किफायती ऊर्जा की ओर ले जाना है। गौरतलब है कि कंपनी गुजरात के कच्छ के खावड़ा में बंजर भूमि पर 30 हजार मेगावाट बिजली के उत्पादन के लिए दुनिया की सबसे बड़ी रिन्यूएबल एनर्जी परियोजना विकसित कर रही है। 538 वर्ग किमी की इस परियोजना का आकार पेरिस के आकार से पांच गुना और लगभग मुंबई शहर जितना बड़ा है।

मेटा ने भारत में फेसबूक व इस्टाग्राम से 1.38 करोड़ से ज्यादा खराब सामग्री हटाई

नई दिल्ली(एजेंसी)। मेटा ने कहा कि उसने भारत में फेसबुक की 13 पॉलिसियों में 1.38 करोड़ से ज्यादा खराब सामग्री और इंस्टाग्राम की 12 पॉलिसियों में 40.8 लाख से ज्यादा आपत्तिजनक सामग्री हटा दी। फरवरी में फेसबुक को भारतीय शिकायत तंत्र के जरिए 18,512 रिपोर्टें प्राप्त हुईं और कहा गया कि उसने 9,300 मामलों में मुद्दे हल करने के लिए उपयोगकर्ताओं को उपकरण मुहैया कराए। मेटा ने आईटी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 के अनुपालन में पेश अपनी मासिक रिपोर्ट में कहा कि इनमें विशिष्ट उल्लंघनों के लिए सामग्री की रिपोर्ट करने खातिर पहले से स्थापित चैनल है, जहां वे अपना डेटा डाउनलोड कर सकते हैं और खाता हैक किए जाने के मुद्दों को हल करने के उपाय वगैरह शामिल हैं। मेटा ने कहा, अन्य 9,212 रिपोर्टों में जहां विशेष समीक्षा की जरूरत थी, हमने अपनी नीतियों के अनुसार सामग्री का विश्लेषण किया और कुल 2,970 शिकायतों पर कार्रवाई की। बाकी 6,242 शिकायतों की समीक्षा की गई, लेकिन उन पर कार्रवाई नहीं की गई। इंस्टाग्राम पर कंपनी को भारतीय शिकायत तंत्र के जरिए 12,709 रिपोर्टें प्राप्त हुईं। इसमें कहा गया है, इनमें से हमने 5,344 मामलों में उपयोगकर्ताओं को उनके मुद्दों को हल करने के लिए उपकरण प्रदान किए। अन्य 7,365 रिपोर्टों में, जहां विशेष समीक्षा की जरूरत थी, मेटा ने सामग्री का विश्लेषण किया और कुल 2,470 शिकायतों पर कार्रवाई की। बाकी 4,895 रिपोर्टों की समीक्षा की गई, लेकिन हो सकता है कि उन पर कार्रवाई न की गई हो। नए आईटी नियम 2021 के तहत 50 लाख से ज्यादा उपयोगकर्ताओं वाले बड़े डिजिटल और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को मासिक अनुपालन रिपोर्ट प्रकाशित करनी होगी। मेटा ने कहा, हम सामग्री के उन टुकड़ों की संख्या मापते हैं (जैसे पोस्ट, फोटो, वीडियो या टिप्पणियां) जिन्हें अपने मानकों के विरुद्ध जाने पर हम कार्रवाई करते हैं। कार्रवाई करने में फेसबुक या इंस्टाग्राम से सामग्री के एक टुकड़े को हटाना या फ़ोटो या वीडियो को कवर करना शामिल हो सकता है। कुछ दर्शकों को चेतावनी देकर परेशान किया जा रहा है। मेटा ने जनवरी में फेसबुक के लिए 13 पा़लिसियों में 1. 78 करोड़ से ज्यादा सामग्री को हटा दिया और इंस्टाग्राम के लिए 12 पा़लिसियों में 40.8 लाख से ज्यादा आपत्तिजनक सामग्री हटाई।

मुकेश अंबानी एशिया में नंबर-1, जानें कौन है दुनिया का सबसे रईस शख्स

नई दिल्ली(एजेंसी)। दुनिया के अमीर लोगों के बारे में जानकारी रखने वाली वेबसाइट फोर्ब्स ने हाल ही में दुनिया के टॉप अमीर लोगों की लिस्ट जारी की है। फोर्ब्स द्वारा जारी 2024 के अरबपतियों की लिस्ट के मुताबिक, भारत के दिग्गज कारोबारी और रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी एक बार एशिया में नंबर 1 हैं। वहीं, फ़ोर्ब्स की लिस्ट में भी वो टॉप 10 में हैं। दुनिया में सबसे अमीर शख्स स्ङ्करू॥ के मालिक बर्नार्ड अरनॉल्ट हैं। जारी हुई फोर्ब्स की सूची में पहले नंबर पर फ्रांस के बर्नार्ड अर्नाल्ट और उनका परिवार आया है। बर्नार्ड अर्नाल्ट 233 बिलियन डॉलर की कुल संपत्ति के साथ विश्व के सबसे अमीर लोगों की सूची में पहले स्थान पर पहुंचे हैं। इस सूची में दूसरे स्थान पर अमेरिका के रहने वाले एलन मस्क हैं, जिनकी कुल संपत्ति 195 बिलियन डॉलर बताई गई है। लिस्ट में अमेरिका के रहने वाले अमेजन के फॉउण्डर जेफ बेजोस अपनी 194 बिलियन डॉलर की संपत्ति के साथ तीसरे स्थान पर पहुंचे हैं। चौथे स्थान पर अमेरिकी बिजनेसमैन मेटा के फाउंडर मार्क ज़ुकरबर्ग हैं। पाचंवे नंबर पर लैरी एलिसन हैं, जो ऑरिकल कंपनी चलाते हैं, इनके पास 141 बिलियन डॉलर की संपत्ति दर्ज की गई है। वॉरेन बफेट इस लिस्ट में 6वें स्थान पर हैं, उनके पास 133 बिलियन डॉलर की संपत्ति दर्ज की गई है। फोर्ब्स की सूची में माइक्रोसॉफ्ट के फॉउण्डर बिल गेट्स अपनी 128 बिलियन डॉलर की संपत्ति के साथ सातवें नंबर पर पहुंचे हैं। आठवें नंबर पर स्टीव बाल्मर 121 बिलियन डॉलर की कुल संपत्ति है। भारत से मुकेश अंबानी 116 बिलियन डॉलर की नेटवर्थ के साथ नौवें नंबर पर हैं। वहीं, दसवें नंबर पर अल्फाबेट के ष्टश्वह्र लैरी पेज हैं उनके पास 114 बिलियन डॉलर की नेटवर्थ है।

मयंक यादव की रफ़्तार से आईपीएल में सभी अचंभित

बेंगलुरु(एजेंसी)। पहले दो आईपीएल मैचों में प्लेयर ऑफ़ द मैच, आईपीएल में सबसे अधिक लगातार 155 किमी प्रति घंटे की रफ़्तार से गेंद, लीग के इतिहास की चौथी सबसे तेज़ गेंद (156.7 किमी प्रति घंटा)। 21 साल के मयंक यादव ने लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए खेलते शनिवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ़ मैच जिताऊ स्पैल डालने के बाद मंगलवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के ख़िलाफ़ इसको दोहराया। उन्होंने चिन्नास्वामी स्टेडियम में चार ओवर में 14 रन देकर तीन विकेट लेकर बेहतरीन स्पैल डाला, जिसमें ग्लेन मैक्सवेल और कैमरन ग्रीन के विकेट शामिल थे। ये ऐसे बल्लेबाज़ हैं,जो ऑस्ट्रेलिया की उछाल भरी पिचों पर खेलने के आदी हैं, वहीं एक विकेट रजत पाटीदार का भी इसमें शामिल था। मैच के बाद मयंक ने कहा, दो मैचों में दो प्लेयर ऑफ़ द मैच अवार्ड लेकर अच्छा लग रहा है, लेकिन मैं इससे अधिक खुश हूं कि हम दोनों मैच जीते। मेरा लक्ष्य देश के लिए काफ़ी वर्षों तक अच्छा करना है, जितना मैं कर सकूं। यह बस शुरुआत है मेरा फ़ोकस मेरे मुख्य लक्ष्य पर है। मयंक ने कहा कि उनका पसंदीदा विकेट ग्रीन का था जो एक तेज़ गेंद पर बीट होकर बोल्ड हो गए और गेंद स्टंप्स से लगकर वन बाउंस बाउंड्री तक पहुंची। मयंक ने कहा, आपको इस गति से गेंदबाज़ी करने के लिए कुछ चीज़ों की ज़रूरत होती है, जैसे डाइट, सोना और ट्रेनिंग। अगर आप इस गति से गेंदबाज़ी करना चाहते हो तो आपको हर चीज़ में सटीक होना जरूरी है। मेरा फ़ोकस मेरी डाइट पर है और साथ ही मेरी रिकवरी पर भी जिसमें आइस बाथ शामिल है। लखनऊ के कप्तान केएल राहुल कीपिंग कर रहे थे और उन्होंने कहा कि मयंक की एक गेंद उनके ग्लव्स पर बहत ही तेज़ लगी थी। राहुल ने कहा, यह देखकर बहुत अच्छा लग रहा है जिस तरह की इन मैचों में मयंक ने गेंदबाज़ी की है। वह शांति से और संयम के साथ डगआउट में बैठकर पिछले दो सीज़न से इंतज़ार कर रहा था। वह पिछला सीज़न चोटिल होने के कारण नहीं खेल सका। लेकिन वह मुंबई में फ़िजियो के साथ रहकर काफ़ी कड़ी मेहनत कर रहा था। वह जानता है कि 155 किमी प्रति घंटा की गर्ता से गेंदबाज़ी करना आसान नहीं है। युवा अवस्था में ही उसको कई चोट लग चुकी हैं। उसका बेहतरीन मिज़ाज़ है और स्टंप्स के पीछे 20 यार्ड से उसको गेंदबाज़ी करते देखने में मज़ा आ रहा है। जहां मैं चाहता हूं वह वहीं गेंदबाज़ी कर रहा है। लखनऊ के ओपनर क्विंटन डिकॉक ने कहा कि मयंक रॉकेट फ़ेंक रहा था। डिकॉक ने कहा, उसको अपनी टीम में देखकर खुश हूं। वह बहुत ही अच्छी गेंदबाज़ी कर रहा है। आमतौर पर एक युवा के तौर पर इतनी गति के साथ गेंदबाज़ी करने से आप कई चीज़ों में फंस जाते हो।

शीर्ष वरीय पेगुला ने अनिसिमोवा को हराया; कोलिन्स भी जीतीं

चार्ल्सटन (अमेरिका)(एजेंसी)। शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व नंबर 5 जेसिका पेगुला ने साथी अमेरिकी अमांडा अनिसिमोवा के खिलाफ तीन सेटों के रोमांचक मुकाबले में वापसी करते हुए 3-6, 6-4, 7-6(7-3) से जीत हासिल की। पेगुला भी परेशानी में थी क्योंकि निर्णायक सेट के दसवें गेम में उसे मैच प्वाइंट देने से इनकार कर दिया गया था, लेकिन उन्होंने टाई ब्रेकर में तेजी से 5-1 की बढ़त बना ली और अपने हमवतन का फोरहैंड वाइड जाने पर मैच समाप्त कर दिया। उन्होंने यह मैच दो घंटे 26 मिनट में जीता। पेगुला एक साल पहले यहां सेमीफाइनलिस्ट थीं , लेकिन इस बार दूसरे दौर के मुकाबले में उन्हें कड़ी मेहनत करनी पड़ी और 15 ब्रेक प्वाइंट अवसरों में से केवल चार को ही भुना पाईं। 30 वर्षीय अमेरिकी तीसरे दौर में मैग्डा लिनेट से भिड़ेंगी, 32 वर्षीय पोल ने तीन सेटों में दयाना यास्त्रेमस्का को हराया। पेगुला की साथी वरीयता प्राप्त अमेरिकी मैडिसन कीज़ उतनी भाग्यशाली नहीं रहीं, रोमानिया की जैकलिन क्रिस्टियन से तीन सेटों में हार गईं, जिन्होंने 3-6, 6-3, 6-3 से उलटफेर के साथ शीर्ष 20 प्रतिद्वंद्वी पर अपने करियर की दूसरी जीत दर्ज की। मंगलवार दोपहर को मियामी ओपन चैंपियन डेनिएल कोलिन्स ने पाउला बडोसा को 6-1, 6-4 से हरा दिया। वह बुधवार को दूसरे दौर में नंबर 2 वरीयता प्राप्त ओन्स जाबौर से खेलेंगी। बडोसा के लिए यह एक और निराशा थी। स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण वह 2023 के आखिरी छह महीनों में कोर्ट से बाहर रही थीं।

आर्थिक संकट में घिरी बायजू में छंटनी का सिलसिला जारी, कंपनी ने एक कॉल पर की सैकड़ों की छुट्टी

नई दिल्ली(एजेंसी)। आर्थिक संकट में फंसी एडटेक कंपनी बायजू ने सैकड़ों कर्मचारियों को नौकरी से निकालना शुरू कर दिया है। कंपनी ने कहा कि वह पुनर्गठन अभ्यास के अंतिम चरण में है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कंपनी कर्मचारियों को बिना नोटिस पीरियड दिए ही जाने दे रही है। बायजूस ने छंटनी के लेटेस्ट राउंड में सेल्स डिपार्टमेंट में काम करने वालों को बाहर का रास्ता दिखाने की घोषणा की है। इसके लिए कर्मचारियों को पहले से कोई नोटिस भी नहीं दिया गया। बायजूस में इस बार की छंटनी का असर 500 कर्मचारियों तक पर पड़ सकता है। इस बार इन कर्मचारियों को 31 मार्च को एचआर डिपार्टमेंट से कॉल आया। कॉल के दौरान ही उन्हें बता दिया गया कि कंपनी ने उन्हें नौकरी से निकालने का प्रोसेस शुरू कर दिया है और तत्काल उनकी एक्जिट प्रोसेस शुरू की जा रही है। उन कर्मचारियों का लास्ट वर्किंग डे 31 मार्च ही था। एक बयान के अनुसार, कंपनी ने अभी तक अपने कर्मचारियों को मार्च महीने का वेतन नहीं दिया है। कंपनी परिचालन संरचनाओं को सरल बनाने, लागत आधार को कम करने और बेहतर नकदी प्रवाह प्रबंधन के लिए अक्टूबर 2023 में घोषित व्यवसाय पुनर्गठन अभ्यास के अंतिम चरण में है। एडटेक स्टार्टअप ने पिछले दो वर्षों में हजारों कर्मचारियों को नौकरी से निकाला है। यह सीमित फंडिंग और निवेशकों और अन्य हितधारकों के साथ कानूनी लड़ाई से जूझ रहा है। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा, चार विदेशी निवेशकों के साथ चल रहे मुकदमे के कारण हम एक असाधारण स्थिति से गुजर रहे हैं, पूरा इकोसिस्टम जबरदस्त दबाव से गुजर रहा है। इस बीच, बायजू ने अपने हजारों कर्मचारियों के वेतन में लगातार दूसरे महीने यह कहते हुए देरी की कि कुछ गुमराह विदेशी निवेशकों ने फरवरी के अंत में एक अंतरिम आदेश प्राप्त किया, जिसने राइट्स इश्यू के माध्यम से जुटाए गए धन के उपयोग को प्रतिबंधित कर दिया। कंपनी प्रबंधन ने कर्मचारियों को भेजे ईमेल में कहा कि हमें आपको यह बताते हुए दुख हो रहा है कि वेतन भुगतान में फिर से देरी होगी।

मुक्केबाज प्रशिक्षण के लिए तुर्की जाएंगे

नई दिल्ली(एजेंसी)। खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने पेरिस ओलंपिक के लिए जाने वाले मुक्केबाजों के तुर्की में प्रशिक्षण के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जबकि वैश्विक आयोजन के आगाज में अब बस कुछ ही महीने शेष हैं। मंत्रालय ने कहा, टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) के तहत एमवायएएस भारतीय मुक्केबाज निखत जरीन, प्रीति पवार, परवीन हुडा और लवलीना बोरगोहेन के साथ-साथ दो कोचों और एक फिजियो को तुर्की में एक विशेष विदेशी प्रशिक्षण शिविर के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करेगा। मुक्केबाजों के अलावा, एमओसी ने पांच टॉप्स पहलवानों के लिए विदेशी प्रशिक्षण शिविरों को भी मंजूरी दे दी, जो आगामी पेरिस ओलंपिक

क्वालीफायर और एशियाई चैंपियनशिप की तैयारी कर रहे हैं। इसमें कहा गया है, पहलवान सुजीत (65 किग्रा), दीपक पुनिया (86 किग्रा) और नवीन (74 किग्रा) अप्रैल में एशियाई ओलंपिक क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट से पहले प्रशिक्षण के लिए अपने सम्मानित साथी, कोच (रवि के लिए) और फिजियोथेरेपिस्ट के साथ रूस जाएंगे। इस बीच, भारतीय निशानेबाज भवनीश मेंदीरत्ता आईएसएसएफ विश्व कप, बाकू की तैयारी के लिए निजी कोच डेनियल डि स्पिग्नो के साथ प्रशिक्षण लेने के लिए इटली जाएंगे। मंत्रालय उनके एयर टिकट, आवास और भोजन की लागत, वीजा लागत, कोचिंग शुल्क (भवनीश के लिए) सहित अन्य खर्चों को कवर करेगा। इसने सुझोउ और दोहा में डायमंड लीग प्रतियोगिताओं के लिए वित्तीय सहायता के लिए एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों (सीडब्ल्यूजी) के पदक विजेता मुरली श्रीशंकर के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी। टॉप्स उनके कोच और मनोवैज्ञानिक का हवाई किराया, बोर्डिंग/आवास लागत, ओपीए, वीज़ा शुल्क और चिकित्सा बीमा लागत सहित अन्य खर्च कवर करेगा। इसके अलावा, भारतीय पैडलर मनिका बत्रा को क्रोएशिया में डब्ल्यूटीटी फीडर वरज़दीन में भाग लेने के लिए वित्तीय सहायता मिलेगी, साथ ही उनके कोच अमन बाल्गु को चेक गणराज्य के हाविरोव में विश्व मिश्रित युगल ओलंपिक क्वालीफिकेशन इवेंट में भाग लेने के लिए वित्तीय सहायता मिलेगी। टॉप्स के तहत एमओसी ओलंपिक क्वालीफिकेशन इवेंट के दौरान उनके कोच के लिए आतिथ्य व्यय (आवास, भोजन, प्रवेश शुल्क, स्थानीय परिवहन) और वीज़ा शुल्क, चिकित्सा के साथ-साथ उनके हवाई किराए को भी कवर करेगा। बैठक के दौरान एमओसी ने इस ओलंपिक चक्र के लिए टॉप्स कोर ग्रुप में तीन निशानेबाजों और एक पैरा-बैडमिंटन खिलाड़ी को भी शामिल किया है। टॉप्स में शामिल किए गए चार एथलीट हैं, भारत की पैरा-शटलर पलक कोहली, स्कीट निशानेबाज अनंतजीत सिंह नरूका और रायजा ढिल्लों और ट्रैप निशानेबाज राजेश्वरी कुमारी।

मोटोरोला ने दुनिया के पहले टू कलर कैमरा और डिस्प्ले के साथ भारत में लॉन्च किया अपना बहुप्रतीक्षित एज 50 प्रो फोन

नईदिल्ली (एजेंसी)। भारत के सर्वश्रेष्ठ 5जी स्मार्टफोन ब्रांड मोटोरोला ने आज अपने नए प्रीमियम स्मार्टफोन - मोटोरोला एज 50 प्रो के भारत में ग्लोबल फर्स्ट लॉन्च की मेजबानी की। यह फोन मोटोरोला के एज फ्रेंचाइजी का सबसे नया एडिशन है। यह स्मार्टफोन बुद्धिमत्ता और कला के मिश्रण का बेहतर उदाहरण है और प्रीमियम स्मार्टफोन सेगमेंट में हलचल मचाने के लिए तैयार है। इस स्मार्टफोन में दुनिया का पहला और एकमात्र AI पावर्ड प्रो-ग्रेड कैमरा दिया गया है, जो पैनटोन1 द्वारा मान्य वास्तविक रंगों और मानव त्वचा टोन की विशाल रेंज के साथ आता है। इस पैनटोन द्वारा मान्य स्मार्टफोन में दुनिया का पहला और एकमात्र टू कलर डिस्प्ले भी दिया गया है। मोटोरोला एज 50 प्रो एक खूबसूरती से तैयार किए गए संतुलित डिजाइन में पेश किया गया है। यह फोन मूनलाइट पर्ल फिनिश में दुनिया के पहले हस्तनिर्मित डिजाइन में आता है। इटली में बनाया गया ये डिजाइन फोन के पिछले हिस्से में देखने को मिलता है। इसके अलावा इस फोन में एक शक्तिशाली स्नैपड्रैगन 0 7 जेन 3 प्रोसेसर भी है जो जेनरेटिव AI फीचर्स और दूसरे एक दम नए फीचर्स प्रदान करता है। इसमें तेज 125W टर्बोपावरU™ चार्जिंग, 50W वायरलेस चार्जिंग, IP682 अंडरवाटर प्रोटेक्शन और 256GB स्टोरेज के साथ 12GB रैम जैसे फीचर शामिल

हैं। पैनटोन द्वारा मान्य वास्तविक रंग आउटपुट के साथ दुनिया के पहले AI पावर्ड प्रो-ग्रेड कैमरे से सुसज्जितमोटोरोला एज 50 प्रो तमाम ऐसे फीचर्स से भरा हुआ है जो आपके रोजमर्रा के जीवन को खूबसूरती से कैद की गई यादों में बदल देता है। इसका कैमरा असली दुनिया के पैनटोन रंगों की पूरी सीरीज का प्रामाणिक रूप से अनुकरण करके पैनटोन के वैल्यूएशन और ग्रेडिंग मानदंडों को पूरा करता है। इसके अलावा, पैनटोन स्किनटोनङ्ग वैलिडेटेड पर आधारित कैमरा मानव त्वचा के अलग-अलग रंगो को उनके एक दम वास्तिवक टोन में कैप्चर करता है। मोटोरोला एज 50 प्रो का एडवांस कैमरा सिस्टम मोटो॰ढ्ढ की ताकत का इस्तेमाल करते हुए फोटो और वीडियो दोनों सेगमेंट शानदार प्रदर्शन करता है। इसका नया॰ढ्ढ फोटो एन्हांसमेंट इंजन हर शॉट के साथ परफेक्ट तस्वीरें खींचना आसान बनाता है। इस कैमरे से फोटो लेने के लिए पेशेवर विशेषज्ञता की जरूरत नहीं है। इसका कैमरा अच्छी क्वालिटी की फोटो खीचनें के लिए एक साथ कई शूटिंग मोड से सेटिंग्स के लिए॰ढ्ढ का इस्तेमाल करता है। एन्हांसमेंट इंजन फोटो में हाइलाइट्स, छाया, रंग और शानदार बोकेह इफेक्ट के लिए॰ढ्ढ का उपयोग करता है। जब भी कोई यूजर जीवन के सभी पहलुओं को चलते-चलते कैद करना चाहते हैं तो नए फीचर्स का एक सेट इसे पहले से कहीं अधिक आसान बना देता है। इन सुविधाओं में शामिल हैं: AI आधारित स्टेब्लाइजेशन जो फिल्मांकन के दौरान मोमेंटम की स्पीड तय करने के लिए AI का इस्तेमाल करता है और सबसे बेहतर नतीजे के लिए स्टेब्लाइजेशन को डाइनेमिक तरीके से एडजस्ट करता है।

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर

www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, शुक्रवार 05 अप्रैल 2024

निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने शहर की साफ सफाई का निरीक्षण किया

दुर्ग (आरएनएस)। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आज आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली व स्वास्थ्य विभाग टीम अमला के साथ शहर की साफ- सफाई का जायजा लेने के लिये अल सुबह निरन्तर निरीक्षण कर रहे है।उनके इस तरह के निरीक्षण से शहर को लाभ मिलने लगा है।गुरुवार को उन्होंने सख्ती दिखाते हुए और भी बेहतर तरीके से सफाई के निर्देश दिये।नगर निगम आयुक्त ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। स्वास्थ्य विभाग अमला फील्ड में दिखे साथ ही सुपर वाइजरो को नसीहत दी कि बारीकी से अपनी कमियां ढूढ़े और शीघ्रता से दूर करें।

संक्षिप्त समाचार

कालीमाता वार्ड में महालक्ष्मी फार्म भरने पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, पार्षद अमितेष की मौजूदगी में उमड़ी भीड़

रायपुर (विश्व परिवार)। उत्तर विधानसभा क्षेत्र के कालीमाता वार्ड में कांग्रेस द्वारा दी जाने वाली महालक्ष्मी नारी न्याय योजना का फॉर्म भरने उमड़ी भीड़. वार्ड पार्षद अमितेश भारद्वाज ने बताया कि केंद्र में कांग्रेस सरकार बनने पर निम्न परिवार के महिलाओं को प्रतिमाह 8333/रुप दी जायेगी। ज्ञात हो कि कांग्रेस शासित राज्यों में प्रतिमाह महिलाओं को स्वाल्बन बनाने उन्हें योजना अंतर्गत राशि सीधे उनके खाते में डाली जा रही हैं। यह कि लोकसभा चुनाव में रायपुर के प्रत्याशी विकास उपाध्याय को जिताने पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा जमीनी स्तर पर घर घर जाकर प्रचार प्रसार के माध्यम से समर्थन मांग रहे हैं। इस दौरान प्रमुख रूप से हरीश जग्गी, राजकुमार भारद्वाज, मोहित चावड़ा, राजेश वर्मा, अमिका तांडी, नेहा तांडी, लंकेश वर्मा, छोटू सोना, विमल वर्मा आदि अन्य कांग्रेस के कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

डोंगरगढ़ में चैत्र नवरात्रि पर गाड़ियों का अस्थायी ठहराव एवं कुछ गाड़ियों के विस्तार की सुविधा

बिलासपुर (विश्व परिवार)। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी माँ बम्लेश्वरी मंदिर, डोंगरगढ में चैत्र नवरात्रि पर्व (दिनांक 09 अप्रैल से 17 अप्रैल, 2024 तक) मेला में जाने वाले दर्शनार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये रेलवे प्रशासन द्वारा गाड़ियों का अस्थायी ठहराव एवं कुछ गाड़ियो का विस्तार की सुविधा प्रदान की जा रही है। उपरोक्त गाड़ियों के डोंगरगढ़ व रायपुर तक अस्थायी विस्तार के साथ ही साथ कुछ दूरगामी एक्सप्रेस ट्रेनों का भी डोंगरगढ़ में दिनांक 09 अप्रैल से 17 अप्रैल, 2024 तक अस्थायी ठहराव दिया जा रहा हैं जो इस प्रकार है- 08742 / 08741 गोंदिया-दुर्ग-गोंदिया मेमू पैसेजर स्पेशल को रायपुर तक विस्तारित की जा रही है। दिनांक 09 अप्रैल से 17 अप्रैल, 2024 तक डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन में ठहराव की सुविधा की गई है।

दुर्ग-छपरा-दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की स्थाई सुविधा

रायपुर (विश्व परिवार)। रेल यात्री सुविधाओ एवं भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन के द्वारा आज दिनांक 04 अप्रैल, 2024 से दुर्ग-छपरा-दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की स्थाई सुविधा प्रदान की जा रही है।

भगवान आदिनाथ जन्म कल्याणक महोत्सव रथ यात्रा सानंद सम्पन्न

भाटापारा (विश्व परिवार)। 1008 आदिनाथ पंच बलयती नवग्रह दिगंबर जैन मंदिर में भगवान आदिनाथ का जन्म कल्याणक महोत्सव रथ यात्रा महोत्सव सानंद संपन्न हुआ।

प्रतिष्ठाचार्य वास्तु विद ज्योतिषाचार्य श्री भरत जी शास्त्री इंदौर के मंगल सानिध्य में प्रात: काल 7:00 बजे भगवान का मंगल अभिषेक किया गया, उसके पश्चात कर्नाटक में सागवान लकड़ी से निर्मित नक्काशी युक्त 21 फीट ऊंचा रथ में भगवान को विराजमान किया गया।

सभी भक्तों ने जयकारा लगाकर बधाई गीत गाकर आरती कर प्रसन्नता व्यक्त की। सभी भक्तों ने रथ को खींचकर के संपूर्ण नगर भ्रमण कराया। समस्त भाटापारा में सर्वधर्म सर्व समाज ने भगवान की मंगल अगवानी कर आरती उतार प्रसाद चढ़ाकर पुष्प अर्पित कर मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया।

बाल ब्रह्मचारी ज्ञान रूपी श्री दीपक भैया जी अमरकंटक ने सभी भक्तों को तिलक लगाकर एवं रक्ष भेंट करके उन्हें श्री जी का आशीर्वाद प्रदान कराया।

भाटापारा में दिखी सर्वधर्म सद्भाव की झलक

भगवान आदिनाथ जयंती के पावन अवसर पर रथ यात्रा का पूजा अर्चना कर एवं सभी भक्तों का सम्मान कर कार्यक्रम की दी बधाई। जिसमें प्रमुख रूप से सिख समाज, वर्मा समाज, साहू समाज, अग्रवाल समाज, दादी मंदिर ट्रस्ट, सिंधी समाज, पेंशन धारी कल्याण संघ, गुप्ता समाज, कैट, चैंबर ऑफ कॉमर्स आदि अनेक संस्थाओं ने श्रीजी की अगवानी कर आरती कर श्री जी का मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया।

सभी समाजों ने भक्तों के लिए पेयजल मिठाई चॉकलेट कोल्ड ड्रिंक आदि की व्यवस्था भी की थी।

ग्रामीण अंचल से आई भजन मंडलिया

मनमोहक रथ यात्रा में भगवान के रथ के आगे ग्रामीण अंचल से आई हुई भजन मंडली कर्मा नृत्य की टीम और सुवा नृत्य की टीम भक्ति भाव से चल रही थी। कर्मा की टीम आकर्षण का केंद्र रही सभी लोगों ने खूब भक्ति की।

कार्यक्रम में पहुंचे समस्त छत्तीसगढ़ की जैन समाज

रथ यात्रा महोत्सव में सिमगा, नेवरा, रायपुर, नयापारा, राजिम, धमतरी, भिलाई, दुर्ग, राजनंदगांव, बिलासपुर, अकलतरा, कोरबा, चिरमिरी, नैला, अंबिकापुर आदि स्थानों से जैन समाज के भक्त पहुंचे। सभी ने भगवान का रथ खींच करके पुण्य अर्जन किया।

छत्तीसगढ़ सकल दिगंबर जैन समाज और मंदिर कमेटी ने किया सम्मान

छत्तीसगढ़ सकल दिगंबर जैन समाज और आदिनाथ मंदिर कमेटी ने छत्तीसगढ़ में जैन समाज के द्वारा सामाजिक राजनीतिक रचनात्मक कार्यों में दिए गए योगदान स्वरूप उनके कार्यों का आकलन कर उनका सम्मान मंच के माध्यम से किया गया।

कार्यक्रम में श्री छगन मूंदड़ा पूर्व अध्यक्ष सीएसआईडीसी, श्री संतोष वेद सीमंधर मंदिर रायपुर, श्री किशोर जैन उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ सकल दिगंबर जैन समाज, श्री रजनीश जैन राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त शिक्षक तेंदूखेड़ा जबलपुर, प्रकाश मोदी डायरेक्टर पारस टीवी चैनल, छत्तीसगढ़ सकल दिगंबर जैन समाज के मंत्री सुशील जैन नैला, उपाध्यक्ष नवीन गदिया भाटापारा श्राविका रत्न श्रीमती सुमन लता मोदी मंच पर उपस्थित रहीं।

मंदिर कमेटी द्वारा सभी भजन मंडली, जैन समाज के श्रावक एवं आमंत्रित अतिथि की भोजन प्रसाद की व्यवस्था की गई थी।

चिन्मय सागर चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया।

श्री सुभाष भट्टर अध्यक्ष चेंबर ऑफ कॉमर्स के नेतृत्व में मंदिर कमेटी ने मिलकर के ब्लड डोनेशन कैंप का शिविर कार्यक्रम स्थल पर लगाया जिसमें अनेक शिक्षकों एवं जैन समाज ने अपना ब्लड डोनेशन कर पुण्य अर्जन किया।

कार्यक्रम का सफल संचालन अभिषेक मोदी अध्यक्ष आदिनाथ मंदिर कमेटी श्री विनोद मोदी राष्ट्रीय अध्यक्ष संगीतकार संघ उपाध्यक्ष मंदिर कमेटी ने संयुक्त रूप से किया।

बिजली कंपनी में फर्जी भर्ती के नाम पर ठगी की कोशिश

रायपुर (विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी में विभिन्न पदों के लिए फर्जी भर्ती की सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी देकर ठगी करने का प्रयास कतिपय लोगों व्दारा किया जा रहा है। इसकी जानकारी होने के बाद कंपनी प्रबंधन सावधान हो गया है और लोगों को आगाह किया है कि ऐसे फर्जी विज्ञापनों पर ध्यान न दें।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री पीके कश्यप ने बताया कि कतिपय लोगों व्दारा फर्जी जानकारी देकर छात्रों को ठगने का प्रयास किया जा रहा है। पॉवर कंपनी ने इस तरह का कोई विज्ञापन जारी नहीं किया है और न ही इस तरह के पदनाम से कोई सीधी भर्ती होती है। ठगी करने वाले छत्तीसगढ़ शासन और सीएसपीडीसीएल का अधिकृत लोगो (प्रतीक चिन्ह) का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं और नियुक्ति पत्र देने के एवज में एक-एक हजार रूपए की मांग कर रहे हैं। श्री कश्यप ने सर्वसाधारण को आगाह किया है कि इस तरह के फर्जी व भ्रामक विज्ञापन के झांसे में न आएं। किसी के व्दारा इसे लेकर पैसे मांगे जाते हैं तो पुलिस में शिकायत करें। पॉवर कंपनी में सभी भर्तियां विधिवत प्रक्रिया के तरह पूरी की जाती है, जिसमें समाचार पत्रों में विज्ञापन जारी कर अधिकृत संस्था से परीक्षा लेकर की जाती है। श्री कश्यप ने बताया कि सोशल मीडिया पर छत्तीसगढ़ बिजली विभाग भर्ती के नाम से फर्जी जानकारी साझा की जा रही है, यह पूरी तरह भ्रामक है।

अज्ञात वाहन से दुर्घटना होने पर मृतक के आश्रितों को मिलेगा 2 लाख, घायलों को 50 हजार का प्रावधान

रायपुर (आरएनएस)। राज्य के अंदर अज्ञात वाहन से दुर्घटना होने पर मृतक के आश्रितों को 2 लाख तथा घायलों को 50 हजार रुपए मुआवजा दिए जाने की योजना है। इस योजना के प्रति लोगों को जागरुक करने एसएसपी संतोष सिंह ने सभी टीआई को पत्र लिखा है। सड़क यातायात और राजमार्ग मंत्रालय ने 25 फरवरी 2022 को हिट-एंड-रन वाहन दुर्घटना के पीड़ितों के मुआवजे के लिए एक नई योजना को अधिसूचित किया है. इस योजना के तहत मुआवजे की धनराशि बढ़ाने, यानी गंभीर रूप से घायल होने पर मुआवजे की राशि को 10000 रुपये से बढ़कर 50 हजार रुपये और मृत्यु होने की स्थिति में मुआवजा राशि 50 हजार रुपए से बढ़ाकर दो लाख रुपये करने का प्रावधान किया गया।

लोकसभा निर्वाचन 2024 : पीबीटी, ईडीसी से मतदान के लिए हुआ प्रशिक्षण

डाक मत के सुविधा केंद्र के लिए 16-16 दलों बनाए जाएंगे, करीब 25 सौ कर्मचारियों का पीबीटी से होगा मतदान

रायपुर (विश्व परिवार)। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत कलेक्ट्रेट परिसर के रेडक्रॉस सभाकक्ष में आज डाक मत पत्र के माध्यम से मतदान के लिए प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर डॉ. गौरव ने कहा कि डाक मत पत्र से मतदान कराना बहुत ही बड़ी जिम्मेदारी का कार्य है। मतदान दल बहुत ही सूझबूझ के साथ दायित्व का निर्वहन करें। प्रशिक्षण बेहतर तरीके से ली जाएं। साथ ही फ्लोचार्ट का पालन करते हुए कार्य करें। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि मतदान सुविधा केंद्र में बुनियादी सुविधा सुनिश्चित की गई है। मेडिकल टीम, पेयजल सहित अन्य आवश्यक चीजें उपलब्ध रहेगी। डॉ सिंह ने कहा कि मतदान दल मतदान के पश्चात

जिम्मेदारी और सावधानीपूर्वक कराएं मतदान: कलेक्टर

रजिस्ट्रर की जांच करें और मतदाताओं के हस्ताक्षर भी अवश्य कराएं।

प्रशिक्षण के दौरान संयुक्त कलेक्टर बृजेश सिंह और मास्टर ट्रेनर श्री राकेश डेढ़गवें और श्री अजीत हुर्डेत ने मतदान दलों को बताया कि सुविधा केंद्र में मतदान प्रारंभ से पहले मतपेटी को सील किया जाएं। बॉक्स पूरी तरह खाली होने के बाद की स्थिति में अच्छे तरीके से सील करें। सील करने वाले कागज, गत्ते पर वही मौजूद अभिकर्ताओं के हस्ताक्षर लें और पीठासीन अधिकारी हस्ताक्षर करें। सीलिंग की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन में करीब 11 हजार 500 कर्मचरियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। जिसमें करीब 25 सौ को सुविधा केन्द्र में डाकमत के माध्यम से मतदान कराया जाएगा। बाकि को कर्मचारियों को ईडीसी दी जाएगी। सुविधा केन्द्र, टाउन हॉल और प्रशिक्षण केन्द्र में बनाएं जाएंगे। प्रशिक्षण के समय फार्म 12 और 12(क) दिया जाएगा। जिसे भरकर कर्मचारी पीबीटी और ईडीसी के माध्यम से मतदान कर सकेंगे।

साथ ही डाक मत के महत्व, पात्रता, प्रक्रिया, प्रपत्र-12, सुविधा केंद्र, सुविधा केंद्र में मतदान पूर्व प्रक्रिया, अभिप्रमाणन, प्रपत्र-13, मतदान समापन, अनुपस्थित मतदाता के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप, अपर कलेक्टर श्रीमती निधि साहू सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

जनहित कामों में लागू नहीं होती आचार संहिता: हाईकोर्ट

रायपुर (विसं)। छत्तीसगढ़ की खराब सड़कों को लेकर दायर जनहित याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट में शासन की ओर से कहा गया कि विधानसभा की जर्जर सड़क को बनाने के लिए 22.5 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं, लेकिन आचार संहिता के चलते टेंडर जारी नहीं किया गया है।

न्याय मित्रों ने डिवीजन बेंच को बताया कि जनहित के कामों में आचार संहिता लागू नहीं होती। इसके बाद चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा और जस्टिस रवींद्र अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने टेंडर जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही एडवोकेट जनरल को पूरी प्रक्रिया पर निगरानी रखने के लिए कहा है।

चीफ जस्टिस ने नाराजगी जाहिर करते हुए महाधिवक्ता से कहा कि जब तक ये रोड ठीक नहीं होगी, आप ऐसे ही आएंगे और जाएंगे। प्रदेश भर की जर्जर सड़कों को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान न्याय मित्रों ने रेफरेंस रोड को लेकर अपनी रिपोर्ट पेश की। उन्होंने बताया कि रायपुर एयरपोर्ट तक जाने वाली सड़क पर धनेली के पास और विधानसभा मार्ग की हालत बेहद खराब है। सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे हैं। स्ट्रीट लाइट भी नहीं जल रही है। रात में हादसे की आशंका रहती है।

डी.डी.नगर जैन मंदिर में निशुल्क विशाल स्वास्थ्य मेला 7 अप्रैल को

स्त्रीरोग, हड्डी रोग, सामान्य रोगों का विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा होगा परीक्षण

निशुल्क स्वास्थ्य मेला में होगी ब्लड प्रेशर, शुगर, ई.सी.जी. जांच

रायपुर (विश्व परिवार)। जैन संप्रदाय के चैबीसवें व अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के 2623वें जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर संपूर्ण भारत सहित छत्तीसगढ़ में विभिन्न समाजोपयोगी और जनहित के कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में रायपुर में महावीर जयंती के अवसर पर होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की कड़ी में डी.डी.नगर स्थित 1008 श्री वासूपूज्य दिगंबर जैन मंदिर जी प्रांगण में रविवार 7 अप्रैल को निशुल्क विशाल स्वास्थ्य मेला प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया जा रहा है।

डी.डी. नगर स्थित भगवान श्री 1008 वासूपूज्य दिगंबर जैन मंदिर में रविवार को निशुल्क विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन दिगंबर जैन आदिश्वर महिला मंडल डी डी नगर और जैन मिलन महिला रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा है। इस शिविर में ग्लोबल स्टार हॉस्पिटल द्वारा निशुल्क विशेषज्ञ डॉक्टर्स और चिकित्सकीय स्टाफ उपलब्ध कराया जा रहा है। विशेषज्ञ डॉक्टर्स की टीम में कंसल्टेंट जनरल मेडिसिन, कंसल्टेंट जनरल एंड लेप्रोस्कोपी, कंसल्टेंट ऑब्सट्रेट्रिक्स एंड गायनी एंड इनफर्टिलिटी, कंसल्टेंट आर्थोपेडिक एंड ज्वाइंट रिप्लेसमेंट शामिल होंगे। जो कि सामान्य स्वास्थ्य जांच सहित स्त्री रोगों, अस्थि रोगों की निशुल्क जांच कर उचित परामर्श प्रदान करेंगे। इस शिविर में मरीजों का ब्लड प्रेशर, शुगर टेस्ट व ई.सी.जी. की सुविधा भी निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। आदिश्वर महिला मंडल और जैन मिलन महिला की अध्यक्ष वर्षा जैन सिंघई ने बताया कि सांप्रदायिक सदभावना के तहत् यह शिविर जैन समाज सहित समाज के सभी के वर्गों के लिए आयोजित किया गया है जिसका लाभ सभी को अवश्य उठाना चाहिए। शिविर की तैयारियों में आदिश्वर महिल मंडल की सचिव श्रृद्धा जैन, कोषाध्यक्ष वंदना जैन, प्रचार-प्रसार प्रमुख डॉ.मंजुला जैन, जैन मिलन महिला की सचिव सरिता जैन, कोषाध्यक्ष वंदना जैन, राखी जैन पवैया, डॉली जैन, अंजलि जैन, शालिनी जैन आदि सहित सभी सदस्य जुटे हुए हैं।

कांग्रेस की 5 न्याय 25 गारंटी लोकसभा चुनाव में गेमचेंजर साबित होंगे : सुशील आनंद शुक्ला

रायपुर (आरएनएस)। कांग्रेस के 5 न्याय 25 गारंटी लोकसभा चुनाव में गेमचेंजर साबित होंगे। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने देश की जनता के लिये लोकसभा चुनाव में 5 न्याय और 25 गारंटी दिया है। जनता को कांग्रेस के वादों से आशा की नई किरण दिख रही है। कांग्रेस ने कुल 5 न्याय की गारंटी दिया है। नारी न्याय, युवा न्याय, किसान न्याय, मजदूर न्याय और भागीदारी न्याय पांचो न्याय घोषित होने के बाद से ही देश के हर वर्ग के मतदाताओं में कांग्रेस के प्रति नजरिया बदला है लोगों को कांग्रेस की सरकार में अपना भविष्य दिख रहा है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस ने महिलाओं को हर साल 1 लाख और महिनें में 8333 रू देने का वादा किया है। इसके साथ ही केन्द्रीय भर्तियों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण का भी वादा कांग्रेस ने किया है कांग्रेस की इस घोषणा के बाद महिलायें मतदाताओं का ध्रुवीकरण कांग्रेस की ओर हुआ है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस ने मनरेगा मजदूरों की मजदूरी 200 से बढ़ाकर 400 करने का वादा किया है इससे देश के मजदूरों के जीवन स्तर में बदलाव आयेगा कांग्रेस की मनमोहन सरकार ने मनरेगा के तहत रोजगार को कानूनी बनाया था फिर से कांग्रेस मजदूरों के मजदूरी बढ़ाने की गारंटी दे रही है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस किसानों को उनकी ऊपज की पूरी कीमत देने को भी प्रतिबद्ध है इसीलिये कांग्रेस ने किसानों से वादा किया है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी गारंटी देगी इसके लिये संसद में कानून बनाया जायेगा साथ ही स्वामीनाथन कमेटी की सिफारिशों के अनुसार समर्थन मूल्य निर्धारण करेगी इसके साथ ही कांग्रेस ने कृषि उत्पादों को, कृषि उपकरणों को जीएसटी के दायरे से बाहर लाने का वादा किया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस की घोषणाये और वादे लोकसभा चुनाव में मोदी सरकार की विदाई का कारण बनने वाली है। जनता में कांग्रेस के वादों से उत्साह पैदा हुआ है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा- 10 सालों में मोदी सरकार ने मंहगाई और बेरोजगारी बढ़ाया

रायपुर (आरएनएस)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि 10 सालों में मोदी सरकार ने महंगाई बेरोजगारी बढ़ाया। प्रधानमंत्री बताये कि उनके दो कार्यकाल पूरा होने के बाद भी उनके 2014 के वायदों का क्या हुआ? 100 दिन में महंगाई कम करने का वादे कर क्या हुआ? किसानों की आय दुगुनी का क्या हुआ? मोदी यह बताये 10 साल के बाद भी अपने समर्थन मूल्य गारंटी के लिये भारत का किसान दिल्ली की ओर कूच कर रहा है। युवाओं को 2 करोड़ रोजगार क्यों नहीं मिला, पेट्रोल-डीजल के दाम 35 रू. क्यों नहीं हुआ? हर के खाते में 15 लाख क्यों नहीं आया? 2022 तक हर आवासहीनों के मकान के वायदे का क्या हुआ, विदेशों से काला धन लाकर हर नागरिक के खाते में 15 लाख लाने के वादे का क्या हुआ? मोदी बताये देश के महिलाओं को सुरक्षित वातावरण क्यों नहीं मिल रहा है? प्रधानमंत्री को बयानबाजी के बजाये अपने 10 साल के वादों का हिसाब जनता को दे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि मोदी सरकार ने 10 सालो में एक भी वादा पूरा नहीं किया। भाजपा ने अपने 2014 के घोषणापत्र में 25 करोड़ नौकरियां निर्मित करने का वादा किया था। 2023 में, केंद्र सरकार ने माना कि 2014 के बाद से केवल 1.2 करोड़ नौकरियां निर्मित हुई हैं। यह मूल गारंटी का बीसवां हिस्सा भी नहीं है । वर्तमान में, 25 से कम आयु के दस में से चार स्नातक बेरोजगार हैं। इंटरनेशनल लेबर ऑर्गेनाइजेशन की रिपोर्ट के अनुसार देश में कुल बेरोजगारों में से 83 परसेंट बेरोजगार युवा है। दीपक बैज ने कहा कि मोदी ने कहा था किसानों की आय दोगुनी होगी। इस लक्ष्य को 2022 तक प्राप्त करने के लिए 2015 से किसानों की आय में साल-दर-साल 10 प्रतिशत की वृद्धि की आवश्यकता थी । वास्तविक वृद्धि 3.5 प्रतिशत ही रही है। इस गति से गारंटी 2035 में ही पूरी हो सकेगी। एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार, हर दिन 30 किसान आत्महत्या करते हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि मोदी सरकार की नोटबंदी योजना नासूर साबित हुई। काले धन की वापसी, जालसाजी पर अंकुश, आतंकवाद पर लगाम, भ्रष्टाचार का अंत-सभी गारंटी फेल। बंद हुई 99 प्रतिशत करेंसी सिस्टम में लौट आई है। नोटबंदी आर्थिक-आतंकवाद से कम न थी।

चाकू व नशीली कैप्सूल के साथ दो गिरफ्तार

रायपुर (विसं)। खमतराई पुलिस ने एक्टिवा सवार दो युवकों के पास से नशीली दवाई और खुखरीनुमा चाकू जब्त किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने मुखबिर की सूचनरा पर संयासीपारा रेलवे अंडरब्रीज के पास एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 पीएफ 3450 सवार आरोपी विकाश नायक 23 वर्ष और रमेश देवदास 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

कैंसर सर्जरी
पश्चात अंगों का
पुनःनिर्माण
(जबड़ा, स्तन व अन्य)
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कांस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, प्रेमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

लोन लेने के लिए ITR बनवायें मात्र 500/- में
शेखर गुप्ता ONLYTDS.COM
ITR GST
हमारे TAX Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
G.S.T. रिटर्न Food Licence
इन्कम TAX फाईल M.S.M.E. रजिस्ट्रेशन
TDS रिफंड प्रोजेक्ट रिपोर्ट
IT नोटिस डिजिटल सिग्नेचर
9300755544, 8878655544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354